


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए: फारूक अदुल्ला.... 

इमरान खान, उनकी पत्नी और 94 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी...... 12



वर्ष : 12 | अंक : 230 | पटना, बुधवार, 04 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# न्याय व्यवस्था को समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है : मोदी

## न्याय संहिता गहरे मंथन का परिणाम, इनके केंद्र में दंड की जगह न्याय है

चंडीगढ़/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गहन विचार विमर्श और मंथन के बाद भारतीय न्याय संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में सामने आयी है और इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री यहां विशेष रूप से अयोजित एक कार्यक्रम तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित कर रहे थे। ये तीनों कानून पहली जुलाई से लागू कर दिए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है और ह्लभारतीय न्याय संहिता इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सात दशकों में न्याय व्यवस्था की चुनौतियों की समीक्षा, व्यापक विचार-विमर्श के बाद भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। हर कानून को व्यावहारिक दृष्टिकोण से परखा गया है। उन्होंने इन कानूनों के लिए उच्चतम न्यायालय और देश भर के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों का आभार भी प्रकट किया। श्री मोदी ने तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा, देश के कानून उसके नागरिकों के लिए है, इसलिए कानूनी प्रक्रिया भी नागरिक-केंद्रित होनी चाहिए। हालाँकि, पुरानी व्यवस्था में, प्रक्रिया ही सजा बन गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ समाज में, कानून सुरक्षा का साधन होना चाहिए, लेकिन आईपीसी केवल नियंत्रण के साधन के रूप में



भय पर निर्भर थी और यह अच्छा है कि अब समय बदल गया है। श्री मोदी ने कहा कि पुराने कानूनों में दिव्यांगों के लिए ऐसे-ऐसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था, जिसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमने ही पहले इस वर्ग को दिव्यांग कहना शुरू किया, उन्हें कमजोर महसूस कराने वाले शब्दों से छुटकारा दिलाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 2016 में हमने दिव्यांगजनों के अधिकार का कानून लागू करवाय लागू करवाया। उन्होंने कहा कि देश औपनिवेशक युग की सोच से बाहर निकले और अपने सामर्थ्य का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में लगाए, इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था। श्री मोदी ने कहा, इसलिए मैंने 15 अगस्त को लाल किले से गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का संकल्प देश के सामने रखा था। अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के जरिए देश ने उस दिशा में एक और मजबूत कदम उठाया है। हमारी न्याय संहिता जनता की जनता, जनता द्वारा और जनता के लिए के उस भावना को सशक्त कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार होती है। भारतीय न्याय संहिता का मूल मंत्र है- नागरिक सबसे पहले ये कानून नागरिक अधिकारों के संरक्षणकर्ता बन रहे हैं, न्याया में सरलता का आधार बन रहे हैं। पहले प्राथमिकी लिखवाना कितना मुश्किल होता था, लेकिन अब जीरो एफआईआर को भी कानूनी रूप दे दिया गया है। सरकार का मानना है कि इन नए आपराधिक कानूनों का उद्देश्य भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुधार की दिशा में बढ़ रहे हैं भारत-चीन संबंध : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत-चीन संबंध जो 2020 से असामान्य थे, अब कुछ सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। चीन के साथ भारत के संबंधों में हाल के घटनाक्रम के संबंध में लोकसभा में वक्तव्य देते हुए विदेश मंत्री ने भारत-चीन रिश्तों, विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों में हाल के घटनाक्रमों पर विस्तृत जानकारी दी। लोकसभा में बोलते हुए जयशंकर ने कहा, हमारे संबंध 2020 से असामान्य हुए, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता भंग हुई थी। हाल के घटनाक्रम, जो तब से हमारे निरंतर राजनयिक जुड़ाव को दर्शाते हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में आगे बढ़ाया है। बता दें अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीमा पर सैनिकों की वापसी को लेकर समझौता हुआ था। जयशंकर ने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के अभाव में भारत-चीन संबंध सामान्य नहीं हो सकते। शांति और सौहार्द की बहाली ही शेष संबंधों को आगे बढ़ाने का आधार होगी। विदेश मंत्री ने कहा, हम स्पष्ट हैं कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारे संबंधों के विकास के लिए एक शर्त है। आने वाले दिनों में, हम सीमा क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के साथ-साथ तनाव कम करने पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री वांग यी के साथ मेरी हाल की बैठक में, हम इस बात पर सहमत हुए कि विशेष प्रतिनिधि और विदेश सचिव स्तर के तंत्र जल्द ही बैठक करेंगे। जयशंकर ने भारत के तीन प्रमुख सिद्धांतों की पुष्टि की- एलएसी के प्रति सख्त सम्मान और उसका पालन, यथास्थिति में एकतरफा बदलाव न करना और पिछले समझौतों का पालन करना।

# सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, 33 एजेंडों पर लगी मुहर

## भूमि सर्वेक्षण : दस्तावेज जमा करने के लिए मिलेगा 6 माह का समय



**भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के पुराने नियमों में संशोधन की मंजूरी**

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कुल 33 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक मे राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के पुराने नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत भूस्वामियों को बड़ी राहत देते हुए जरूरी दस्तावेज जमा करने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। रैयतों को अब जरूरी दस्तावेज जमा करने के लिए 180 कार्य दिवस यानी 6 महीने का समय मिलेगा। संशोधित नियमों के तहत अब रैयतों को नक्शा सत्यापन के लिए 90 दिन, आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 60 दिन और आपत्तियों के निराकरण के लिए 60 दिन का समय मिलेगा। इसके अलावा अधिकार दस्तावेज के अंतिम प्रकाशन के बाद दावे करने की समय सीमा भी बढ़ाकर 90 दिन कर दी गई है। बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम 2011 (संशोधित 2013 एवं 2017) के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में खतियान एवं नक्शा तैयार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई है।20 अगस्त, 2024 तक बिहार के सभी जिलों में उदघोषणा कर दी गई थी। इसके अनुसार अब 31 मार्च, 2025 तक स्वघोषणा जमा करने की छूट दे दी गई है। भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त में स्वघोषणा के जरिए रैयत अपनी जमीन का ब्यौरा सर्वे कर्मियों के समक्ष उपलब्ध कराता है। इसमें रैयत द्वारा खरीदी गई जमीन, खतियान, वंशावली एवं बंटवारा का विवरण प्रपत्र- 2 एवं प्रपत्र 3(1) में भरकर या तो सर्वे शिविर में जमा किया जाता है या फिर भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। इन कागजातों से खानापुरी के समय अधिकार अभिलेख बनाने में सर्वे कर्मियों को मदद मिलती है।

### भूमि सर्वे में रैयत बढ़-चढ़कर लेंगे हिस्सा : मंत्री

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि भू-अभिलेखों की अनुपलब्धता की वजह से आम लोग परेशान हो रहे थे। उनके द्वारा स्वघोषणा की तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया जा रहा था जिसके मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। उम्मीद है कि इस अवधि के दौरान अपने कागजात ठीक कर लेंगे और भूमि सर्वे में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आम लोगों की सुविधा के लिए विभाग ने कई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिनका कैबिनेट द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है। किस्तवार का काम जिसमें गांवों का मानचित्र बनाया जाता है, को पूर्ण करने की समयावधि 30 कार्य दिवस से बढ़ाकर 90 कार्य दिवस की गई है। मौजा बड़ा होने पर यह निर्णय लेने का अधिकार बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिया गया है। इसी प्रकार प्रपत्र-8 में दावा/आपत्ति देने की समयावधि भी 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन कर दी गई है। खानापुरी पर्चा मिलने के बाद रैयत अपनी जमीन से संबंधित ब्यौरा से असंतुष्ट होने पर प्रपत्र-8 में सर्वे शिविर में आपत्ति दर्ज करता है। सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह तय हुआ है कि सरकारी/ लोक भूमि से संबंधित दावा/आक्षेप का निष्पादन सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी , अंचल अधिकारी, चकबंदी पदाधिकारी से अन्यून स्तर के पदाधिकारी के द्वारा नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया है कि अंतिम प्रकाशन की तिथि से 90 दिनों के भीतर कोई भी रैयत प्रपत्र-21 में एक से अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दायर कर सकेगा और 90 दिनों की समयावधि बीतने के बावजूद विलंब क्षांत कर एक बार और सुनवाई करने का निर्णय भी लिया गया है।

## उत्तर बिहार में नये शक्ति उपकेंद्र के निर्माण के लिए 454 करोड़ की मंजूरी

### उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में 42 नये शक्ति उपकेंद्र के निर्माण की योजना

- 33 केवी के प्रस्तावित 74 फीडरों के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण योजना
- विभिन्न अंचलों में 295.60 किमी, 33 केवी के नये लाइन के निर्माण की योजना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कुल 33 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में उत्तर बिहार में तीन बिजली परियोजनाओं की मंजूरी दी गई। नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्राधीन विभिन्न जिला अंतर्गत 33/11 केवी, 210 एमवीए क्षमता के कुल 42 नये शक्ति उपकेंद्र के निर्माण के लिए 454.53 करोड़ रुपये की नई योजना, 33 केवी के प्रस्तावित 74 फीडर को एसीएसआर वुल्फ कंडक्टर से आर एंड एम करने हेतु 135.67 करोड़ रुपए की नई योजना एवं विभिन्न अंचलों के अंतर्गत कुल 295.60 किमी, 33 केवी के नये लाइन के निर्माण के लिए 82.55 करोड़ रुपये की नई योजना को मंत्रपरिषद ने मंजूर कर लिया है। इसके साथ ही बिजली उपभोक्ताओं के हित में इन योजनाओं को साकार करने का रास्ता साफ हो गया है। आरडीएसएस योजना के तहत कृषि फीडरों के पृथक्करण एवं अधिक भार वाले फीडरों को विभाजित करने के लिए चलाये जा रहे लॉस रिडक्शन अवयव सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए एनबीपीडीसीएल के क्षेत्राधीन विभिन्न जिलों में 42 नये शक्ति उपकेंद्रों का निर्माण आवश्यक है। कृषि फीडरों के पृथक्करण से राज्य के किसानों को डेडिकेटेड कृषि फीडर से कृषि बिजली कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इससे किसानों को पटवन के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और किसानों के आय में वृद्धि होगी। इसलिए नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्राधीन विभिन्न जिला अंतर्गत 33/11 केवी, 210 एमवीए क्षमता के कुल 42 नये शक्ति उपकेंद्र के निर्माण के लिए 454.53 करोड़ रुपये की नई योजना तैयार की गई है।

#### फीडरों के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के लिए 135.67 करोड़

33 केवी के प्रस्तावित 74 फीडरों के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के लिए 135.67 करोड़ रुपए की नई योजना बनाई गई है। इन फीडरों के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण के पश्चात संबंधित विद्यु शक्ति उपकेंद्रों के भार वाहन क्षमता में वृद्धि होगी और आसपास के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। साथ ही इस कार्य के पूरा होने के पश्चात 33 केवी फीडरों के ब्रेक डाउन एवं एटी एंड सी लॉस में भी कमी आएगी।इसके साथ ही विभिन्न अंचलों के अंतर्गत कुल 295.60 किमी, 33 केवी के नये लाइन के निर्माण के लिए 82.55 करोड़ रुपये की नई योजना की स्वीकृत किया गया है। नये ग्रिड सब स्टेशन से पावर निकासी हेतु 33 केवी के लाइन के निर्माण होने से बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा। इन योजनाओं के संदर्भ में ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा कि बिहार में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए पहले से ही कई योजनाओं पर कार्य चल रही है। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत ये योजनाएं उत्तर बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होंगी।

# बिहार सरकार : शिक्षा विभाग ने 2025 का कैलेंडर किया जारी

पटना। शिक्षा विभाग ने सूबे के सरकारी स्कूलों में अगले साल में होने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के अनुसार महापुरुषों की जयंती पर राज्य के स्कूल बंद रहेंगे। सरकार ने 2025 के कैलेंडर में विंटर वेकेशन को भी जगह दी है। 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच स्कूल बंद रखे जाएंगे। वहीं समर वेकेशन को लेकर 2 से 21 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। रक्षाबंधन पर भी छुट्टी दी गई है। स्कूल में कुल 72 दिनों की छुट्टी होगी। वहीं ईद की छुट्टी चांद दीदार के बाद दी गई है। ईद की छुट्टी में परिवर्तन की जा सकती है।

### वेकेशन के दौरान छात्रों को होमवर्क देना अनिवार्य :

वहीं स्कूलों में वार्षिकोत्सव, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती भी निश्चित तौर पर मनाई जाएगी। इस दौरान सभी विद्यार्थी और शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है। कार्यक्रम के आयोजन के बाद स्कूलों में छुट्टी होगी। कैलेंडर में ये भी कहा गया है कि समर वेकेशन, दीपावली से छठ पूजा की छुट्टी



और विंटर वेकेशन के दौरान स्टूडेंट्स को सभी विषयों में होमवर्क दिए जाएंगे।

2025 का कैलेंडर-: गुरु गोविंद सिंह की जयंती- 6 जनवरी, मकर संक्रांति- 14 जनवरी, गणतंत्र दिवस : 26 जनवरी,बसंत पंचमी- 3 फरवरी, संत रविदास जयंती : 12 फरवरी, शब-ए-बारात : 14 फरवरी, महाशिवरात्रि- 26 फरवरी, होली- 14 से 15 मार्च, बिहार दिवस : 22 मार्च, रमजान का अंतिम जुम्मा- 28 मार्च, ईद- 31 मार्च, रामनवमी- 6 अप्रैल, महावीर जयंती- 10 अप्रैल, भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल, गुड फ्राइडे : 18 अप्रैल, वीर कुंवर सिंह जयंती- 23 अप्रैल, मई दिवस : 1 मई, जानकी नवमी- 6 मई, बुद्ध पूर्णिमा- 12 मई, गर्मी की छुट्टी- 2 से 21 जून, मुहर्रम : 6 जुलाई, अंतिम श्रावणी सोमवार : 4 अगस्त, रक्षाबंधन : 9 अगस्त, स्वतंत्रता और चेहल्लुम दिवस : 15 अगस्त, कृष्ण जन्माष्टमी : 16 अगस्त, हरि तालिका व्रत 26 अगस्त, हजरत मोहम्मद साहब जन्मदिवस : 5 सितंबर, अनंत चतुर्दशी- 6 सितंबर, जिउतिया : 15 सितंबर, दुर्गा पूजा कलश स्थापना : 22 सितंबर, दुर्गा पूजा, महात्मा गांधी जयंती 29 से 2 अक्टूबर, धनतेरस, दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज और छठ पूजा- 20 से 29 अक्टूबर, गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा- 5 नवंबर, ठंड की छुट्टी : 25 से 31 दिसंबर।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में 25 हजार से ज्यादा पदों पर हुई बहाली : मंत्री

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में 29 अक्टूबर तक मिशन मोड में 15,139 फैकल्टी पदों सहित कुल 25,777 पदों को भरा गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान और भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर द्वारा सामूहिक रूप से कुल 25,257 रिक्त पद भरे गए हैं, जिनमें से 15,047 फैकल्टी पद हैं, जिनमें 1,869 एससी, 739 एसटी, 3,089 ओबीसी और 254 दिव्यांग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बेहतर फैकल्टी को आकर्षित करने के लिए सरकार की ओर से कई बड़े प्रयास किए गए हैं। सरकार की ओर से वर्ष भर, ओपन एडवर्टाइजमेंट, सर्च कम सेलेक्शन प्रॉसेस, स्पेशल रिक्रूटमेंट ड्राइव, मिशन मोड रिक्रूटमेंट, फैकल्टी, साइंटिस्ट, पुराने छात्रों को इन्विटेशन भेजने जैसे कार्य किए गए। मंत्री ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने 2019 में केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान (रिजर्वेशन इन टीचर कैडर) अधिनियम, 2019 को अधिसूचित किया, ताकि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के व्यक्तियों की नियुक्तियों में पदों का आरक्षण प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि टीचर कैडर के तहत अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजातियों के लिए 7.5 प्रतिशत, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत रिजर्वेशन प्रदान किया गया है। भारत में 48 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं, जिनमें से 47 विश्वविद्यालय रेगुलर मोड और एक विश्वविद्यालय इग्नू डिस्टेंस लर्निंग मोड पर चलाई

# केंद्र ने राज्यों को विशेष सहायता के रूप में 50,571 करोड़ रुपये किए जारी

## 23 राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में केंद्र सरकार द्वारा दी गई ब्याज मुक्त सुविधा का उठाया लाभ

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र ने चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं में खर्च बढ़ाने के लिए अपनी पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को 50,571.42 करोड़ रुपये जारी किए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, पंजाब और तेलंगाना को छोड़कर 28 राज्यों में से 23 ने चालू वित्त वर्ष के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई ब्याज मुक्त सुविधा का लाभ उठाया। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस



सुविधा के साथ सबसे अधिक राशि 7,007.93 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश को जारी किए गए। इसके बाद मध्य प्रदेश को 5,074.94 करोड़ रुपये, बिहार को 5,408.88 करोड़ रुपये, राजस्थान को 4,552.01 करोड़ रुपये, पश्चिम बंगाल को 4,416.23 करोड़ रुपये, असम को 3,181.97 करोड़ रुपये, ओडिशा को 3,085.44 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 2,617.70 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 2,616.27 करोड़ रुपये और कर्नाटक 2,272.87 करोड़ रुपये दिए गए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट में राज्यों के लिए केंद्र की ह्यपूंजी निवेश के लिए विशेष सहायताह्न योजना के तहत 1.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन प्रदान किया है। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को केंद्र की विशेष सहायता योजना के तहत पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। इस योजना के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, जलापूर्ति, बिजली, सड़क, पुल और रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में राज्यों के हिस्से को पूरा करने के लिए भी धन मुहैया कराया गया है, ताकि इन क्षेत्रों में परियोजनाओं की गति बढ़ाई जा सके। इस योजना के कुछ हिस्से या तो सुधारों से जुड़े हैं या फिर क्षेत्र विशेष परियोजनाओं के लिए हैं। इस योजना के तहत राज्यों को राज्य सरकार के वाहनों और एंबुलेंस को स्क्रैप करने, पुराने वाहनों पर देनदारियों को माफ करने, पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए व्यक्तियों को कर रियायतें देने और स्वचालित वाहन परीक्षण सुविधाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाता है। इसके अलावा, राज्यों को शहरी नियोजन और शहरी वित्त में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में पुलिस थानों में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए आवास स्टॉक बढ़ाना है। इस योजना का एक अन्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना, मेक इन इंडिया की अवधारणा को आगे बढ़ाना और प्रत्येक राज्य में यूनिटी मॉल के निर्माण के माध्यम से ह्यएक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) की अवधारणा को बढ़ावा देना है।

# देश में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है: नड्डा

नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार राज्यसभा को बताया कि कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों का शुरूआती चरण में भी पता लगाने के उद्देश्य से देश में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है। नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने यूनिवर्सल स्क्रीनिंग की आयु सीमा को कम कर 30 वर्ष कर दिया है, ताकि बीमारियों का शुरूआती चरण में ही पता लगाया जा सके और फिर उसका उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि देया में 55 टेलीमानस सेंटर बनाये गये हैं, जहां मानसिक बीमारियों से पीड़ितों की मदद की जा रही है और उपचार में सहयोग किया जा रहा है। इन सेंटरों के माध्यम से मानसिक बीमारियों का उपचार भी किया जा रहा है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को गति देने के लिए प्रशिक्षित कामगारों की संख्या बढ़ायी जा रही है और इसके लिए डिजिटल प्रशिक्षण का काम भी किया जा रहा है। नड्डा ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सभी गर्भवती महिलाओं का कम से कम चार और अधिक से अधिक सात तरह की जांच गर्भकाल में की जाती है और आवश्यकता अनुसार चिकित्सा भी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि यह राज्य आधारित नहीं, बल्कि जनसंख्या आधारित योजना है और देश की सभी गर्भवती महिलाओं के लिए यह योजना है। इसमें शिशु के जन्म से पहले सभी आवश्यक टीके लगाये जाते हैं और इसकी पूरी जिम्मेदारी आशा कार्यकताओं की होती है। आशा कार्यकताओं को इसका प्रशिक्षण दिया जाता है और समय समय पर उन्हें अपग्रेड भी किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद के द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया गया अभियान

दानापुर। नगर के अंतर्गत जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार नेहरूपथ व सर्विस लेन में लगने वाली जाम को लेकर नगर परिषद का दूसरा दिन भी अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। दूसरे दिन तीन मैरेज हॉल समेत दर्जन भर अतिक्रमण करने वाले लोगो से 01 लाख 38 हजार रुपए दंड स्वरूप वसुल किया गया। नेहरूपथ के दक्षिण सर्विस लेन में व्याप्त अतिक्रमण को हटाने नगर परिषद की टीम मंगलवार की सुबह आईएएस कालोनी मोड़ पहुची। दल बल के साथ पहुंची टीम को देखते ही अतिक्रमण करने वाले अपने सामान समेटने में लगे। कोई ठेला लेकर भाग तो कुछ अपने सामान लेकर भागते नजर आये। कार्यापालक पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में चले अभियान में टीम ने अतिक्रमण पर जेसीबी चला। स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को हटाते हुए कई सामान भी जप्त किया। अभियान आईएएस कालोनी मोड़ से आरपीएस मोड़ तक सर्विस लेन में अतिक्रमण पर प्रशासन का हथौड़ा चला। इस दौरान नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह समेत कर्मी उपस्थित थे। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सर्विस लेन में बने तीन मैरेज हॉल से भी आर्थिक दंड वसुला गया। मंगलवार को तीन मैरेज हाल समेत अन्य अतिक्रमणकारियो से 01 लाख 38 हजार रुपए दंड स्वरूप वसुले गये। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### दानापुर में अधिवक्ता दिवस मनाया गया

दानापुर नगर अंतर्गत अधिवक्ता दिवस मनाया गया मिथिलेश यादव के अध्यक्षता में भारत देश के प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद के चित्र शैल पर पुष्पांजली समर्पित किया गया। सर्वप्रथम श्री मिथिलेश यादव पुष्प समर्पित किये। उसके बाद संघ के महासचिव राजेश्वर यादव ने डा० राजेन्द्र प्रसाद के चित्र शैल पर पुष्प समर्पित किये। साथ ही वरीय अधिवक्ता सह विशेष लोक अभियोजक सह सदस्य, अनुशासन समिति बिहार बार काउन्सिल पटना श्री शिव कुमार यादव ने डा० राजेन्द्र प्रसाद के चित्रशैल पर माल्यार्पन किया और नतमस्तक हुये। उसके बाद अधिवक्ता पुजा कुमारी, विद्या लक्ष्मी ने भी पुष्प अर्पत किये। और संघ के सभी माननीय सदस्य ने चित्रशैल पर पुष्प अर्पत किये। संघ के अध्यक्ष ने वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव और पुजा कुमारी और अन्य लोगों को माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किये। बहुत लोगो ने डा० राजेन्द्र प्रसाद के जिवनी के बारे में चर्चा किया और श्री यादव ने बताये कि डा० राजेन्द्र प्रसाद का जन्म सिवान जिला के जिरादेई नामक गांव में हुआ था और उनके पिताजी का नाम महादेव सहाय था। जो संस्कृत और फारसी के विद्वान माने जाते हैं। डा० साहब सिधे-साधे थे। लेकिन उच्च विचार के थे और राजजीतिज्ञ थे। अच्छे वकील, पत्रकार और शिक्षक भी थे। अधिवक्ता समुदाय से प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र बाबु बने।

### ऑटो पर बैठे व्यापारी का ब्लेड से बैग काट एक लाख उड़ाया

पटना सिटी, ऑटो पर यात्री के वेश में सवार अपराधियों ने मधुबनी के रहने वाले राम नारायण कारक का बैग काट लिया। उसमें रहे एक लाख रुपए उड़ा लिया। पीड़ित ने इसकी सूचना बाइपास थाना की पुलिस को दी है। ऑटो चालक की संलिप्ता से ऑटो सवार बदमाशों का गिरोह लोगों को लगातार शिकार बना रहा है। एनएच-30 एवं संपर्क पथ पर इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही हैं। मधुबनी के काटक रोड निवासी रामनारायण कारक ने बताया कि पटना सिटी की ओर आने के लिए अगमकुआं ओवरब्रिज पर एक आटो पर सवार हुए। कुछ दूरी पर एक मोटा व्यक्ति चालक के सीट के बगल में बैठ गया। ऑटो कुछ दूर बढ़ने पर चालक के बगल में बैठा मोटा व्यक्ति पीछे सट कर बैठ गया। इसी दौरान उस व्यक्ति ने चालाकी से बैग काट लिया और एक लाख रुपया निकाल लिया। ऑटो चालक बिग हॉस्पिटल के पास जबरन बहाना बना कर उतार दिया। इसके बाद चालक ऑटो लेकर वहां से फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि बताया कि व्यापार के सिलसिले में गांव से रुपए लेकर मनिहारी बाजार में खरीददारी के लिए आ रहा था। पीड़ित ने इसकी सूचना बाइपास थाना की पुलिस को दी है। 30 हजार ले बाइक सवार फरार दीदारगंज थाना क्षेत्र के एनएच-30 सोनामा बांध के समीप बाइक सवार एक व्यक्ति से बाइक पर सवार दो अपराधी बैग झपटा मार फरार हो गया। बाइक में 30 हजार रुपया नगद, मोबाइल सहित अन्य सामान था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संपतचक निवासी शाश्वत दीप ने बताया कि वह बाइक से फतुहा से पटना की ओर आ रहे थे। सोनामा के समीप एक बाइक पर सवार दो अपराधी तेजी से ओवरटेक करते कंधे पर लटका बैग झपट्टा मार कर फरार हो गया।

# दिव्यांगों को समर्पित इस अस्पताल को हरसंभव मदद : राज्यपाल

- दिव्यांगों ने कृत्रिम पैर से साइकिल, स्कूटी, मोटरसाइकिल व टेम्पो चालन का किया प्रदर्शन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पहाड़ी स्थित भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में विश्व दिव्यांगता दिवस पर कृत्रिम उपकरण वितरण समारोह का उद्घाटन करते राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि यह अस्पताल दिव्यांगों को समर्पित है। यह बिहार का पहला ऐसा केंद्र है, जहाँ दिव्यांगों को इतनी अच्छी सेवा दी जाती है। उनके द्वारा हरसंभव सहायता इस केंद्र को रहेगी। इस अवसर 20 दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण यथा कृत्रिम हाथ, पैर, कैलीपर्स आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगों के द्वारा कृत्रिम पैर से साइकिल, स्कूटी, मोटरसाइकिल एवं टेम्पो चालन का प्रदर्शन किया गया। इसे राज्यपाल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। वे इस तरह के प्रयासों से अचंभित थे। नौ दिव्यांगों को ट्राई साईकिल भी प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि एवं पीड़ित मानवता को समर्पित डॉ एसएस झा ने कहा कि यह अस्पताल दिव्यांगों के लिए एक मंदिर है, जहां पीड़ितों की पूजा की जाती है। इस दौरान डॉ एसएस झा, अस्पताल के कोषध्यक्ष अमर कसेरा, प्रबंध न्यासी विवेक माथुर, न्यासी संजय ड्रोलिया एवं श्री राजकुमार सिन्हा को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया।अस्पताल के संस्थापक महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने अस्पताल के सेवाओं का विस्तार से जिक्र किया तथा अध्यक्ष देशबंधु गुप्ता ने धन्यवान ज्ञापित किया। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी, उद्यमी एवं गण्यमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राधा रानी ग्रुप महिला ग्रुप की महिलाओं के द्वारा कम्बल और फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के महिला सदस्याओं के द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ।

## लूट की घटना का पुलिस ने किया त्वरित उद्भेदन, तीन आरोपित गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

मसौढ़ी ।पुलिस ने 22 नवंबर को वीडियोग्राफर से हुई लूटकांड का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है ।पुलिस ने तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 1लूटे गए मोबाइल मोबाइल 3700रुपये और एपल कंपनी का टैब दो मोबाइल व घटना प्रयुक्त दो पल्सर बाइक जब्त किए हैं ।मसौढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नववैभ ने आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी।आपको ज्ञात होगा कि बीते 22दिसंबर की रात वीडियोग्राफर मसौढ़ी थाना क्षेत्र सरबदही गांव निवासी उपेंद्र पासवान के पुत्र अमितेश कुमार उर्फ बादल कुमार के साथ चार अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल का भव दिखाकर, सोनी कंपनी का कैमरा कैमरा का चार बैटरी दो चार्जर एक एंड्राइडफोन व पैकेट से छह हजार रुपए की लूट हुई थी, घटित घटना के उपरांत कांड को गंभीरता पूर्वक देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पटना व नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना के निर्देश व मसौढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नववैभ के नेतृत्व में मसौढ़ी एसएचओ विजय कुमार येदुवेंदु एसआई अरविंद कुमार व सशस्त्र बल को सम्मिलित करते हुए,टीम गठित किया गया ।गठित टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज अवलोकन व तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से इस घटना में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त पाली थाना क्षेत्र के चकासन गांव निवासी वकील यादव के पुत्र सुशील कुमार लान्जो गांव निवासी बालेश्वर सिंह के पुत्र पप्पू कुमार व मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महुआ बिगहा गांव निवासी सुनील प्रसाद के पुत्र आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है ।इन सभी आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल करते हैं। पप्पू कुमार ने बताया कि 26अक्टूबर को कोड़ीहरा पुल के पास से अपने सहयोगी के साथ एपल कंपनी का टैब छीने थे,एसडीपीओ 1 नभ वैभव ने बताया लुट मामले में फरार अन्य लुटेरों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

## जलजमाव के विरोध में नागरिकों ने किया विरोध प्रदर्शन, जताया आक्रोश



- वार्ड 47 के टिंकू इलेक्ट्रिक गली व शिवशक्ति नगर चौराहा में नाला का पानी रोड पर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड 47 के टिंकू इलेक्ट्रिक गली और शिवशक्ति नगर चौराहा के नागरिकों ने बिना बरसात के साल भर जमे नाले के पानी को लेकर परेशान हैं। इसे लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व कर रहे गौतम कुमार ने कहा कि इस गली में वर्षो से गंदे नाली का पानी जमा रहता है। इससे घर के बुजर्गों, महिलाओं, बच्चे विभिन्न बीमारियों से ग्रसित रहते हैं। अनेक बार शिकायत की गई है। कभी सफाई कराई भी गई, तो कुछ दिन के बाद पूर्ववत स्थिति बन गई। आश्वाशन के सिवा कुछ नहीं मिला। पंकज पोद्दार ने बताया कि शिवशक्ति नगर के तकरीबन अधिकतर गलियों का यही हाल है। लोगों का घर से निकलना और लौटना बेहाल हो गया है। प्रियंका कुमारी ने बताया कि इस गंदे पानी से होकर जाना पैरो में चर्म रोग को दावत देने के समान है ' लोगों को कपड़े थोड़ा ऊपर कर जाना पड़ता है, जो अच्छा नही लगता। कृष्णननंदन सिंह ने बताया थक-हार कर हम सबों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है, ताकि मीडिया के माध्यम से यह खबर उच्च अधिकारियों के पास जाए। इस गली में लोग डेंगू -चिकिनगुनिया का अत्यधिक प्रकोप है। इसके विरोध में प्रियंका कुमारी, ममता कुमारी, अजय गुप्ता, सनोज कुमार आदि स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन किया।

# सदाबहार गायक मो. रफी के याद में कार्यक्रम आयोजित

**सिंफोबिया अकादमी के छात्रों ने सुनहरे गीतों से महफिल को सजाया**

प्रात: किरण, संवाददाता



पटना। बॉलीवुड के सदाबहार गायक मोहम्मद रफी द्वारा गाए गीत पर्दा है पर्दा, पूछो ना यार क्या हुआ, ये लड़का हाय अल्लाह, क्या हुआ तेरा वादा आदि गीतों से राजधानी का रविंद्र भवन सभागार गूंज रहा था। मौका था बॉलीवुड गायक मोहम्मद रफी साहब के जन्मदिन के 100 साल पूरे होने की याद में सिंफोबिया अकादमी द्वारा आयोजित सौ साल पहले कार्यक्रम का। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मोहतरमा यास्मीन, जनाब परवेज, जमील अहमद एवं अकादमी के संस्थापक ज्योति प्रकाश चक्रवर्ती के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया और अकादमी के छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्वल संगीतमय भविष्य की कामना की। इस मौके पर परवेज साहब एवं यास्मीन ने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री में रफी साहब के असामान्य योगदान को कुछ कहानियों के तौर पर सबके सामने रखा। रफी साहब के जन्मदिन के 100 साल पूरे होने के अवसर पर सिंफोबिया अकादमी के मैनेजमेंट, मेंटर्स और छात्र उनके गाए हुए सुनहरे गीतों से इस महफिल को सजाया। इस अवसर पर अकादमी के फाउंडर, स्टूडेंट अनिकेत और स्वप्नदीप समेत लगभग सभी छात्रों ने संगीत की प्रस्तुति दी। साथ ही इस अवसर पर एक 4 वर्षीय छात्रा नम्रता और 5 वर्षीय राजोन्या चक्रवर्ती ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रशासनिक निर्देशिका तान्या सौम्यदीप चक्रवर्ती ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद दिया।

## कमांडेंट ब्रिगेडियर केडी जसपाल ने प्रभावशाली परेड का निरीक्षण किया

प्रात: किरण, संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत बिहार रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर केडी जसपाल ने प्रभावशाली परेड का निरीक्षण किया और बहुत कठिन प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद उच्च मानक हासिल करने के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, समीक्षा अधिकारी ने इन नवोदित सैनिकों को ह्यतिरंगेह्न के प्रति अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखने और मातृभूमि की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ने का आह्वान किया। इन अग्निवीरों के चेहरों पर गर्व और आत्मविश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति इस बात का स्पष्ट प्रमाण थी कि राष्ट्र सुरक्षित हाथों में है। अग्निवीरों के गौरवान्वित माता-पिता और परेड देखने वाले कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित सभी दर्शक उनकी स्मार्ट उपस्थिति और शानदार ड्रिल से पूरी तरह प्रभावित हुए। कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्र और सेना के समर्थन में उनके प्रयासों के लिए सम्मान और मान्यता के प्रतीक के रूप में सभी अग्निवीरों के माता-पिता को गौरव पदक प्रदान किया गया।

## 600 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना का कीमत घोषित करे सरकार : बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा

प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। गन्ना के दामों में मात्र10 रु की वृद्धि किसानों के साथ विश्वासघात 600 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना का कीमत घोषित करो। गन्ना उत्पादकों के कन्वेंशन में सरकार के खिलाफ होगी संघर्ष का शंखनाद। आसमान छूती महंगाई से गन्ना के उत्पादन लागत में बेशुमार वृद्धि हुई है। फिर भी वर्ष 2024-25 में नीतीश सरकार ने गन्ना मूल्य में महज 10 रु प्रति क्विंटल की वृद्धि किया ।कृषि प्रधान बिहार में गन्ना उत्पादकों के साथ यह घोर अन्याय है। सरकार लगातार किसानों की घोर उपेक्षा कर रही है ।लगता है कि नीतीश सरकार ने चीनी मिल मालिकों के समक्ष घुटना टेक दी है। बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा के संयोजक अशोक प्रसाद सिंह,सह संयोजक डॉक्टर आनंद किशोर,गन्ना किसानों के नेता राघव मिश्रा,धर्मेंद्र कुमार,रामबालक महतो, जय प्रकाश राय,जलंधर यदुवंशी एवं मो नुरुल हक उर्फ भोला ने संयुक्त ब्यान प्रसारित कर किसानों के साथ सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार की घोर निंदा की। गन्ने के उत्पादन लागत और घोषित मूल्य की समीक्षा कर गन्ना किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए स्वामीनाथन कमीशन की अनुशंसा के अनुसार उ-2+ 50% के आधार पर गन्ना का मूल्य निर्धारित हो ।इसके लिए सरकार सीधा हस्तक्षेप करें। गन्ने का उत्पादन लागत 600 रु प्रति क्विंटल होता है। इतना तो कम से कम गन्ना उत्पादकों को मिलना ही चाहिए। विदित हो कि हमारे पंजाब के किसानों को प्रति क्विंटल गणना का मूल्य 401 रु मिल रहा है,जबकि सुशासन बाबू के राज में बिहार के किसानों की हकमारी हो रही है ।यहाँ मात्र 10 रु की वृद्धि कर 365 रु, 345 रु तथा 310 रुपया भुगतान कर किसानों को लुटने की सरकार ने छुट दे दी है। संयुक्त किसान मोर्चा तथा बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने अपनी बैठकों में भी मुख्यमंत्री से 600 रु प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित करने की पूर्व से मांग कर रही है। जहां तक उत्पादन लागत की बात है,तो मूल्य निर्धारण में कालाबाजारी से मंहगें दामों पर खाद एवं कीटनाशकों को खरीदना,महंगी जुताई, मंहगा मजदूरी एवं मंहगें सिंचाई के कारण लागत मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि की सरकार ने अनदेखी की है। सरकार का किसानों के प्रति न्याय अखबारों में ही नहीं सर जमीन पर भी दिखे। इसके लिए सरकार को पहल करना चाहिए ।गन्ना किसानों को लाभकारी कीमत मिले। बगहा, नरकटियागंज,हरी नगर,लौरिया,मझौलिया, सुगौली, गोपालगंज,सिधवलिया,रीगा और हसनपुर चीनी मिल क्षेत्र के किसान सरकार की इस घोषणा से आक्रोशित है ।बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा उन्हें संगठित कर संयुक्त कन्वेंशन आयोजित करेंगे ।कन्वेंशन में आन्दोलन की योजना बना कर पूरे बिहार में संघर्ष का बिगुल बजेगा। हम लड़ेंगे! हम जीतेंगे।

## बिहार रेजीमेंट केंद्र ने अग्निवीरों 686 को किया देश को समर्पित

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुरः 3 तारीख को दानापुर स्थित बिहार रेजीमेंट केंद्र में राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण रहा जबअग्निपथ योजना के तहत बिहार रेजिमेंट के 686 युवा और साहसी अग्निवीरों वाले चौथे बैच ने अंतिम पासिंग आउट परेड के लिए एक साथ मार्च किया। भारतीय सेना के इन बहादुर और भावी सैनिकों ने 31 सप्ताह का कठोर सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस बैच ने ह्यतिरंगेह्न के सामने गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और बाइबिल के पवित्र ग्रंथों पर हाथ रखकर हर कीमत पर राष्ट्र की रक्षा करने की शपथ ली। राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने और सैन्य युद्ध के सभी पहलुओं में विशेषज्ञता हासिल करने की शपथ लेने के बाद, बिहार रेजिमेंट के ये अग्निवीर अपनी योग्यता साबित करने के लिए अपनी अपनी यूनिटों में तैनात होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के खिलाफ सुल्तानगंज में दिया गया धरना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मेवा साव लेन चौराहा पर ऑल इंडिया तंजीम ए इंसाफ के तत्वावधान में प्रीपेड विद्युत मीटर के खिलाफ एवं विद्युत विभाग पदाधिकारी और अभियंता के द्वारा विद्युत उपभोक्ता पर जुल्म, अत्याचार एवं झूठा मुकदमा में फंसाने के विरुद्ध एकदिवसीय धरना दिया गया। मंगलवार को हुए धरना की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बसी अख्तर और संचालन समाजसेवी गुलाम सरवर ने किया ।धरना को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद एवं जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मेहता ने कहा कि मोर्चा पिछले चार वर्षों से प्रीपेड विद्युत मीटर के खिलाफ लगातार पटना में चौक-चौराहे पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध करता रहा है। यही कारण है कि जन संघर्ष मोर्चा के साथियों एवं विद्युत उपभोक्ताओं को टारगेट कर प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने के नाम पर झूठा मुकदमा में फंसाने का काम किया जा रहा है। श्री मेहता ने सरकार से मांग की कि सरकार प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने के नाम पर बिहार में जितने भी झूठे मुकदमे किए हैं या उस पर आर्थिक दंड लगाने का काम किया है, सरकार इसे अविलंब वापस ले। साथ ही 300 यूनिट बिजली निःशुल्क देने का मांग भी करता रहा है। बिहार के सभी विपक्षी पार्टी राजद, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, माले इत्यादि दल के नेताओं ने विधानसभा के अंदर एवं बाहर विरोध जताने का काम किया है, लेकिन बिहार की गूंगी-बहरी सरकार को विद्युत उपभोक्ताओं का दर्द न दिखाई पड़ रहा है और न सुनाई दे रहा है। प्रीपेड विद्युत मीटर के विरोध में विपक्षी दलों ने जल्द ही बिहार बंद की घोषणा करने जा रही है। धरना पर बैठने वालों में पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, पटना जिला के सचिव विश्वजीत कुमार, राजद शिल्प कला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश पंडित, मोहम्मद जावेद, देवरतन प्रसाद, मनन अंसारी, अरशद अली, मंसूर आलम, अमोद कुमार, अब्दुल शकुर, अंजुम आलम, शाहिद हसीन आलम, मो कैसर, शौकत अली, शंभू प्रसाद, मो शहजाद, उद्यन राय आदि थे।

## उत्पाद की टीम ने छापेमारी कर तीन को शराब के साथ किया गिरफ्तार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने छोटी पहाड़ी लोहा फैक्ट्री, मैकडॉवेल गोलंबर राजेंद्र नगर और फुलवारीशरीफ के छेदी टोला में छापेमारी कर विदेशी शराब बरामद किया है। इस मामले में एक ऑटो और एक चार पहिया वाहन, जिस पर जिला प्रशासन बिहार सरकार लिखा था, को जब्त किया गया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह जानकारी उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि छोटी पहाड़ी लोहा फैक्ट्री के पास एक ऑटो में स्पिरिट ले जाने की सूचना मिली। इसके बाद उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में एएसआई भरत झा, सिपाही शशि ऋषि व अभिजीत कुमार के नेतृत्व में टीम को भेजा गया। इस दौरान एक ऑटो, जिस पर बीआर 01जीएम 1582 लिखा था, को रोका गया। उस पर एक बड़ा ड्रम में स्प्रिट रखा था। उसकी मात्रा करीब 200 लीटर थी। इस संबंध में ऑटो चालक मारूफगंज का रहने वाला राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार मैकडॉनल्ड गोलंबर राजेंद्र नगर के पास एक फोर व्हीलर पर जिला प्रशासन बिहार सरकार का बोर्ड लगा हुआ था। सूचना मिली कि उससे शराब ढोया जा रहा है। यहां भी उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की गई। उक्त वाहन, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 01पीबी 5071 लिखा था, पर से 342 पीस बीयर और 32 पीस रम कुल 356 पीस यानी 186 लीटर शराब बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब डेढ़ से दो लाख रुपये आंकी की गई है। इसी तरह से उत्पाद के दारोगा पूजा गुप्ता, अफसर अली और सिपाही उत्तम कुमार के द्वारा फुलवारीशरीफ के छेदी टोला में एक मकान के पीछे छापेमारी की गई। यहां से 131 पीस टेट्रा पैक शराब जब्त किया गया। यहां से सत्येंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। हालांकि घर के पीछे शराब रखा हुआ था। इस कारण से मकान को सील नहीं किया जा सका।

## आज से तख्तश्री पटना साहिब में कीर्तन समागम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज का शहादत पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए पंजाब से अखंड कीर्तनी जत्था के तख्त साहिब पहुंचने का दौर जारी है। बुधवार चार दिसंबर को तख्त साहिब में कीर्तन समागम होगा। इसकी तैयारी में जुटे स्थानीय संगत में तेजेंद्र सिंह बग्गा एवं रणजीत सिंह ने बताया कि अखंड कीर्तनी जत्था की ओर से चार दिसंबर से तख्त साहिब, बाललीला गुरुद्वारा और चितकोहरा गुरुद्वारा और कंगन घाट गुरुद्वारा में कीर्तन समागम होगा, जबकि शहीदी पर्व पर छह को विशेष दीवान सजेगा। जत्था की ओर से सात दिसंबर को रैन सवाई कीर्तन किया जाएगा। प्रबंधक कमेटी और स्थानीय संगत शहीदी पर्व की तैयारियों को मूर्तरूप देने में जुटा है। तख्त साहिब में गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस पर रखा गया अखंड पाठ दूसरे दिन भी चला। बुधवार को अखंड पाठ का समापन होगा।

## देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए आरएमआरआईएमएस का योगदान : डॉ के पांडेय


पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आईसीएमआर-आरएमआरआईएमएस परिसर, अगमकुआं में संस्थान ने मंगलवार को 61वां स्थापना दिवस और भारत के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती मनाई। समारोह की शुरूआत सम्मान के रूप में डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद सरस्वती वंदना पेश किया गया। आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने सभी गण्यमान्य व्यक्तियों और अतिथियों का इस समारोह में स्वागत किया। उन्होंने स्वागत भाषण में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की उच्च सोच के साथ सरल जीवन व मिश्रित शैली के बारे में जानकारी दी। साथ ही भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए आरएमआरआईएमएस के प्रमुख योगदानों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि डीएचआर के पूर्व सचिव एवं महानिदेशक, आईसीएमआर, नई दिल्ली डॉ मोहन कटोच को चिकित्सा अनुसंधान और सार्वजनिक स्वास्थ्य में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित डॉ राजेंद्र प्रसाद ओरेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।समारोह के विशिष्ट अतिथि आईजीआईएमएस, पटना के निदेशक (डॉ) बिंदे कुमार और विशेष आमंत्रित आईसीएमआर-एनजेआईएल- ओएमडी, आगरा के पूर्व निदेशक डॉ किरण कटोच ने देश की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में आरएमआरआईएमएस जैसे संस्थानों की भूमिका पर अपने दृष्टिकोण को साझा किए। पिछले कुछ दिनों से संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों के बीच विभिन्न खेल/इनडोर खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। पुरस्कार वितरण के माध्यम से सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रोत्साहित किया गया। समारोह में सांस्कृतिक आयाम को जोड़ते हुए आरएमआरआईएमएस के कर्मचारियों और छात्रों ने एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। यह संस्थान की एकता और रचनात्मकता की भावना को दशार्ता है।

सचिव-डीएचआर और महानिदेशक-आईसीएमआर, नई दिल्ली डॉ राजीव बहल ने वर्चुअल माध्यम से संस्थान को शुभकामना देते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक-एफ डॉ वहाब अली ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए गण्यमान्य व्यक्तियों, कर्मचारियों और जनता सहित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वैज्ञानिक-सी डॉ यश पॉल शर्मा ने मंच का संचालन किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## सीबीआई ने अपने पूर्व निदेशक विजय शंकर के निधन पर शोक प्रकट की

प्रात :किरण संवाददाता



श्री विजय शंकर, पूर्व निदेशक सीबीआई

पटना। सीबीआई को अपने पूर्व निदेशक विजय शंकर के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है। सीबीआई, शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने के साथ ईश्वर से प्रार्थना करती है कि वह शोक संतप्त परिवार को इस शोक की घड़ी में दुख को सहने की शक्ति व धैर्य प्रदान करें। प्रवीण सूद, निदेशक, सीबीआई ने इस गहन दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति संपूर्ण सीबीआई परिवार की हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ह्न सीबीआई के साथ-साथ पूरी मानवता के लिए असाधारण सेवा प्रदान करने हेतु उन्हें याद किया जाएगा, क्योंकि उनकी स्वयं की इच्छा के अनुसार, श्री विजय शंकर के परिवार ने उनके मृतक शरीर को एम्स में चिकित्सा अनुसंधान हेतु दान कर दिया है। विजय शंकर उत्तर प्रदेश कैडर के 1969 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। वे 12.12.2005 से 31.07.2008 तक सीबीआई के निदेशक रहे। उन्होंने सीबीआई में अपर निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी।

## अपराध की घटना को अंजाम देने के पूर्व खड़ा कुआं से दो गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना की पुलिस ने घटना को अंजाम देने के पूर्व माखनपुर ईदगाह रोड से दो अपराधकर्मियों को दबोच लिया। उन दोनों के पास से दो देसी कट्टा, तीन गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। यह जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने दी। बताया गया कि मखनपुर ईदगाह खड़ाकुआं के पास दो अपराधकर्मी अवैध हथियार लिए खड़ा है। वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की जुगत में है। मिली सूचना के आधार पर इसे सत्यापन करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई और वहां से दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में इसी थाना क्षेत्र के गायघाट खड़ाकुआं का रहने वाला राहुल कुमार पांडेय उर्फ गोलू पांडेय पिता शंकर पांडेय और खाजेकलां थाना क्षेत्र के नौजर कटरा दीवान मोहल्ला का रहने वाला दीपक कुमार केसरी उर्फ सोनू केसरी पिता मोहनलाल केसरी है।

# दो पर्यटन स्थलों के विकास के लिए 148 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

## मत्स्यगंधा झील के विकास के लिए 98 करोड़ 65 लाख स्वीकृत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। कैबिनेट ने 33 एजेंडों पर मुहर लगाई है। राज्य सरकारने प्रदेश में अन्य क्षेत्रों में विकास के साथ साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी विकास को लेकर लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में अब बिहार के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों का विकास अब वैश्विक स्तर पर किया जाना है। दोनों पर्यटन स्थलों के विकास के लिए नीतीश कैबिनेट ने करोड़ों की राशि को मंजूरी दे दी है। इसके तहत सहरसा का मत्यस्यगंधा झील और कैमूर जिला का करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब का विकास किया जाएगा। सहरसा जिला अंतर्गत मत्स्यगंधा झील और उसके पास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए 98 करोड़ 65 लाख 79 हजार 300 रुपये की स्वीकृति मिली है। बिहार में सहरसा जिलान्तर्गत मत्स्यगंधा झील एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है। यहाँ अधिक संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पर्यटकीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इस झील के आस पास के क्षेत्र का विकास किया जाना अतिआवश्यक है, जिससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी एवं सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं उद्यम की संभावनाएं भी सृजित होगी। वहीं, कैमूर जिला अंतर्गत करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के विकास के लिए 49 करोड़ 73 लाख 33 हजार 440 रुपये की राशि को मंजूरी मिली है। इसके पहले भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 2024-25 के लिए बिहार को विशेष सहायता के अंतर्गत दो पर्यटन केंद्रों के विकास योजना को मंजूरी भी दी थी।

### कंकड़बाग में बनेगा सुपर स्पेशलिटी ऑख हॉस्पिटल

पटना के कंकड़बाग मैं शंकर नेत्रालय को जमीन दे दी गई है। यहां पर सुपर स्पेशलिटी ऑख हॉस्पिटल बनेगा यहां गरीब लोगों का इलाज होगा। प्रधानमंत्री ावास योजना के अंतर्गत संविदा पर आधारित नियोजित कर्मियों के वेतन का रास्ता साफ हो गया है। सहरसा में पर्यटन के विकास के लिए 98 करोड रुपए की मंजूरी मिली है। विशेष सर्वेक्षण बंदोबस्ती सर्वे के नियमावली में संशोधन कर दिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत पंप ऑपरेटर के 493 पदों का सृजन कर दिया है। आयुर्वेदिक होम्योपैथिक अस्पताल में भोजन की व्यवस्था जीवका दीदी के द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बिहार उपचार्य शिक्षक संवर्ग नियमावली 2024 को मंजूरी दे दी गई है। बिहार परिचारिका संपर्क नियमावली 2024 को मंजूरी दे दी गई है।

### अन्य फैसले :

गर्दनीबाग में मंत्री आवास परिषद में और भी आवास बनाए जाएंगे इसको लेकर मंजूरी दी गई है। वित्त विभाग के अंतर्गत बिहार वित्त संशोधन नियमावली 2024 को मंजूरी मिली है। सूचना जनसंपर्क विभाग के जनसंपर्क एजेंसी का चयन को लेकर निविदा आमंत्रित करने को मंजूरी दी गई है। सूचना जनसंपर्क विभाग में सोशल मीडिया एजेंसी का चयन करने को लेकर निविदा का मंजूरी दी गई है। जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय के अंतर्गत कई पदों का सृजन किया गया। समान्य प्रशासन विभाग के बिहार लोक परीक्षा अनुचित नियमावली के प्रारूप को स्वीकृति दे दी गई है अब बिहार में परीक्षा में कदाचार करना माफियाओं को भारी पड़ेगा।

# सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने मधेपुरा के एडीएम शिशिर कुमार द्वारा बीपी मंडल इंदौर स्टेडियम, मधेपुरा में बैंडमिंटन खेलने के दौरान खिलाड़ियों को अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दौड़ा दौड़ा कर पीटे जाने की घटना का घोर निंदा करते हुए कहा कि दो दिन बीत जाने के बावजूद मधेपुरा एडीएम पर सरकार के तरफ से अभी तक किसी भी तरह का कोई कार्रवाई नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि राज्य में अफसरशाही चरम पर है। शासन का खौफ अधिकारियों और अपराधियों के मन से खत्म हो चुका है। बिहार में नीतीश सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है। राज्य की जनता भगवान भरोसे है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने महागठबंधन की सरकार में 17 महीनों के अल्प सेवाकाल में राज्य में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए अलग से खेल विभाग बनाया,प्रथम बार बिहार में नयी खेल नीति अन्तर्गत मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत युवाओं को नौकरी दी गई। विभिन्न विभागों में 5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली। राज्य की जनता से जुड़े अनेकों विकासोन्मुख कार्य हुए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि महागठबंधन की सरकार जाते ही राज्य की सारी व्यवस्था बेपटरी हो गई। राज्य की जनता का सरकार से मोह भंग हो गया है।

# मुख्यमंत्री ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें किया नमन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती के अवसर पर राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वदेशी कंबल आश्रम में चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। राजेन्द्र चौक से राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट समाधि स्थल पहुँचकर देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

# नेता प्रतिपक्ष को राघोपुर के जनता की चिंता नहीं : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि सामाजिक न्याय के स्वघोषित मसीहा तेजस्वी यादव जी बिहार के जनता की क्या चिंता करेंगे जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के जनता की चिंता ही नहीं है। सिर्फ विधानसभा चुनाव के वक्त अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर की याद आती है। श्री तेजस्वी यादव जी बाकी समय राघोपुर की जनता को भगवान भरोसे छोड़ देते हैं। एनडीए सरकार पर उंगली उठाने से पहले जरा अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर में क्या-क्या कार्य अपने विकास निधि से क्षेत्र का किया है और बिहार के उपमुख्यमंत्री रहते हुए अपने विधान सभा क्षेत्र राघोपुर के विकास में आपका क्या योगदान है जरा बतलाने की कृपा करें। श्री अरविन्द ने कहा कि जरा बतलाने की कृपा करें कि राघोपुर में कितने सड़के बनाई कितने मेडिकल कॉलेज,अस्पताल खोले, कितने विद्यालय कॉलेज राघोपुर में खोलने का काम तेजस्वी यादव जी ने किया है। कितना राघोपुर की जनता के दुखों को दूर करने का आपने काम किया है उनके पीड़ा के समय में उनके साथ खड़ा रहने का काम किया है। सिर्फ विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने से और झूठ बोलने से काम नहीं चलता है नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जनता के बीच में रहकर काम करना पड़ता है। उसे हकीकत में एनडीए सरकार के जैसा बिहार में हो रहे विकास कार्यों के मजबूत इच्छा शक्ति को विकसित करके जमीन पर उतारना पड़ता है।

# तेजस्वी की यात्रा का कोई असर नहीं पड़ेगा : उमेश

## बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की यात्रा का पहले भी कोई असर नहीं पड़ा था, आगे भी इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। लोकसभा चुनाव में सिर्फ चार सीटों पर सिमटने के बाद विधानसभा उपचुनाव में भी सभी चार सीटों पर चारों खाने चित्त होना इस बात का प्रमाण है कि तेजस्वी यादव की यात्रा पूरी तरह से बेअसर है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव की झूठ फैलाओ यात्रा के सहारे राजद अपना चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है लेकिन सूबे के मतदाताओं को हकीकत समझ आ गया है। लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में जनता ने एनडीए गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देकर यह बता है दिया कि नकारात्मक राजनीति करने वालों को कभी कामयाबी नहीं मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अगर यात्रा पर जाना ही है तो अपने माता-पिता के कार्यकाल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा लेकर जाएं और जनता को अपने 15 सालों का काम भी गिनवाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में हुए कामों का झूठा श्रेय बटोरने से उन्हें कोई फायदा नहीं होने वाला है। बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है और अब बच्चा-बच्चा भी हरेक सच को समझता है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव जिस भी क्षेत्र में यात्रा के लिये जाएंगे वहाँ की चमचमाती सड़के, निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति और निर्भीक होकर साइकिल से स्कूल जाती बेटियाँ नीतीश सरकार के सुशासन का बखान करेगा लेकिन इसके लिए उन्हें पहले राजनीति का चश्मा उतारना होगा।

# बिहार में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना/दिल्ली। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। औद्योगिक विकास की गति तेज करने के लिए अनेक बड़े फैसले लिए गए है, जिससे सीमेंट, इथेनॉल, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, चमड़ा उद्योग, ऑक्सीजन प्लांट्स समेत अनेक उद्योगों का राज्य में जाल बिछाया जा रहा है जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने विपक्ष विशेषकर राजद द्वारा बार बार बिहार में सुई की फैक्ट्री तक नहीं लगने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि श्री तेजस्वी यादव 1990 से 2005 तक के श्री लालू प्रसाद के कार्यकाल में कितने उद्योग लगे का खुलासा करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग, अति पिछड़े अल्पसंख्यक एवं युवाओं के लिए अनेक उद्यमी योजनाएं संचालित की हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जा रहे हैं। बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के माध्यम से 2017 से चल रही स्टार्टअप नीति में अनेक परिवर्तन कर युवाओं को वित्तीय सहायता, इनक्यूबेशन सेंटर्स, फंडिंग, प्रचार प्रसार एवं प्रमाणीकरण का लाभ देकर उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि इथेनॉल उत्पादन के लिए इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2021 निर्धारित की गई है जिससे पूरे राज्य में इथेनॉल उत्पादन की नौ इकाइयों को प्रोत्साहन मिल रहा है। पिछले उन्नीस वर्षों में लगातार आधारभूत संरचना, बिजली की उपलब्धता, विधि एवं व्यवस्था एवं औद्योगिक नीति पर राज्य सरकार ने कार्य कर निवेशकों को आकर्षित किया है और लगातार अनेक बड़े औद्योगिक घरानों ने उद्योग स्थापित किए हैं। साथ ही बंद पड़ी चीनी मिलों, जूट मिल, पेपर मिल एवं सीमेंट उद्योग को पुनः चालू किया गया। जाति आधारित गणना के आधार पर 94 लाख परिवारों के एक एक सदस्य को लघु उद्यमी योजना के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन है एवं चयन प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत रेंडमाइजेशन पद्धति से किया जाएगा। इसमें हर वर्ग के लिए समानुपातिक आधार पर चयन किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को तीन किश्तों में दो लाख रुपये तक की अधिकतम राशि दी जायेगी।

# भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मना प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

- लोगों ने की प्रदेश अध्यक्ष के शतायु और स्वस्थ होने की कामना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल का जन्मदिन कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में केक काटा गया और मिठाईयां बांटी गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का 61 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय के सामने कार्यकताओं द्वारा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल को जन्मदिन की बधाई देने वाले बड़े बड़े पोस्टर लगाए गए। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। नेताओं और कार्यकताओं ने इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. जायसवाल के लंबी उम्र और ताउम्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यकताओं ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का आज जन्मदिन है। इस खुशी के मौके पर हम सभी कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं। इस मौके पर राधामोहन शर्मा, सुरेंद्र तिवारी, प्रेम रंजन पटेल, सुरेश रूंगटा, मृत्युंजय झा, ज्ञान ओझा, राजीव रंजन, दिलीप मिश्रा, विनोद शर्मा, योगेंद्र कुमार, शशिकांत ओझा सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी, महिला मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राजेन्द्र बाबू के जन्मदिवस को मेधा दिवस घोषित करे सरकार : आर के सिन्हा



पटना/जीरादेई। पूर्व सांसद डॉ आर के सिन्हा ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिवस 3 दिसंबर को सरकार मेधा दिवस घोषित करे क्योंकि राजेन्द्र बाबू दुनिया के ऐसे अकेले व्यक्ति थे जिनके बारे में उनके परीक्षक ने उनकी उत्तर पुस्तिका में लिखा कि परीक्षार्थी परीक्षक से ज्यादा योग्य है। डॉ सिन्हा आज यहां डॉ राजेन्द्र प्रसाद के 104 वें जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद निकटवर्ती गांव भरथुई में विशाल जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश जीरादेई में राजेन्द्र बाबू की 108 फीट ऊंची प्रतिमा के निर्माण की है।इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। साथ ही पुस्तकालय एवं वचनालय का निर्माण किया जायेगा। डॉ सिन्हा ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। जरूरत नई पीढ़ी को उनके जीवन से परिचित कराने की है।मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाने वाले राजेन्द्र बाबू ही थे। इस अवसर पर डॉ सिन्हा ने राजेन्द्र बाबू से जुड़े कई संस्मरण लोगों को सुनाए। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी की उद्घोघोषिता श्वेता सुरभि ने किया। इससे पूर्व सिवान तीतीर स्तूप बौद्ध विकास मिशन के संस्थापक सह शोधार्थी कृष्ण कुमार सिंह ने डॉ सिन्हा को भगवान बुद्ध के जीवन काल से संबंधित पुस्तक प्राचीन कुसीनारा : एक अध्ययन पुस्तक भेंट किया। कार्यक्रम में महराज बाल मुकुंद, अरविन्द सिन्हा, दुर्गा प्रसाद पांडेय, बलिन्द्र सिंह, रामेश्वर सिंह, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अनुरंजन श्रीवास्तव, राहुल कुदेशिया और वरिष्ठ पत्रकार राधा रमण समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# साहित्य सम्मेलन के नियुक्त हिन्दी प्रचारक थे देशरत्न

- कवि राकेश कुमार वर्मा के काव्य-संग्रह संलाप का हुआ लोकार्पण

## उत्तर-दक्षिण की सेतु थीं मिथिलेश कुमारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापकों में से प्रमुख तो थे ही, सम्मेलन के अध्यक्ष भी रहे और गौरव की बात यह है कि वे सम्मेलन के एक नियुक्त ह्यहिन्दी-प्रचारकह्न भी थे। दक्षिण-भारत के अनेक प्रांतों में उन्होंने हिन्दी का प्रचार किया। हिन्दी-सेवा उनके लिए राष्ट्र-सेवा थी। यह बातें देशरत्न की जयंती पर हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के बाद देशरत्न ही भारत के प्रतिनिधि नेता थे। जयंती पर बहुभाषाविद् विदुषी डा मिथिलेश कुमारी मिश्र को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि मिथिलेश भाषा के स्तर पर उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली एक दिव्य-सेतु थीं। उन्हें संस्कृत के साथ तमिल, तेलगू, कन्नड़ आदि अनेक दक्षिण भारतीय भाषाओं का विशद ज्ञान था। दक्षिण में हिन्दी के प्रचार और प्रसार में उनका अतुल्य योगदान रहा है। दक्षिण भारत में उनकी लोकप्रियता और प्रतिष्ठा उत्तर की तुलना में बहुत अधिक थी। समारोह का उद्घाटन करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी ने कहा कि राजेन्द्र बाबू अद्भुत मेधा के महापुरुष थे। उनमे भारतीयता कूटकूट कर भरी हुई थी। राजेन्द्र बाबू का जीवन अनुकरणीय और प्रेरणास्पद है। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल ने युवा कवि राकेश कुमार वर्मा के काव्य-संग्रह संलाप का लोकार्पण किया और कवि को अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की। सम्मेलन के ९२ वर्षीय प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय ने देशरत्न को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया और कहा कि राजेन्द्र बाबू को जो सम्मान देश के अन्य प्रांतों ने दिया वह बिहार से नहीं मिला। उनकी जयंती को मेधा-दिवस घोषित किया जाना चाहिए। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह, डा मधु वर्मा, श्री रघुपति, डा रत्नेश्वर सिंह, वरिष्ठ कवयित्री किरण सिंह, डा पूनम आनन्द, डा ललिता यादव, डा मुकेश कुमार ओझा, डा अशोक प्रियदर्शी, श्रद्धा कुमारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरम्भ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। जबलपुर से पधारी वरिष्ठ कवयित्री डा अरुण पाण्डेय, जयपुर से पधारे कवि राव शिवराज पाल सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। वरिष्ठ लेखिका विभारानी श्रीवास्तव, डा पंकज कुमार सिंह, उर्मिला नारायण, नरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अविनय काशीनाथ पाण्डेय, डा चंद्र शेखर आजाद, प्रीतपाल कौर, अंजु वर्मा, डा चंद्रशेखर आजाद, अजीत कुमार भारती आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# बिहार में कानून का इकबाल खत्म : राठौड़

पटना। बिहार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की परीक्षा में पेपर लीक और फजीवाड़े की खबर के बाद बहाली को रद्द करने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की जदयू भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एक परीक्षा कायदे से बिहार सरकार संचालित नहीं कर पा रही है। बहाली प्रक्रिया के बीच में ही पेपर लीक और पेपर रद्द करने की घोषणा हो जाती है और ताबड़तोड़ कुछ गिरफ्तारियां दिखाकर फिर बहाली प्रक्रिया को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इस प्रकार की व्यवस्था से बिहार के युवा और छात्र पूरी तरीके से त्रस्त हैं और अपने भविष्य को इस सरकार में अंधकारमय मान के चल रहे हैं। इस तरीके से लगातार पेपर लीक की घटनाएं ये बताने को काफी है कि बिहार में कानून का इकबाल खत्म हो चुका है। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के रिपोर्ट ने पहले ही राज्य को खराब स्वास्थ्य व्यवस्था का चिट्ठा खोल चुकी है और ये विभाग राजग में हमेशा भाजपा के पास ही रहा है तो ये बताने को काफी है कि कैसे भाजपा ने बिहार के स्वास्थ्य सेवाओं को आईसीयू में मरणासन्न अवस्था में छोड़ रखा है। ऐसे पेपर लीक की घटना ने बिहार के चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था पर और भी सवाल खड़े किए हैं।

# पटना हाईकोर्ट परिसर में मनाई गई राजेंद्र बाबू की जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना हाईकोर्ट के हाउस ऑफ लॉर्डस परिसर में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती आयोजित की गई। इस मौके पर पटना हाई कोर्ट के वकीलों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राजेंद्र बाबू को याद किया। गौरतलब है कि राजेंद्र बाबू उस दौर के एक जाने माने अधिवक्ता थे और वे हाई कोर्ट के हाउस ऑफ लॉर्डस परिसर में ही बैठा करते थे। इस दौरान पटना हाई कोर्ट में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हाइ कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने कहा कि वो केवल राजेंद्र बाबू ही हैं जिनकी प्रतिभा का कायल पूरी दुनिया रही। चाहे वकालत हो या फिर राजनीति हमेशा ही राजेंद्र बाबू सुचिता के प्रतीक माने गए। इस दौरान अधिवक्ता राजकुमार सहाय ने कहा कि राजेंद्र बाबू आज भी हम सभी के प्रेरणाश्रोत हैं।। इस मौके पर अधिवक्ता अशोक कुमार ने कहा कि राजेंद्र बाबू भले ही आज हमलोगों के बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता और समर्पण आज भी हमें राह दिखाती है। कार्यक्रम में अधिवक्ता व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिशिर कौण्डिल्य,विभूति नारायण, गिरीश पांडे, रामप्रवेश कुमार, संगीत देवकुलियार,आदित्य कुमार, आनंद तिवारी समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे

# आईपीएस हर्षवर्धन सिंह की मौत पर राजद नेताओं ने जताया शोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष ी तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह,आलोक कुमार मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, शिवचंद्र राम, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू , प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के वरिष्ठ नेताओं ने सहरसा जिला के फतेहपुर गांव के निवासी समाजवादी नेता स्व गंगा प्रसाद सिंह के परिजन, अखिलेश कुमार सिंह के पुत्र और राजद सोनवर्षा प्रखंड के महासचिव भूषण सिंह के भतीजा आईपीएस हर्षवर्धन सिंह जो कर्नाटक में पहली ज्वाइनिंग जा रहे थे ,उनकी हासन में सड़क दुघर्टना में हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह बिहार और कोशी के लिए अपूरणीय क्षति है। नेताओं ने ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने व संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है ।

# सदाकत आश्रम में मनाई गयी राजेंद्र बाबू की जयंती



पटना। प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयन्ती मंगलवार को सदाकत आश्रम में मनायी गयी। कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित डा राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि डा राजेन्द्र प्रसाद में विलक्षण प्रतिभा के साथ साथ उनका स्वाभाव भी बहुत ही मृदुल था । देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने वाले राजेन्द्र बाबू सामान्य जीवन जीने में विश्वास रखते थे। सादा जीवन उच्च विचार के वे सच्चे प्रतीक थे। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिये यह बड़े गर्व की बात है कि डा राजेन्द्र प्रसाद 14 वर्षों से अधिक समय तक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद को सुशोभित किये और सदाकत आश्रम में ही अंतिम सांस ली। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, चन्द्र प्रकाश सिंह, सरवत जहां फातमा, डा संजय यादव, आनन्द माधव, ज्ञान रंजन, कुमार आशीष शिशिर कौंडिल्य, अभिषेक कुमार, निधि पाण्डेय, राज किशोर सिंह, आशुतोष शर्मा, शशि रंजन, शशिकांत तिवारी, सुमित कुमार सन्नी, मधुबाला,मनोज मेहता, उदय शंकर पटेल, उमेश कुमार राम, अब्दुल वाकी सज्जन, राहुल पासवान, मृणाल अनामय,मिथिलेश शर्मा मधुकर, रवि गोल्डन, मोहम्मद शाहनवाज, अनूप कुमार, सुदय शर्मा, अमित सिकन्दर, खुर्शीद आलम, दिलीप कुमार सिंह, सत्येन्द्र पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भी राजेन्द्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

समीक्षा

ऊर्जा सचिव ने एनबीपीडीसीएल अंतर्गत आरडीएसएस कार्यों की समीक्षा की

# बिल संबंधित शिकायतों का त्वरित निवारण अनिवार्य

- सभी बिजली परियोजनाओं को जनवरी 2025 तक पूरा करें
- नए कनेक्शन के लिए आए आवेदन का तुरंत संज्ञान लें

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




ऊर्जा सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अंतर्गत चल रहे रिवाम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ निलेश देवरे, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्यरत एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में आरडीएसएस के तहत चल रहे रिकंडक्टरिंग, फीडर सेग्रीगेशन, पोल पिचिंग, स्ट्रिंगिंग, तथा एचटी और एलटी लाइनों के पृथक्कीकरण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। श्री पाल ने एजेंसियों को निर्देश दिया कि नवंबर में अधूरे रह गए कार्यों को 15 दिसंबर 2024 तक हर हाल में पूरा करें। साथ ही, उन्होंने सभी परियोजनाओं को जनवरी 2025 तक पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया।

### किसानों को मिलेगा कृषि कनेक्शन का लाभ

मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत खेतों में पोल लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करने पर जोर देते हुए श्री पाल ने निर्देश दिया कि यह काम खेतों में रोपनी से पहले पूरा हो जाए। इससे किसानों को समय पर कृषि कनेक्शन का लाभ मिलेगा।

### कार्य समय पर पूरा करने के लिए संसाधन बढ़ाने के निर्देश

सीएमडी ने सभी कार्यरत एजेंसियों को अपने मानव संसाधन और योजना के लिए आवश्यक अन्य संसाधनों को शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा ताकि परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

उपभोक्ता सुविधाओं पर विशेष ध्यान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े फील्ड के सभी अधीक्षण अभियंताओं को ऊर्जा सचिव ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिल संबंधित मुद्दों और नए बिजली कनेक्शन के लंबित आवेदनों के समाधान हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। इन कैंपों की तिथि और समय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को आसानी हो। श्री पंकज कुमार पाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ता सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

# परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले नहीं बख्शे जाएंगे : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार किया। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार में एनडीए का सुशासन है परीक्षा में गड़बड़ी करनेवालों को सरकार नहीं बख्शेगी। मेधावी विद्यार्थियों को नुकसान होने नहीं दिया जाएगा। भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के सबूत मिलने के साथ ही परीक्षा रद्द कर दी गयी, ताकि मेधावी विद्यार्थियों की मेहनत बेकार नहीं जाए। शीघ्र की परीक्षा की नयी तिथि घोषित की जाएगी और सख्ती के साथ कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा ली जाएगी। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव झूठ बोल कर लोगों का ध्यान लैंड फॉर जॉब स्कैम से भटकना चाहते हैं। लेकिन, तेजस्वी के झूठ बोलने से लोग लैंड फॉर जॉब स्कैम को भूल नहीं जाएंगे। सरकार पर झूठा आरोप लगाने से लालू जी का परिवार लैंड फॉर जॉब स्कैम से बरी नहीं हो जाएगा। सीएचओ परीक्षा में गड़बड़ी करनेवालों को एनडीए सरकार नहीं छोड़नेवाली। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी को अपने माता-पिता से भी पूछना चाहिए कि उन्होंने अपने शासनकाल में नौकरी देने के एवज में कितनी कमाई की। लालू -राबड़ी के शासनकाल में तो वैकेंसी निकलने के पहले ही सारे पदों की बोली लग जाती थी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, बुधवार, 04 दिसंबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ महिला,पुरुष कारोबारी गिरफ्तार, ई रिक्शा जब्त

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस के द्वारा रात्रि गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के पखरौनी चौक के पास जयनगर दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग से शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 120 बोतल देशी नेपाली शराब एवं 01 ई-रिक्शा के साथ महिला व पुरुष शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार कारोवारी की पहचान राहिका थाना क्षेत्र के सोनमनी गांव निवासी. लक्ष्मण मुखिया व बिंदेशवरी देवी के रूप मे किया गया. साथ शराब से लदे ई रिक्शा को जप्त कर लिया गया. तथा दोनों कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद मध निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया.

### विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर जमीनी विवाद को लेकर सोमवार की रात दो पक्ष के बीच हुई मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग जख्मी हो गए। परिजन की मदद से जख्मी लोगों को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मी लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होने की बात बताई गई। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके ठाकुर ने बताया कि जख्मी लोगों में बलहा गांव के ओम प्रकाश राय, क्लोजर के अजीत कुमार, जर्नादनपुर के नूतन देवी, मालीपुर के सुलेखा देवी एवं ध्रुवगामा गांव के रजनीश कुमार सहित आधे दर्जन लोग जख्मी हो गए। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जख्मी द्वारा आवेदन मिलने पर की कार्रवाई किया जाएगा।

### समाजसेवी तूफान चौधरी ने गरीब बेटी की शादी के लिए किया आर्थिक सहयोग

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विधानसभा क्षेत्र के भरपुरा पटपरा पंचायत वार्ड 9 निवासी गुलटन दास की बेटी विभा कुमारी की शादी होनी है। गुलटन दास आर्थिक रूप से कमजोर है। वही जानकारी मिलने पर समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने उनके घर जाकर आर्थिक सहयोग किया। वही समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान ने कहा कि जरूरतमंदों को मदद करना हमारी कर्तव्य है। जरूरमंद की सेवा करना पुण्य का कार्य होता है। इससे मन को शांति मिलती है। मौके पर धर्मेश चौधरी, विजय झा, रामबाबू राय, विनोद चौधरी समाजसेवी संगठन अध्यक्ष रौशन चौधरी, अशोक राय आदि उपस्थित थे।

### जान मारने की धमकी मिलने पर रोसड़ा आरक्षी निरीक्षक से लगाया मदद की गुहार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर निवासी स्व० कैलाश मंडल के पुत्र सुनील कुमार ने जान मारने की धमकी देने को लेकर रोसड़ा आरक्षी निरीक्षक को आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी हैं। बताया है कि विभूतिपुर थाना कांड संख्या 277/24 एवं 267/24 दोहरे कांड में 16 अभियुक्त हैं। प्राथमिकी दर्ज होने पर सभी उग्र होकर खुलेआम जेल जाने से पहले जान मारने की धमकी देता है। बोलता है थाना पुलिस को पैसे व पैरवी कर अपने में मिला लिया है। इसलिए हमें वह आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकता है। उपरोक्त अभियुक्त में से आधा दर्जन से अधिक पेशेवर अपराधी है। उन लोगों पर पूर्व में भी कई गंभीर आरोप में मुकदमा दर्ज है। वे लोग मेरा पीछा करते हैं। जिससे जान माल की खतरा महसूस होता है। वे लोग कभी भी कोई घटना का अंजाम दे सकता है।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के तत्वावधान मे शिविर आयोजित

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के तत्वावधान में विद्युत कार्यालय बिरौल में बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्युत उपभोक्ता से संबंधित सभी प्रकार के शिकायत और समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विभागीय कनिय अभियंता सर्वजीत चौधरी ने बताया कि शिविर में विद्युत विपत्र में सुधार, मीटर बदलने, बिजली की आपूर्ति संबंधित समस्या,नया कनेक्शन लेने, पुनः समायोजन तथा कनेक्शन का स्थानांतरण सहित अन्य समस्या का समाधान विशेष शिविर में किया जाएगा। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को अपनी समस्या को त्वरित निष्पादन हेतु विशेष शिविर में भाग लेकर परिवाद दायर करने का अपील किया। कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदन का सीघ्र निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने लोगों को इसका लाभ उठाने का अपील किया।

# गिद्धौर में पतसंडा, मौरा, गंगरा रतनपुर चार पैक्स सीटों पर चुनाव कड़ी प्रसासनिक व्यवस्था में हुआ विधिवत सम्पन्न

## चुनाव के दौरान दिखी कड़ी प्रसासनिक सुरक्षा व्यवस्था

- गिद्धौर प्रखंड में 67.13 % रहा मतदान का प्रतिशत
- संबंधित पैक्स सीटों पर सजग प्रत्याशी के चयन को ले मतदाताओं ने खुलकर अपने प्रत्याशी के समर्थन में डाले वोट
- केंद्र पर वोट डालने जाते कतारबद्ध मतदाता एवं गंगरा पैक्स गोदाम मतदान केंद्र पर मुस्तैद पदाधिकारी



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर के कुल चार पंचायतों के पैक्स सीटों पतसंडा, गंगरा, रतनपुर एवं मौरा पैक्स सीट पर चुनाव बुद्धवार को कड़ी प्रसासनिक निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से विधिवत संपन्न हो गया. बतातें चलें की उक्त चारों पंचायत के पैक्स सीटों पर जिले से प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट डीटीओ इरफान आलम, एसडीपीओ सतीश सुमन, सीओ आरती भूषण, बीईओ शमशुल होदा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बिपिन कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शिवपूजन कुमार, थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार, अवर निरीक्षक पंकज कुमार, आयुषी कुमारी, राजेश्वर साह, उमेश प्रसाद सहित कई पुलिस पदधिकारियों द्वारा चारों पैक्स सीटों से संबंधित 10 मतदान केंद्रों पर घूम घूम कर चुनाव की हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। वहीं प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सुनील कुमार सहित प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा कंट्रोल रूम से पैक्स चुनाव को निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु हर गतिविधि का अपडेट लिया जा रहा था. बताते चलें कि संबंधित चारों पैक्स सीट रतनपुर में कुल मत 1623 में से 1165 डाले गए वहीं पतसंडा में 1541 में से 921 वहीं मौरा में 1324 में से 902 एवं गंगरा में 1271 में से 878 मत संबंधित क्षेत्र के महिला, पुरुष मतदाताओं ने निष्पक्ष रूप से सही प्रत्याशी के चयन हेतु डालकर अपने मताधिकार का खुलकर प्रयोग किया।

# सशस्त्र सीमा बल 48 वीं वाहिनी के जवानों ने नेपाली शराब के साथ तस्कर को दबोचा



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा चौकी पिपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानो को एक बड़ी कामयाबी मिली है । गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वी वाहिनी के कुशल नेतृत्व में सीमा चौकी पिपरौन द्वारा रात्रि नाका ड्यूटि के दौरान की गयी कार्यवाही में भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 288 से 100 मीटर भारतीय क्षेत्र की और रात्रि 0245 बजे लगभग 20 आदमी सर पर बोरी रखकर भारत की तरफ आ रहे थे ।तभी उनकी नजर एसएसबी के जवानों पर पड़ी तो सभी बोरी छोड़कर नेपाल की तरफ भाग गए । नाका पार्टी ने उनका पिछा किया तो उनमें से एक अभियुक्त को पकड़ लिया गया पकड़े गए अभियुक्त को सामान खोलकर दिखाने को कहा तो उसमें से नेपाली शराब की 2100 बोतल तीन सो अम्ल की बरामद हुई ।पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम जितेंद्र सादा उम्र 24 वर्ष पिता स्वर्गीय प्रभु सादा ग्राम आसपट्टी थाना फुलगामा वार्ड न 01 जिला धनुषा नेपाल बताया । जब्त की गयी मदिरा एवं अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियो पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

# तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार काउंसलिंग ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान मे बच्चों को गणित तथा विज्ञान के क्षेत्र में जागरूक करने एवं अभिरूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से कामेश्वर नारायण सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक, किशनपुर टभका, समस्तीपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस- एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस- के अवसर पर श्री रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स- 2024 एवं सर सीवी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस- 2025 का ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा 30 नवंबर 2024 से दो 02 दिसंबर 2024 तक प्रत्येक दिन कुल चार पालियों में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। संस्थान के प्राचार्य डॉ० आफताब अंजुम ने बताया कि हमारे संस्थान में इस ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा में वर्ग 6 से 12 तक कुल 1516 छात्र-छात्राओं ने गणित एवं विज्ञान विषयों में अपना ऑनलाइन पंजीयन करवाया था। जिसमें कुल 460 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इस परीक्षा का संचालन नोडल पदाधिकारी डॉ० मो० कैसर हाशमी के निर्देशन में किया गया। इस परीक्षा के सफल संचालन में संस्थान के सभी शिक्षकों, कर्मियों का संगठन रहा। परीक्षा में टॉप दस छात्र-छात्राओं को बीसीएसटी, पटना बिहार के नियमानुसार राष्ट्रीय गणित दिवस एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर लैपटॉप/मेडल/ प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा।

# जयनगर रेलवे स्टेशन का डीआरएम ने किया औचक निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर स्टेशन पर अचानक निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने स्टेशन की स्थिति को लेकर नाराजगी व्यक्त किया । उन्होने स्टेशन परिसर में गंदगी और लापरवाही देखकर रेलवे अधिकारियो और कर्मचारियो की जमकर फटकार लगाई ।डीआरएम श्रीवास्तव विशेष सैलून से जयनगर पहुंचे और सबसे पहले अमृत भारत योजना के तहत बन रहे स्टेशन का निरीक्षण भी किया। उन्होने कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने प्लेटफॉर्म पर बंद पड़े बायो टॉयलेट को चालू करने और रनिंग रूम के पीछे डबरे को भरने का निर्देश भी दिया। नव निर्मित वातानुकूलित रनिंग रूम के किचन में गंदगी देखकर डीआरएम बेहद नाराज हुए और कर्मचारियो को फटकार लगाई। उन्होने रनिंग बिल्डिंग की दीवार पर लगी सिलन को तुरंत ठीक करने का भी निर्देश दिये है डीआरएम स्टेशन पर खड़ी सैलून के इंजन पर चढ़कर पूरे यार्ड का निरीक्षण भी किए ।इसके बाद उन्होने कैरेज एवं बैगन डिपो जाकर ट्रेन मेंटेनेस का भी जायजा लिया। जयनगर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होने रेलवे के उत्तर युटाईप सड़क पर बिजली चालू करने पानी निकासी के लिए ड्रेनेज बनाने और वार्ड नंबर दस में वॉशिंग पिट के पानी से किसानो के खेतो को होने वाले नुकसान के मुद्दे को उठाया। डीआरएम ने संबंधित अधिकारियो को इन समस्याओ का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये है।

# कालाजार मरीजों की पहचान करने पर ग्रामीण चिकित्सकों को मिलेगा 500 रुपए

## जिले के सभी प्रखंडों के 400 ग्रामीण चिकित्सकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कालाजार उन्मूलन को लेकर सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू हॉल में मंगलवार को ग्रामीण चिकित्सकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर पांच दिसंबर तक चलेगा और इसमें सभी प्रखंडों 400 ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीवीबीडीसीओ डॉ विजय कुमार ने किया। इसमें उपस्थित ग्रामीण चिकित्सकों को डीवीबीडीसीओ डॉ विजय कुमार ने कालाजार के लक्षण इसके बचाव व उपचार के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि कालाजार बीमारी मादा बालू मक्खी के काटने से फैलता है, जो आसपास जमा हुआ पानी में रहता है। इस बीमारी के सामान्य लक्षण दो सप्ताह या अधिक समय से बुखार लगना जो सामान्य उपचार से ठीक न हो, भूख की कमी, खून की कमी, चमड़े का रंग काला पड़ना आदि है। इस बीमारी की जांच सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि लगातार 15 दिनों से तेज बुखार से आक्रांत वैसे रोगी को संदिग्ध रोगी माना जाएगा। जिनको दवा लेने के बाद भी बुखार नहीं छूट रहा हो। वैसे चिह्नित रोगियों को सदर पीएचसी या सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया जाएगा। जहां मरीजों की जांच के बाद कालाजार से पीड़ित होने पर निशुल्क इलाज किया जाएगा। इस संबंध में डीवीबीडीसी संतोष कुमार ने बताया कि कालाजार के मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य केंद्र तक लाने वाले ग्रामीण चिकित्सकों को 500 रुपए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कालाजार के 16 व पीकेडीएल के चार मरीजों की पहचान हुई है।


# कला कुंभ का हुआ भव्य समापन विजेताओं को किया गया सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित होने वाले अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 2024 का आज भव्य समापन हुआ। मंगलवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में समापन व पुरस्कार समारोह का आयोजन स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद और एमएलएसएम महाविद्यालय, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव में वेस्टर्न सोलो, वेस्टर्न ग्रुप सोंग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट, शास्त्रीय नृत्य, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो, लोक- नृत्य, फोक आर्केस्ट्रा, स्किट, माईम, इंस्टालेशन, रंगोली, पोस्टर, मेकिंग, माईम, मिमिक्री, इंस्टॉलेशन, स्किट आदि प्रतियोगिताओं में चार जिला के दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और बेगूसराय अंतर्गत कुल 18 संबद्ध और अंगीभूत महाविद्यालयों ने भाग लिया। कला- कुंभ मात्र महोत्सव नहीं बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को निखारकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मंच है। सन 1975 से चली आ रही युवा-महोत्सव की परंपरा की कड़ी में इस कला कुंभ में प्रतिभागियों ने कला, साहित्य और संगीत के महासंगम की छटा बिखेरी। प्रतियोगिताओं में जूरी सदस्यों के तौर पर संगीत, थियटर, फाईन आर्ट के विशेषज्ञों व जाने- माने कलाकारों ने प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। युवा महोत्सव समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय खेल पदाधिकारी सह- कुलानुशासक प्रो अजय नाथ झा ने मंच से सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को सम्मानित किया। एमएलएसएम कॉलेज के प्रधानाचार्य और महोत्सव के अध्यक्ष डॉ शंभु कुमार यादव, प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काव्या, प्रो बीरेंद्र नारायण सिंह,डॉ कामेश्वर पासवान, आयोजन के सचिव डॉ अनिल कुमार चौधरी और डॉ प्रियंका राय ने सभी विजेता टीम, महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में सभी जूरी सदस्यों, आयोजकों को भी सम्मानित किया गया। ओवर ऑल कैटेगरी में चैंपियन पी जी एथलेटिक्स डिपार्टमेंट, रनर अप और दूसरे स्थान पर एमएलएसएम कॉलेज, दरभंगा और सी एम कॉलेज, दरभंगा तीसरे स्थान पर, वुमेंस कॉलेज, समस्तीपुर चतुर्थ स्थान पर रही। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, टोली प्रबंधक, विद्यार्थी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गान के साथ समारोह की औपचारिक समापन की घोषणा की गई।

# दरभंगा में नई सड़कों का बिछेगा जाल व टूटी सड़कों का होगा कायाकल्प : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।यातायात को सुगम बनाने तथा सड़कों के मामले में दरभंगा को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में गम्भीर पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सरक योजना के फेज 3 में बने हुए सड़कों में 5 किलोमिटर से कम के छुटे हुए तथा बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों को फेज 4 में शामिल कर बसावट योजना के तहत निर्माण और मरमत किए जाने को लेकर दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में नियम 377 के तहत लिखित रूप से अपनी मांगे और बातें रखी। आज मंगलवार को लोकसभा में सांसद डा ठाकुर ने इस संबंध में लोकसभा को सूचित किया कि दरभंगा संसदीय क्षेत्र में फेज 3 के तहत विभिन्न सड़कों का निर्माण और उन्नयन किया गया था लेकिन 2011 के जनगणना को आधार बनाकर 5 किलोमिटर से कम लंबाई की सड़कों को शामिल नहीं किया जा सका तथा दो माह पहले नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण आई बाढ़ से किरतपुर के भुभौल सहित दर्जनों गांव एवं पंचायत का अभी तक सरक संपर्क भंग है। सांसद डा ठाकुर ने अपने पत्र के माध्यम से मांग करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सरक योजना के फेज 4 में संशोधन कर क्षतिग्रस्त सड़कों, तथा फेज 3 में छुटे सड़कों की मरम्मती निर्माण तथा उन्नयन के लिए शीघ्र पहल किए जाए। सांसद डा ठाकुर ने सड़कों के मामले में दरभंगा संसदीय क्षेत्र सहित पूरे मिथिला क्षेत्र में केंद्र सरकार तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की पहल और प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि हर सुदूर देहाती क्षेत्रों से 3-4 घंटे में राजधानी पटना और और हर गांव से घंटे डेढ़ घंटे में जिला मुख्यालय पहुंचने का केंद्र एवं राज्य की एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा किया जाएगा

# लनामिवि बॉटनी विभाग में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।सेमिनार के उद्घाटन सत्र दीपप्रज्वलन, अतिथियों, आमंत्रित वक्ताओं एवं आगँतुको का स्वागत एवं यूनिवर्सिटी के कुलगीत के साथ शुभारम्भ हुआ। शुभारम्भ सत्र में मंचस्थ अतिथियों के द्वारा सेमिनार की स्मारिका के विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ जटा शंकर चौधरी सम्मानित अतिथि प्रो ए के राय भूतपूर्व कुलपति बी.एन मंडल यूनिवर्सिटी एवं टीएमबी यूनिवर्सिटी की नोट स्पीकर प्रो एन.के.दुबे, संरक्षक साइंस फैकल्टी के डीन प्रो प्रेम मोहन मिश्रा, को-पर्सन डॉ विजय कुमार यादव, एवं बॉटनी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सविता वर्मा मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो जयकर झा ने किया ।मुख्य वक्तव्य में प्रो एन.के दुबे ने विस्तार से व्याख्यान दिए। जिसमें उन्होंने बताया कि पौराणिक समय से ही भारतीय औषधीय पौधों की गुणवत्ता का प्रयोग विश्व स्तर पर एवं एलोपैथिक दवाओ में भी किया जा रहा है ।अध्यक्षीय भाषण में प्रो जयकर झा ने कॉनफ्रेंस की थीम लाइफ साइंस की उपयोगिता और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। प्रो ए के राय ने उच्चकोटि के शोधकार्य जो कि समाज के लिए उपयोगी साबित हो पर प्रकाश डालते हुए सेमिनार के विषय पर अपनी बात रखी ।कार्यक्रम का संचालन पी जी विभाग की छात्राओं एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंकित कुमार सिंह ने किया। आमंत्रित वक्ता, डॉ प्रनिता जायसवाल, डॉ. विकास श्रीवास्तव, डॉ नेहा, साकेब नबी ने अपने व्यख्यान प्रस्तुत किया। सेमिनार में प्रो. सूर्यनारायण चौधरी, प्रो. शीला, प्रो. आई.एन.मिश्रा, प्रो. विद्यानाथ झा, प्रो. अजय नाथ झा, डॉ. मुरारी प्रसाद, प्रो. एनकार गुप्ता, प्रो. शहनाज जमील, डॉ. गजेंद्र प्रसाद, डॉ. आनंद मोहन मिश्रा, प्रो. शामचंद्र गुप्ता, नंदकिशोर झा, डॉ. ख्वाजा सलाउद्दीन, डॉ. अनुरुद्ध सिंह, डॉ. अभिषेक राय, डॉ. आकांक्षा उपाध्याय, डॉ. प्राची मरवाहा, डॉ. अतनु बनर्जी एवं भारी संख्या में शोधार्थी जिनमें मनोज कुमार, विक्की कुमार, सर्वजीत कुमार, अर्जुन मेहरा, सोबिन्द कुमार, उज्ज्वल कुमार एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सेमिनार दूसरे दिन भी तृतीय एवं चतुर्थ सत्रों में सम्पन्न होगा।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व व कृतित्व महान था : डॉ विश्वनाथ ठाकुर



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राष्ट्रीय वरीय नागरिक संघ ,शाखा दरभंगा के तत्वाधान में पुअर होम स्थित डे केयर सेंटर में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई ।इसकी अध्यक्षता डॉ हीरालाल सहनी ने की ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ ठाकुर जी रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण से किया गया । विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ ठाकुर ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व और कृतित्व महान था ।वह सच्चे देशभक्त थे ।देश के प्रति उनका त्याग अनुकरणीय है ।मानवतावादी महापुरुष थे ।इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है ।डॉ हिरा लाल सहनी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, महान अधिवक्ता और सच्ची सादगी की मूर्ति थे ।डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रति चिंतन करें और देश को महान बनाए । सादा जीवन उच्च विचार रखें ।विचार व्यक्त करने वालों में इंजीनियर रामचंद्र मंडल, कमलेश झा, रेमी लॉरेंस, ओम नारायण सिंह ,प्रो मधु रंजन प्रसाद ,कन्हैया मंडल आदि प्रमुख थे ।देश भक्ति गीत के साथ संचालन सुबेदार नन्द किशोर साहुऔर धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र साह फौजी वरीय नागरीक संघ के महासचिव ने किया। वही बाईसी मेहतर समाज संस्थान के नेतृत्व में दरभंगा के हृदय स्थल राजेंद्र भवन में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनको नमन करते हुए माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सचिन राम, सीनेट सदस्य सह उपाध्यक्ष बायसी मेहतर संस्थान, अध्यक्ष रामाशीष राम, वाईसी मेहतर समाज संस्थान के बलवंत कुमार, राकेश कुमार, आशा देवी, रोहन कुमार, मन्नू राम इत्यादि उपस्थित थे। सूशीला विवाह भवन, किलाधाट, दरभंगा मे जनता दल यूनाईटेड दरभंगा नगर के उपाध्यक्ष दीपक सिन्हा के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ राजेंद्र प्रसाद के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर इनको श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया इस जयंती समारोहों में दरभंगा नगर जिला जनता दल यूनाईटेड के जिला अध्यक्ष माधव झा,शशिचन्द्र पटेल,मधु रंजन सिन्हा, प्रवक्ता ठाकुर ईश्वर प्रसाद बिट्टू सिंह, विश्वविद्यालय अध्यक्ष आसिफ कमाल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव मो जमीदूल, मो मोजमिल, मों अशरफ, अभिषेक झा, अंकू, चंदन, अरविंद झा, इकबाल रायन, प्रकाश सहित दर्जनों साथी उपस्थित थे।

# केएसडीएसयू के कुलपति को संविधान की प्रति सौंपी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।संस्कृत विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर व्याकरण विभाग की सहायकाचार्य डॉ एल सविता आर्या ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से प्राप्त संस्कृत भाषा में भारतीय संविधान के नवीनतम संस्करण की प्रति को आज कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय को समर्पित किया। साथ ही इसे भारतीय संस्कृति, संस्कृत जगत एवं विश्वविद्यालय के लिए गौरव का अवसर बताया। मौके पर कुलपति प्रो0 पांडेय ने कहा कि संस्कृत में संविधान की पुस्तक प्राप्त होने से अब इसकी व्यापकता और बढ़ जाएगी। इससे गैर अंग्रेजी भाषी भी कानून की बारीकियों को समझ पाएंगे ।उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार की इस नई पहल से केस- मुकदमे में अवश्य ही कमी आएगी। मालूम हो कि पांच दिनों पहले वित्त मंत्री का दरभंगा आगमन हुआ था और इसी दौरान कार्यक्रम स्थल राज मैदान में उन्होंने संविधान की उक्त प्रति डॉ आर्या को सौंपी थी। वहीं ,बिहार सरकार कला संस्कृति एवं युवा विभाग के राज्य परामर्शदात्री सदस्य उज्ज्वल कुमार ने संस्कृत भाषा में संविधान के नवीनतम संस्करण को संस्कृत जगत के लिए अनुपम उपहार बताया। मौके पर वैदेही विचार मंच के संस्थापक सुधा नंदन झा भी मौजूद थे।

# रेल कर्मी के घर नगदी सहित 3 लाख की संपत्ति की हुई चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर / मुंगेर सफियासराय थाना क्षेत्र के हलीमपुर गांव निवासी रेल कर्मी मंटू मंडल के घर बीते रात्रि चोरों ने बक्सा अलमारी का ताला तोड़कर नगदी सहित तीन लाख संपत्ति चोरी कर चलते बने। रेल कर्मी के घर हुई चोरी के घटना के बारे में रेल कर्मी के भाई दीपक कुमार ने बताया कि बीते रात्री 12:00 बजे के करीब गांव में बारात आया था जिसमें जोर से डीजे बज रहा था। डीजे के तेज आवाज में ही घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि घर में सारे लोग मौजूद थे छोटा बच्चा घर में होने के कारण लोग जल्दी सो गए थे। चोर मुख दरवाजे के ऊपर घर में प्रवेश किया और दो बक्सा एक गोदरेज का ताला तोड़कर 15 हजार नगद, कीमती कपड़े, सोने चांदी का आभूषण सहित इंडेक्शन चूल्हा चुरा ले गए। चोरी की घटना में लगभग 3 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इधर चोरी की घटना के बारे में रेलकर्मी द्वारा सफियासराय थाना पुलिस को जानकारी दी गई तो 112 नंबर की गाड़ी घटनास्थल पर जांच करने पहुंची। इधर गांव के बीच हुई चोरी की घटना से ग्रामीण आश्चर्यचकित है। ग्रामीणों ने बताया कि चोर कहीं का नहीं है आसपास मनचले लड़के हैं जो बाहर के लड़के को गांव में बुलाकर घूमते फिर आते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, चार लोग हुए घायल

जमुई [ झाझा ] सिमुलतला थानाक्षेत्र के पत्लचट्टी गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना में दोनो पक्षों से कुल 4 लोग घायल हुआ है सभी घायलों का रेफरल अस्पताल झाझा में इलाज हुआ। एक पक्ष से घायल में गुड़िया देवी तथा दूसरे पक्ष से घायल में मिथलेश कुमार उसकी मां लीला देवी और उसकी दादी विरमा देवी के रूप में हुई है। एक पक्ष से घायल गुड़िया देवी ने बताता की मिथलेश मेरे घर के पास बिजली का तार गिराए हुए था जिसको झाड़ू लगाते वक्त किनारे कर दिया तो मिथलेश गाली गलौज किया जिसका विरोध किया तो मिथलेश और उसकी मां, दादी मेरे साथ लाठी से मारपीट करते हुए मुझे घायल कर दिया। दूसरे पलाश से घायल मिथलेश ने बताया कि बिजली के तार में टेप लगाकर सीधा कर रहा था तभी गुड़िया देवी तार फेंककर गाली गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया और उसके बाद गुड़िया देवी और उसका बेटा मुझे मेरी माँ, दादी के साथ लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया।

# मुंगेर स्थापना दिवस पर आगामी 5 दिसंबर को मैराथन 2024 के सफलता को लेकर जिला पदाधिकारी ने किया समीक्षात्मक बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता




मुंगेर। मुंगेर जिला स्थापना दिवस पर आगामी 5 दिसंबर को आयोजित होने वाले मुंगेर मैराथन 2024 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मुंगेर मैराथन के सफल आयोजन पर बिंदुवार चर्चा हुई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, नगर आयुक्त कुमार अभिषेक, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला अल्प संख्यक पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार दीपक सहित अन्य उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने कहा कि 05 दिसंबर को मुंगेर जिला स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर आज सभी पदाधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आयोजन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को सर्वप्रथम हेरू दियारा स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण के साथ होगा। इसके बाद विभिन्न सरकारी विद्यालयों के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला भी बनायी जाएगी, जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ , देहजमुक्त बिहार, बाल विवाह मुक्त बिहार, जल-जीवन-हरियाली अभियान सहित अन्य थीमों पर आधारित होगा। मानव श्रृंखला का उद्देश्य लोगों को उक्त थीमों के प्रति जागरूक करना तथा बेटियों को हर क्षेत्र में अधिक से अधिक बढ़ावा देना होगा। इसके अलावे सभी कार्यालयों में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया है। समाहरणालय में भी वृक्षारोपण किए जाएंगे। वहीं सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है, इसके लिए जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। वहीं उद्यान मेला का भी आयोजन किया गया है, जिसमें उद्यान प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न फसलों की प्रदर्शनी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार के स्थापना दिवस पर 42.195 किलोमीटर के मुंगेर मैरॉथन को विशेष महत्ता दिया गया है। 5 दिसंबर को हेरू दियारा स्थित शहीद स्मारक से फिट मुंगेर-हिट मुंगेर, रन फॉर मुंगेर थीम पर मुंगेर मैरॉथन का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए जहां हेरू दियारा शहीद स्मारक पर बैरिकेडिंग और साफ सफाई की व्यवस्था अंतिम चरण में है। लगातार स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 1500 धावकों द्वारा निबंधन कराया जा चुका है, जिसमें 1000 हजार से अधिक विभिन्न राज्यों के ही हैं। अन्य राज्यों से आने वाले एथलिटों के आवासन की भी समुचित व्यवस्था की गयी है। महिला एथलिटों के लिए संग्रहालय तथा पुरुष एथलिटों के लिए इंडोर स्टेडियम में रहने की व्यवस्था की गयी है। वहीं इन लोगों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए बसों की भी व्यवस्था की गयी है। प्रारंभ बिंदु सह कार्यक्रम स्थल पर धावकों के लिए 12 काउंटर बनाए गए हैं, जिसमें तीन महिलाओं तथा 9 पुरुष तणधावकों के लिए होंगे, जहां सभी को चेस्ट नंबर आदि का वितरण किया जाएगा। वहीं महिला धावकों के लिए चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गयी है। बैरिकेडिंग की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर ली गयी है तथा बुधवार की मध्यरात्रि से बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक तथा छोटे वाहनों को रूट परिवर्तित कर चलाने का निर्देश दिया गया है। धावकों के लिए रिपोर्टिंग टाइम प्रातः 5 बजे निर्धारित किया गया है तथा दौड़ का शुभारंभ प्रातः 6 बजे संभावित है। 10.5 किलोमीटर के आधार पर चार राउंड निर्धारित किए गए हैं, जो प्रारंभ बिंदु हेरू दियारा से प्रारंभ होकर हेमजापुर तक पुनः वहां से वापस हेरूदियारा पर चौथे राउंड में संपन्न होगा। प्रत्येक राउंड में सभी धावकों को एक बैंड तथा एक कूपन दिया जाएगा, जिससे यह प्रमाणित हो सके कि उन्होंने पूर्ण दौड़ में हिस्सा लिया है। फ्लैग ऑफ के पश्चात सभी धावक अपने अपने रूट में एकत्रित हो जाएंगे तथा फायर के बाद ही ड्रॉप गेट खोल कर धावकों को रन फॉर मुंगेर के लिए छोड़ा जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक को जहां एक लाख का पुरस्कार निर्धारित किया गया है, वहीं द्वितीय 50 हजार तथा पांच धावकों को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10-10 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम स्थल पर शिक्षा विभाग द्वारा कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंदिरा बेदी भी बुधवार देर शाम तक मुंगेर पहुंच जाएंगी, जिनके द्वारा मुख्य कार्यक्रम के दिन सभी धावकों का उत्साहवर्धन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से इस आयोजन को सफल बनाने हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने तथा इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाने की अपील की है।

# भयमुक्त वातावरण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण पैक्स चुनाव सम्पन्न, 54 प्रतिशत हुआ मतदान



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को पैक्स चुनाव को लेकर सुबह 7 00 से मतदाताओं में मतदान करने के प्रति काफी उत्साह देखा गया और निर्धारित समय से ही बूथ पर पहुंचकर मतदान करने के लिए कतार में लग गया। प्रखंड क्षेत्र के 9 पंचायतों में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न किया गया। वही कई दिव्यांग मतदाता भी पैक्स चुनाव में अपनी भागीदारी देते हुए मतदानकेन्द्र पर पहुंचकर मतदान किया। मतदान केंद्र पर मतदानकार्य में जुटे कर्मी मतदाताओं के पहचान से सम्बंधित आधार कार्ड और अन्य कागजात की जांच करने के बाद उसे मतदान केंद्र में प्रवेश करने दे रहे थे। वही मतदान केंद्र पर सुरक्षा का भी पुख्ता इंतेजाम देखा गया। हर बूथ पर पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात थे और विधि व्यवस्था बनाये हुए थे। मतदान की प्रक्रिया के दौरान एसडीपीओ ने बताया की हर जगह पर पूरी सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम था और निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाया गया। मतदान केंद्र पर चल रहे मतदान की प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए एसडीपीओ राजेश कुमार, निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ रविजी, एसएचओ संजय कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी हर मतदान केंद्र पर पहुंचकर शांतिपूर्ण चल रहे मतदान का जायजा लिया वही मतदान केंद्र पर मतदाताओं के अलावे अन्य किसी को प्रवेश भी करने नही दिया जा रहा था। धमना पंचायत में हो रहे चुनाव में मतदान केंद्र संख्या 9 पर दो युवा मतदाता भी पहली बार पैक्स चुनाव में मत का प्रयोग करने के लिए पहुंची थी। दोनो युवा मतदाता सगी बहन थी जो धमना गांव की रहने वाली है। अपराजिता आचार्या और उसकी बहन अनुष्का आचार्या जब मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंची तो मतदान केंद्र पर मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित हो गए। दोनों बहनों ने बताया कि पैक्स चुनाव में मतदान करने को काफी उत्साहित है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया की सुबह से सभी मतदान केंद्र पर ससमय वोट पड़ रहा था और किसी भी जगह से कोई शिकायत की सूचना भी नही आया। सुबह 11 बजे तक मतदान का प्रतिशत 36 था जिसके बाद निर्धारित समय तक चुनाव सम्पन्न करवाने के बाद कुल 9 पंचायतों में 54 प्रतिशत मतदान किया गया।

# जिलास्तरीय पीबीएल विज्ञान मेला का डाइट गिद्धौर में हुआ आयोजन



● उत्क्रमित मध्य विद्यालय इकेरिया जमुई प्रथम व मध्य विद्यालय गढ़ी विशनपुर खैरा को द्वितीय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुली, गिद्धौर को तृतीय स्थान

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। बिहार राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वाधान में डाइट गिद्धौर में जिला स्तरीय पीबीएल मेला का आयोजन दीप प्रज्वलित कर डाइट गिद्धौर के प्राचार्य डॉ नावेद हसन खान व व्याख्याता एवं समन्वयक सचिन कुमार भारती द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आर्यन वर्णवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ नावेद हसन ने कहा कि ये पीबीएल विज्ञान मेला के तहत बच्चों में स्किल डेवलपमेंट का विकास होता है और बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। व्याख्याता सचिन कुमार भारती ने कहा कि यह मेला बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी मेले में प्रत्येक प्रखंड के दो सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में प्रतिभाग करने वाले विद्यालयों द्वारा पीबीएल के अन्तर्गत बनाए गए प्रोजेक्ट को प्रदर्शित करेंगे। इस मेले में निर्णायक के रूप में श्याम सुंदर लाल कर्ण व श्याम सुंदर वर्मा द्वारा निर्णय लिया गया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय इकेरिया जमुई को प्रथम व मध्य विद्यालय गढ़ी विशनपुर खैरा को द्वितीय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुली, गिद्धौर को तृतीय स्थान दिया गया। इस अवसर पर व्याख्याता रश्मि कुमारी, व्याख्याता अनिता मिश्रा, साधनसेवी सुश्री एकता, नीलिमा दास, सोनम कुमारी, मोहिनी कुमारी, रंजय कुमार, देवव्रत तिवारी, मोनू कुमार, अंशुमान पटेल, अमरेंद्र प्रसाद गुप्ता, कुमार शिवम, अपूर्वा सिंह, विभा अग्रहरि, आकांक्षा, सुभाषिनी, फरीदा रहमानी, किरण कुमारी, नवीन कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कुल्हाड़ी से काटकर किया घायल सोनो में इलाज के बाद जमुई रेफर



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनो जमुई : सोनो थाना क्षेत्र के कुहीला गाँव में एक व्यक्ति को कुल्हाड़ी से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है । घटना सोमवार की दोपहर 12 बजे की हे । इस मामले पर घायल व्यक्ति द्वारा सोनो थाना में एक आवेदन दिया गया है । आवेदन में लिखा गया है कि कुहीला गाँव निवासी स्वः बंधु यादव का पुत्र लीलो यादव बहीयार में गाय चरा रहा था , तभी अचानक गाँव के ही स्वः पागो यादव का पुत्र सुबोध यादव लाठी और कुल्हाड़ी लेकर आया , आते ही उसने भद्दी भद्दी गालियाँ देने लगा , जिसका विरोध करने पर सुबोध यादव ने लीलो यादव के माथे पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया जिससे लीलो यादव का माथा फट गया और लहुलुहान होकर गिर पड़ा । आगे लिखा गया है कि कुल्हाड़ी से प्रहार करने के बाद भी लाठी से बुरी तरह पिटाई की गई । उक्त समय पर बगल के खेत में धान काट रही लीलो यादव की पुत्रवधु ने जब अपने ससुर को मार खाते हुए देखी तो वे जोर जोर से चिल्लाने लगी । चिल्लाहट की आवाज सुनकर लीलो यादव की पत्नी अपने पति को बचाने आई तो उसे भी लाठी से पिटाई की गई है इधर परिजनों ने गंभीर रूप से घायल लीलो यादव को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनो ले गए जहाँ पर प्राथमिकी उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जमुई रेफर कर दिया । इधर सोनो पुलिस ने मामले की तहकीकात में जुट गई है ।

# सुबह 9:30 से 10 बजे तक बच्चों की नियमित पोशाक, बाल और नाखून की होगी जांच

## नए समयावधि के अनुसार संचालित होने लगे जिले के सरकारी विद्यालय

● रसोईघर व शौचालय की प्रतिदिन साफ सफाई कराने का निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। सोमवार से जिले के सभी सरकारी विद्यालय नई समयावधि के अनुसार संचालित होने लगे। नए संशोधन के बाद अब जिले की सभी सरकारी विद्यालय सुबह 9:30 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। 1 दिसंबर 2023 को मॉडल टाइम टेबल लागू हुई थी। तब विद्यालय संचालन की समयावधि सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई थी। बाद में काफी हंगामे के बाद 26 जून से विद्यालय संचालन का समय सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया गया था। लेकिन,मॉडल टाइम टेबल में फिर से आंशिक संशोधन किया गया है,जिसके अनुसार विद्यालयों का संचालन होने लगा है। छात्रों को ठंड के मौसम में विद्यालय पहुंचने में परेशानी होती थी। लेकिन नए टाइम टेबल विद्यालयों का संचालन होने से शिक्षक व छात्र दोनों को ठंड के मौसम में राहत मिलेगी। बिहार गीत,समाचार वाचन पर परिचर्चा की जाएगी प्रत्येक दिन सुबह 9:30 से 10 बजे तक बच्चों की नियमित पोशाक,बाल और नाखूनों की जांच के बाद प्रार्थना होगी। बिहार गीत,समाचार वाचन अन्य चीज पर परिचर्चा की जाएगी। उक्त सत्र का समापन राष्ट्रगान से होगा। वहीं प्रत्येक कक्ष के बच्चों के लिए एक घंटे खेलकूद की घंटी निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड व सेंटअप परीक्षा के साथ अन्य कक्षाओं का भी संचालन करने का निर्देश दिया गया है। शनिवार को वर्ग 1 से 8 तक बैग लेस रहेगा। वही कमजोर छात्रों को कक्षा में आगे की पंक्ति में बैठाने,गृह कार्य देने,वर्ग कक्ष,रसोईघर व शौचालय की प्रतिदिन साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। नए टाइम टेबल के अनुसार विद्यालय शुरू होने का समय सुबह 9:30 बजे बता दें की माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने पिछले दिनों मॉडल टाइम टेबल में आंशिक संशोधन को लेकर पत्र जारी किया था। जिसके बाद विद्यालय संचालन की समयावधि में परिवर्तन किया गया है।आंशिक संशोधन के बाद नए टाइम टेबल के अनुसार विद्यालय शुरू होने का समय सुबह 9:30-10 बजे प्रार्थना, 10-10 से 10: 40 पहली घंटी, 10:40 से 11:20 दूसरी घंटी, 11:20 से 12 बजे तीसरी घंटी होगी। जबकि मध्यांतर का समय 12:00 बजे से 12:40 तक निर्धारित है। वहीं 12:40 से 1:20 चौथी घंटी,1:20 से 2:00 बजे तक पांचवी।2:00 बजे से 2:40 बजे तक छठी घंटी,2:40 से 3:20 बजे तक सातवीं घंटी, 3:20 से 4:00 बजे तक आठवीं घंटे की कक्षा चलेगी। साथ ही शाम 4 बजे छुट्टी होगी।

# दिव्यांगता सफलता की राह में रुकावट नहीं बल्कि नई संभावनाओं का दरवाजा: प्रो. गौरी शंकर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुईः-अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर नगर परिषद जमुई में विकलांगता और उनके अधिकार विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की। प्रो.पासवान ने अपने प्रबोधन में कहा कि हर वर्ष 3 दिसंबर 1998 से विकलांगता दिवस मनाया जाता आ रहा है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विकलांग लोगों के अधिकारों और कल्याण के प्रति जन जागरूकता फैलाना तथा उनके गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता सफलता की राह में रुकावट नहीं, बल्कि नई संभावनाओं का दरवाजा है। हर दिव्यांग व्यक्ति अपने आप में अद्वितीय और चमत्कारी है। दिव्यांगता एक शब्द है। असली ताकत दिव्यांग के तन में नहीं, बल्कि उनके जज्बे में है। उनकी पहचान उनकी हिम्मत से है, ना की दिव्यांगता से। विकलांगता विकलांग व्यक्ति के सपनों को रोक नहीं सकता,जब तक वे खुद ना रोके। विकलांगता के प्रति नकारात्मक सोच और धारणाओं को बदलने का प्रयत्न करना चाहिए।परिश्रम और हिम्मत विकलांगता को भी पीछे छोड़ देती है। कहते हैं कि जॉन मिल्टन एक महान कवि थे जो 45 वर्ष की उम्र में ही दोनों आंख से अंधे हो गए थे। लेकिन उन्होंने पैराडाइज लॉस्ट की अंतिम रचना की थी। स्टीफन हॉकिंग महान भौतिक वैज्ञानिक और सूरदास भी दिव्यांग कवि थे। उनसे प्रेरणा ली जा सकती है। वर्ष 2024 में हल्ड के अनुसार वैश्विक आबादी का 15% (1.3) बिलियन लोग किसी न किसी प्रकार की विकलांगता से 2 से 4 मिलियन लोग गंभीर विकलांगता के साथ जी रहे हैं। विकलांगता जीवन को समझने का एक नया नजरिया देती है। अधिवक्ता रामचंद्र रविदास ने कहा कि विकलांगता अभिशाप नहीं, बल्कि विकलांग व्यक्ति हमारी तरह ही इंसान हैं । विकलांग व्यक्ति को समाज में समान स्थान और सहयोग मिलना चाहिए । विकलांगता के उपरांत भी संयम, परिश्रम, संकल्प और धैर्य हर कठिनाइयों को पार कर सफलता पाई जा सकती है। कहते हैं डिसेबिलिटी इस नॉट इनेबिलिटी अर्थात विकलांगता असमर्थता नहीं है, बल्कि उन्हें समर्थ बनाया जा सकता है।विकलांगता व्यक्ति की कमजोरी नहीं उनकी ताकत है। दिव्यांग व्यक्ति के प्रति भी आदर भाव रखना आवश्यक है। प्रो.संजीव कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को सहानुभूति की नहीं, बल्कि अवसरों और समानता की आवश्यकता होती है। यदि उन्हें सही मंच और संसाधन उपलब्ध करा दिए जाएं, तो वे अपने हुनर को साबित कर सकते हैं। प्रो.आनंद कुमार सिंह ने कहा कि विकलांग बच्चों को शिक्षा देना पुनीत कर्तव्य है। क्योंकि शिक्षा दान एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य है। उनकी आवश्यकता भिन्न भिन्न होती है। इसलिए उन्हें विशेष शिक्षण पद्धतियों की आवश्यकता होती है।

# रेफरल अस्पताल में आयुष्मान कार्ड को लेकर आशाकर्मी की हुई बैठक



जमुई [ झाझा ] मंगलवार को आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आशाकर्मी को प्रत्येक दिन 5 आयुष्मान कार्ड की दी गई जिम्मेवारी को लेकर रेफरल अस्पताल के सभागार में आशाकर्मी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीसीएम पंकज कुमार ने आशाकर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों का जिसका राशनकार्ड बना हुआ है उसका हर हाल में कार्ड बनाए। इसके अलावे बिना राशनकार्ड के 70 वर्ष से अधिक उम्र वालों का भी बनाना सुनिश्चित करे। बीसीएम ने आशाकर्मी से कहा की जिलाधिकारी के आदेशानुसार इस कार्य को हर हाल में पूरा करे अगर इस कार्य मे किसी भी तरह की कोई लापरवाही बरते है तो उसके ऊपर विभाग के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# वर्तमान युवा पीढ़ी पूर्व राष्ट्रपति डॉ .राजेंद्र प्रसाद जैसे महान विभूति की जीवनी को पढ़ें : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा शहर के जुबली वेल स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद चैक पर जाकर उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला अल्प संख्यक कल्याण पदाधिकारी सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार दीपक सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपने सार्वजनिक जीवन में जिस प्रकार से सादगी, सेवा एवं त्याग का अप्रतीम उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह हमारे वर्तमान युवा पीढ़ि के लिए अनुकरणीय है। जिलाधिकारी ने सभी युवा पीढ़ि से अपील करते हुए कहा कि वे डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे महान विभूति की जीवनी को पढ़ें और जिस तरह से उन्होंने अपने जीवन में उच्च आदर्शा का मानदण्ड रखा है, उसका अपने जीवन में अनुसरण करें, तभी आज के दिन में उन्हें हम सब के द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारत गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति, महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था। सम्मान से उन्हें प्रायः राजेन्द्र बाबू कहकर पुकारा जाता था। राजेंद्र प्रसाद को अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया। 1962 में उन्हें उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। यद्यपि राजेन्द्र बाबू की पढ़ाई फारसी और उर्दू से शुरू हुई थी तथापि बी० ए० में उन्होंने हिंदी ही ली। वे अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, फारसी व बंगाली भाषा और साहित्य से पूरी तरह परिचित थे तथा इन भाषाओं में सरलता से प्रभावकारी व्याख्यान भी दे सकते थे। हिन्दी के प्रति उनका अगाध प्रेम था। हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं जैसे भारत मित्र, भारतोदय, कमला आदि में उनके लेख छपते थे। उनके निबन्ध सुरुचिपूर्ण तथा प्रभावकारी होते थे। 1926 ई० में वे बिहार प्रदेशीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के और 1927 ई० में उत्तर प्रदेशीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति थे। हिन्दी में उनकी आत्मकथा बड़ी प्रसिद्ध पुस्तक है। अंग्रेजी में भी उन्होंने कुछ पुस्तकें लिखीं। उन्होंने हिन्दी के देश और अंग्रेजी के पटना लॉ वीकली समाचार पत्र का सम्पादन भी किया था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनका पदार्पण वकील के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत करते ही हो गया था। राजेन्द्र बाबू महात्मा गाँधी की निष्ठा, समर्पण एवं साहस से बहुत प्रभावित हुए और 1928 में उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय के सीनेटर का पदत्याग कर दिया। 1914 में बिहार और बंगाल मे आई बाढ़ में उन्होंने काफी बढ़ चढ़ कर सेवा-कार्य किया था। भारत के स्वतन्त्र होने के बाद संविधान लागू होने पर उन्होंने देश के पहले राष्ट्रपति का पदभार सांभाला। हिन्दू अधिनियम पारित करते समय उन्होंने काफी कड़ा रुख अपनाया था। राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने कई ऐसे दृष्टांत छोड़े जो बाद में उनके परवर्तियों के लिए उदाहरण बन गए। 12 वर्षों तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने के पश्चात उन्होंने 1962 में अपने अवकाश की घोषणा की। अवकाश ले लेने के बाद ही उन्हें भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया।

# बाबा झुमराज मंदिर पहुंचे मंत्री सुमित सिंह, मंदिर विकास पर दिये लाखों रुपए की सौगात

प्रात: किरण, संवाददाता



सोनो जमुई : मंगलवार को जमुई जिले के प्रसिद्ध बाबा झुमराज मंदिर बटिया पहुंचे विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने माथा टेंककर जनता के लिए कामना की । मौके पर मौजूद धार्मिक न्यास बोर्ड पटना के द्वारा गठित बाबा मंदिर की नये कमेटी सदस्यों के अलावा जदयू कार्यकताओं ने फुल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया । इधर मंत्री श्री सिंह के द्वारा नये कमिटी सदस्यों से ली गई विधि वयवस्था की जानकारी को संतोष जनक बताया । उन्होंने मंदिर की विकास एवं यात्रियों की सुविधा के लिए तत्काल दो चापाकल , चार सार्वजनिक स्नान घर , छह सार्वजनिक शौचालय का निर्माण एवं एक मुख्य तौरन द्वार अविलंब निर्माण कराने की घोषणा की । इसके अलावा बाबा मंदिर के उपर 81 फीट ऊंची गुंबद निर्माण के लिए उन्होंने साढ़े पांच लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि बाबा झुमराज मंदिर में अपार संभावनायें हें , क्योंकि बाबा झुमराज से मांगी गई मुरादें कभी खाली नहीं होती । लिहाजा बाबा मंदिर मे उमड़ने वाली श्रद्धालुओं के लिए बहुत जल्द पर्यटक स्थल का निर्माण किया जायेगा । मंत्री श्री सिंह ने नये कमिटी सदस्यों द्वारा मंदिर परिषर में किये जा रहे कार्यों को बारी बारी से जाकर देखा , एवं संतोषजनक कार्य को देखने के बाद कमिटी के सदस्यों को धन्यवाद दिये । श्री सिंह ने कमिटी सदस्यों को कड़े लहजे में कहा कि बाबा मंदिर के आसपास छोटे बड़े व्यवसाईयों को कमिटी द्वारा किसी भी प्रकार की दिक्कतें नहीं होनी चाहिए । कमिटी कोषाध्यक्ष लल्लू प्रसाद बरनवाल ने बताया कि मंत्री सुमित कुमार सिंह का आगमन बाबा मंदिर के लिए सौगात आने वाली है , उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए मंत्री श्री सिंह को कई प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई । इस मौके पर मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष बरनवाल , कोषाध्यक्ष लल्लू प्रसाद बरनवाल , सचिव राकेश कुमार सिंह के अलावा कमेटी सदस्यों मे तालेबर सिंह , प्रमोद बरनवाल , जानकी सिंह के अलावा जदयू कार्यकताओं मे गांगो पासवान , नारायण पासवान , लखन पासवान , राजेश बरनवाल , जितेंद्र बरनवाल , रंजित बरनवाल , जनार्दन यादव , बहादुर यादव , संजय साह , दिवाकर सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता ओर ग्रामीण जन मौजूद रहे ।

# नव वर्ष में जिले वासियों को स्वास्थ्य सेवा में मिलेगा नया सौगात, 100 सैया वाले अस्पताल को आमजन के लिए शुरू कर दिया जाएगा : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। नव वर्ष 2025 में जिलेवासियों को स्वास्थ सेवा में नई सौगात के रूप में 100 शैय्या वाले अस्पताल को आमजन के लिए शुरू कर दिया जाएगा, जो और भी कई नई और बेहतर सुविधाओं से लैस होगा। उक्त बातें जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने मंगलवार को सदर अस्पताल के निमार्णाधीन 100 शैय्या वाले अस्पताल भवन के स्थलीय निरीक्षण के दौरान कही। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो फैजान अशर्फी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि आज निमार्णाधीन 100 शैय्या वाले अस्पताल भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के क्रम में जहां कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाया गया है, वहीं निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है, जिसे एक माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। यह अस्पताल जिलेवासियों के लिए नव वर्ष में एक नई सौगात के रूप में मिलेगा, जो कई बेहतर एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस अस्पताल भवन में 12 शैय्या का आईसीयू, 16 शैय्या का एचडीयू तथा 28 शैय्या का इमरजेंसी वार्ड होगा। इसके अलावे संपूर्ण अस्पताल वातानुकूलित रहेगा। साथ ही अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर, एक्स-रे, अल्ट्रा साउंड, पैथोलॉजी, लैब आदि सभी सुविधाएं एक ही भवन में उपलब्ध रहेगी। मरीजों के दवा आदि की भी व्यवस्था भवन परिसर में ही होगी, जिससे मरीजों अथवा उनके परिजनों को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। तीन तल वाले इस अस्पताल भवन में लिफ्ट की भी व्यवस्था की गयी है, जिसके माध्यम से गंभीर मरीजों को लिफ्ट के माध्यम से उपरी तल अथवा ओ.टी में ले जाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल अत्यंत ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा, जिसमें मरीजों को एक ही परिसर में सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। राज्य सरकार तथा माननीय मुख्यमंत्री जी का जो स्वस्थ बिहार, विकसित बिहार का सपना है, उसमें यह अस्पताल मिल का पत्थर साबित होगा। साथ ही जिलेवासियों को जल्द ही मेडिकल कॉलेज भी सौगात के रूप में मिल जाएगा। इससे जिले के विकास में एक नया आयाम मिलेगा।

# जनसंख्या पर भाजपायी विमर्श को बढ़ाते भागवत


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की गुजारिश की है और उसे जनसंख्या विज्ञान के 2.1 के फामूर्ले से जोड़कर चाहे सियासी अर्थों को छिपाने की कोशिश की हो, लेकिन सच्चाई यह है कि इस बयान के पीछे उनके संगठन के वे ही पुराने गहन राजनैतिक मकसद मौजूद हैं जिसके लिये वह जानी जाती है- ध्रुवीकरण। उनका बयान ऊपरी खुले तौर पर चाहे संघ की राजनीतिक विंग भारतीय जनता पार्टी द्वारा अब तक की सोच के विपरीत दिखाई देता हो, जो देश के सामने अक्सर बढ़ती आबादी को लेकर चिंता जताती आई है, परन्तु भागवत के बयान को भाजपा के लिये एक दिशानिर्देश की तरह भी देखा जा रहा है। बहुत सम्भव है कि केन्द्र सरकार भागवत के बयान के अनुकूल कोई ऐसी जनसंख्या नीति लेकर आये जिससे हिन्दुओं की आबादी को बढ़ाया जा सके। संघ और भाजपा जनसंख्या सम्बन्धी वास्तविक तथ्यों व आंकड़ों को दरकिनार कर यह प्रचारित करती आई है कि देश में हिन्दुओं की आबादी घट रही है और मुस्लिमों की बढ़ रही है। देश में इस्लामोफोबिया बढ़ाने के लिये जनसंख्या को गलत तरीके से पेश करना संघ-भाजपा की पुरानी नीति है। अनेक महत्वपूर्ण मौकों पर भागवत हों या इन दो संगठनों से जुड़े लोग, इसका डर दिखाते रहे हैं। नागपुर में एक संगठन के सम्मेलन में दिये भाषण में भागवत ने कहा कि- 2.1 की कम प्रजनन दर वाला समाज अपने आप नष्ट हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे कम जनसंख्या वाला समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट न हो। बिना संकट के भी ऐसे समाज के नष्ट होने की बात उन्होंने सम्भवतः इसलिये कही होगी ताकि लोग इस बात को तार्किक व वैज्ञानिक आधारों वाला कोई निष्कर्ष समझें और उन पर यह तोहमत न लगे कि वे लोगों को डरा रहे हैं या हिन्दू-मुस्लिम कर रहे हैं। उन्होंने कई भाषाओं और समाज के नष्ट होने की बात करते हुए लोगों को चेताया कि प्रजनन दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिये। इस वृद्धि दर को बनाये रखने के लिये लोगों को दो से ज्यादा (यानी तीन) बच्चे पैदा करने चाहिये। उन्होंने याद दिलाया कि देश में 1998 और 2002 में जो जनसंख्या सम्बन्धी नीतियां तय की गयी थीं उनमें भी 2.1 की दर को बनाये रखने की बात कही गयी थी। हालांकि उन्होंने अमूमन कम याददाश्त वाली जनता के सामने स्पष्ट नहीं किया कि ये दोनों नीतियां भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस शासित कार्यकाल में लाई गयी थीं। चूंकि उनमें अनेक ऐसे राजनीतिक दलों का समावेश था जो इस मामले में दूसरी राय रखते थे, यह नीति कभी भी प्रभावशाली ढंग से लागू नहीं हो पाई थी। अटल बिहारी वाजपेयी वाली यह सरकार 2004 में जाती रही तथा उसके बाद आई यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की सरकार (पीएम डॉ. मनमोहन सिंह- दो कार्यकाल) ने इस अनर्गल विषय को तूल देने या बढ़ती आबादी को लेकर रोना-धोना करने की बजाय अधिकतम आबादी को काम देने की नीति पर कार्य किया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी इस पर कोई काम करने की बजाय सियासी मुद्दा बनाकर समाज के भीतर उसे जिन्दा रखा। अपने पहले कार्यकाल (2014-19) के दौरान मोदी आबादी को लेकर एक सकारात्मक रवैया अख्तियार करते नजर आये। उन्होंने अधिक जनसंख्या को, खासकर युवाओं की बहुलता के कारण भारत के लिये एक सौगात बताया। यह एक तरह से चीन की तरह की रणनीति अपनाने जैसा था जिसने बड़ी आबादी को अपनी ताकत बना दिया है। चूंकि पहले-पहल के मोदी भारत को चीन और अमेरिका के मुकाबले में लाने के दावे करते रहे, इसलिये कुछ समय तक तो उनकी पार्टी ने भी देश की आबादी बढ़ने का दुखड़ा सुनाना बन्द कर दिया जो इसका ठीकरा अक्सर मुस्लिम समुदाय पर फोड़ते थे। यह कारगर साबित इसलिये नहीं हुआ क्योंकि भाजपा और संघ के लोग हमेशा से जो बात सुनते आये थे और जिस पर भरोसा करते रहे, मोदी उसके विपरीत बोल रहे थे।

# चीन-नेपाल की नजदीकी का क्या है मतलब? ड्रैगन की नापाक चाल

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपनी पहली विदेश यात्रा पर चीन पहुंच गए हैं। इस यात्रा को नेपाल को चीन के और नजदीक ले जाने का सूचक माना जा रहा है, क्योंकि परंपरागत तौर पर नेपाल के नए प्रधानमंत्री पहली विदेश यात्रा पर भारत आते रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत विरोध और चीन से मित्रता ओली की व्यक्तिगत रुचि रही है। ओली हमेशा चीन के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने भारत विरोध का सहारा लेकर ही अपनी राजनीति मजबूत की है, फिर चाहे वह 2015 में की गई सीमा की नाकाबंदी हो, 2019 में सीमा-विवाद का राजनीतीकरण करना हो या फिर नेपाल का एक विवादित नक्शा लाना हो, जिसमें नेपाल ने भारत के कुछ संप्रभु क्षेत्रों को अपना दिखाया। ओली का राजनीतिक झुकाव चीन की ओर होना भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन उनकी इस यात्रा को नेपाल का भारत से दूर जाना मान लेना भारत की ह्यपड़ोसी प्रथमह्व नीति को कमजोर करार देने के बराबर है। तथ्य बताते हैं कि जितनी भी बार ओली और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (एमाले) ने चीन के साथ समझौते या राजनीतिक संबंधों की वकालत की है, वह मुख्यतः प्रतीकात्मक ही रही है और परिणामों पर कम खरी उतरी है। चूंकि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता एक सामान्य बात है और हर छह-आठ महीनों में एक नई सरकार आती है, ऐसे में हर प्रधानमंत्री का भारत आना नेपाली विदेश नीति के लिए दूसरे पड़ोसी देश की अनदेखा करने का संकेत माना जा सकता है। इससे उसके हित प्रभावित हो सकते हैं। यहां यह भी देखना जरूरी है कि ओली नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ एक गठबंधन वाली सरकार चला रहे हैं और नेपाली कांग्रेस भारत के साथ मजबूत संबंधों की वकालत करती रही है। चूंकि मौजूदा सरकार में विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस से हैं, ऐसे में नेपाली कांग्रेस भारत के साथ इतना बड़ा जोखिम लेने से बचेगी। इसलिए नेपाल दो पड़ोसियों के बीच संतुलित विदेश नीति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ओली का चीन के प्रति झुकाव नेपाल के लिए फायदे का सबब बना है? उत्तर नकारात्मक ही है, क्योंकि नेपाल और चीन के बीच जितने भी बड़े समझौते पिछले दस वर्षों में हुए हैं, उनमें ज्यादातर ठंडे बस्ते में पड़े हैं और यह बात चीन को सताती रही है। मई 2017 में चीन ने नेपाल के साथ बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर समझौता किया, जिसे चीन की एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के तौर पर देखा गया, क्योंकि भारत लगातार बीआरआई के अंतर्गत बने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की आलोचना करता रहा है। बीआरआई समझौते के तहत चीन को नेपाल में बड़े बुनियादी ढांचे वाली तमाम परियोजनाओं में निवेश करना है, जिनमें ट्रांस-हिमालयन बहुआयामी कनेक्टिविटी नेटवर्क खास है, जो नेपाल को रेल एवं सड़क मार्ग से तिब्बत प्रांत से जोड़ने वाला है। इससे ऐसा लगा कि नेपाल चीन के रास्ते भारत पर अपनी निर्भरता कम करने का मार्ग खोज रहा है, लेकिन करीब सात वर्ष बीत जाने के बाद भी नेपाल में ऐसी एक भी परियोजना लागू नहीं हो सकी है। इसके दो कारण हैं। पहला, नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता के चलते परियोजनाओं की पहचान नहीं हो पाई है। दूसरा, नेपाल लगातार चीन से बीआरआई के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं के लिए सहयोग वित्तीय सहायता के तौर पर चाहता है। जबकि चीन कर्ज देने में रुचि रखता है। श्रीलंका का उदाहरण देखते हुए नेपाल इससे डर रहा है। बड़े कर्ज के चलते श्रीलंका को अपने हंबनटोटा जैसे बंदरगाह का नियंत्रण चीन के हाथों में देना पड़ा है। अगर नेपाल चीन से कर्ज लेता है तो भविष्य में उसे नेपाल पर दबाव बनाने का अवसर मिलेगा, जो बीआरआई का मुख्य वैश्विक उद्देश्य रहा है। वर्ष 2016 में ओली ने अपनी चीन यात्रा के दौरान उसके साथ परिवहन एवं परिगमन समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत नेपाल चीन के छह बंदरगाहों के रास्ते अन्य देशों से व्यापार कर सकता है। नेपाल पूरब में चीन से और तीन ओर से भारत से घिरा हुआ है। वह भारत के बंदरगाहों का उपयोग कर अन्य देशों से व्यापार करता रहा है। यह उसके लिए हर तरह से फायदेमंद है, लेकिन 2015 में भारत के साथ सीमाबंदी का मुद्दा सामने आने के बाद ओली ने चीन को एक विकल्प के तौर पर दिखाने का प्रयास किया।

# एक हैं, तो सुरक्षित हैं के नारे के मर्म को समझा हिंदुसमाज ने

**यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने एक है तो सुरक्षित है के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया है। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है। सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ।**





**डॉ. आर.के. सिन्हा**
**लेखक**

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, ह्लएक हैं तो सुरक्षित हैंह्व। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ.हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्व से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है। मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े, क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे, कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना(उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे। सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी। दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थीः भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए बटेंगे तो कटेंगे नारे का इस्तेमाल किया। आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बंटेंगे तो कटेंगे के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ बंटेंगे तो कटेंगे के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिन्दू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी जी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने सत्ता की लालसा में पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को ह्लएकताह्व तथा ह्यएक हैं तो सुरक्षित हैंह्व नारे के पीछे की भावना बताया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है र

# अडानी को जांच से बचाने का मोदी सरकार का निराशोन्मत्त प्रयास

**कई मायनों में, अडानी का मामला इस बात का उदाहरण है कि कैसे शक्तिशाली निगमों और राजनीतिक अभिजात वर्ग के हित एक दूसरे से इस तरह से जुड़े हुए हैं कि वे लोकतांत्रिक और कानूनी प्रक्रियाओं को विकृत कर रहे हैं, जिनकी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। जब सरकार गंभीर अपराधों के लिए जांच के दायरे में आई किसी कंपनी के पीछे खड़ी होती है, तो यह इस बात को लेकर परेशान करने वाले सवाल खड़े करता है कि किस हद तक कॉपोरेट हित राष्ट्रीय नीति को प्रभावित कर रहे हैं। अडानी समूह कोई अलग उदाहरण नहीं है**





**के रवींद्रन**
**लेखक**

कई मायनों में, अडानी का मामला इस बात का उदाहरण है कि कैसे शक्तिशाली निगमों और राजनीतिक अभिजात वर्ग के हित एक दूसरे से इस तरह से जुड़े हुए हैं कि वे लोकतांत्रिक और कानूनी प्रक्रियाओं को विकृत कर रहे हैं, जिनकी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। जब सरकार गंभीर अपराधों के लिए जांच के दायरे में आई किसी कंपनी के पीछे खड़ी होती है। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बाद अडानी समूह और भारत सरकार द्वारा किये गये बचाव ने भारत में कॉरपोरेट हितों और राजनीतिक शक्ति के बीच परस्पर सम्बंधों के बारे में गंभीर सवाल खड़े किये हैं। जहां एक ओर अमेरिकी जांच ने भ्रष्टाचार सहित गंभीर वित्तीय अपराधों को उजागर किया, वहीं अडानी समूह और भारत सरकार दोनों ने कंपनी का बचाव करने के लिए एक संयुक्त मोर्चा पेश किया और कहा कि आरोपों को केवल तकनीकी रूप से तैयार किया गया है और कम्पनी का नेतृत्व किसी भी कदाचार में शामिल नहीं है। लेकिन बचाव को मोदी सरकार की ओर से कॉरपोरेट हितों को बचाने के लिए एक रणनीतिक चाल के रूप में ही देखा जा सकता है। अमेरिकी आरोप, जो संभावित धोखाधड़ी गतिविधियों, स्टॉक मूल्य हेरफेर और अपतटीय संस्थाओं से संबंधों की ओर इशारा करते हैं, न केवल कंपनी के संचालन के लिए बल्कि भारत के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके व्यापक प्रभाव के रूप में एक गंभीर खतरा पेश करते हैं। अमेरिकी जांचकर्ताओं ने अडानी समूह के लेन-देन में गहराई से जांच की है, जिसमें अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिसका अंतरराष्ट्रीय व्यापार और घरेलू निवेश विश्वास दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। स्थिति की गंभीरता के बावजूद, अडानी समूह और भारत सरकार की प्रतिक्रिया दृढ़ रही है। अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह ने कहा है कि उसके खिलाफ आरोप निराधार हैं, उन्हें गलतफहमी या सबसे खराब स्थिति में, अनुपालन में तकनीकी त्रुटियों के अलावा कुछ नहीं बताया जा सकता। भारत सरकार की ओर से अडानी समूह के बचाव को मजबूत राजनीतिक समर्थन मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं ने दावा किया है कि यह निजी संस्थाओं से जुड़ा एक विशुद्ध रूप से कानूनी मामला है, और इसलिए, सरकार से चल रही कानूनी कार्रवाई में हस्तक्षेप करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, इस बयानबाजी ने अंतर्निहित प्रेरणाओं के बारे में संदेह को कम करने में बहुत कम मदद की है। मामले को वित्तीय कदाचार के गंभीर मामले के बजाय कानूनी तकनीकी मुद्दों के रूप में पेश करके, अडानी समूह और भारत सरकार दोनों ही रणनीतिक रूप से आरोपों की मूल प्रकृति से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रूप से एक समान रही है, भारत में प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और यहां तक कि मीडिया आउटलेट्स ने अडानी समूह के पक्ष में दलीलें दीं तथा इसे वित्तीय घोटाले में उलझी कंपनी के बजाय विदेशी हस्तक्षेप का शिकार बताया। इस बचाव के व्यापक निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह इस बात पर सवाल उठाता है कि भारत में कॉपोर्रेट प्रभाव किस हद तक सरकारी कार्रवाई से जुड़ा है। ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रसद में अपने विशाल व्यावसायिक हितों के साथ अडानी समूह भारत की सबसे प्रभावशाली कॉपोर्रेट संस्थाओं में से एक है। इसका उदय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के आर्थिक विकास के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। पिछले दशक में अडानी समूह की धूमकेतु की तरह वृद्धि को अक्सर देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की इसकी आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस प्रकार, समूह का बचाव केवल एक कॉपोर्रेट मुद्दा नहीं है - इसे राष्ट्रीय हित का मामला बना दिया गया है। अगर भ्रष्टाचार के इन आरोपों को दबा दिया जाता है या महज तकनीकी बातों के तौर पर खारिज कर दिया जाता है, तो इससे पारदर्शिता और नैतिक व्यावसायिक गतिविधियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में विश्वास कम होने का जोखिम है। अडानी समूह के राजनीतिक हस्तियों के साथ घनिष्ठ संबंध अच्छी तरह से उजागर हैं। कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या इन संबंधों ने समूह को नियामक जांच की पूरी सीमा से बचाने में मदद की है। इसलिए, समूह का बचाव करने में सरकार की भूमिका ने राजनीतिक अभिजात वर्ग की संभावित मिलीभगत के बारे में चिंता जताई है, जो जवाबदेही पर कॉपोर्रेट सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली प्रणाली को बढ़ावा दे रहा है। अडानी समूह और भारत सरकार दोनों द्वारा निर्मित कथा एक निर्दोष पक्ष के रूप में सावधानीपूर्वक तैयार किये गये चित्रण पर टिकी हुई है, इस आरोप के साथ कि इसे विदेशी शक्तियों द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। यह बयानबाजी एक व्यापक राष्ट्रवादी कथा की प्रतिध्वनि है जो घरेलू निगमों, विशेष रूप से सरकार के साथ निकटता रखने वालों को अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप के शिकार के रूप में पेश करती है। आरोपों को भारत की संप्रभुता और इसकी आर्थिक उपलब्धियों पर हमले के रूप में पेश करके, सरकार ने आलोचना को कुशलतापूर्वक टाल दिया है, और खुद को विदेशी आलोचकों के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव के रक्षक के रूप में पेश किया है। हालांकि,यह राष्ट्रवादी रूपरेखा अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे से ध्यान हटाती है कि क्या अडानी समूह ने विकास और मुनाफे की तलाश में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय कानूनों और नैतिक मानदंडों का उल्लंघन किया है? यदि अमेरिकी अधिकारी अपनी जांच को आगे बढ़ाते रहते हैं, तो इससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव पैदा हो सकता है।

# मौत के संदेश में क्या सच है ऐ राम ही जाने

**संजय गोस्वामी**

हाल ही में ब्लैक एंड वाइट विश्लेषण में आजतक टीवी में मौत के संकेत पहले मिल जाते है दिखाया गया और उसमें अस्पताल में एक मैना का संवाद भी दिखाया कि हम भी आ रहें हैं जैसा की मालूम होगा बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा जिंदगी और मौत से जूझते हुए अपने जीवन के अंतिम दिनों में जब अस्पताल में थी तो का मंगलवार रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें कैंसर था। गायिका मल्टीपल मायलोमा नामक रक्त कैंसर से जूझ रही थीं, जिसने 2018 से उनके स्वास्थ्य को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने छठ पूजा के पहले दिन यानि 5नवंबर 24को अंतिम सांस ली, यह दिन उनके प्रशंसकों के लिए विशेष रूप से उनके प्रतिष्ठित छठ महापर्व गीतों के कारण महत्वपूर्ण है ।जहाँ तक मौत को जानने का संदेश मिलने की बात है यह कहीं विज्ञान ने सिद्ध तो नहीं किया है लेकिन कभी कदाल दिव्य मनुष्य को हो जाता होगा लेकिन जीवन के अंतिम दिनों तक केवल जिसे फांसी पर चढ़ाई जाती है उसे ही मालूम होता होगा ईश्वर ने सभी को समय पर जन्म व मौत उनके कर्मों के आधार पर मिलता है आखिर दिन क्या अंतिम समय तक स्थूल शरीर में जीवन की आस में मनुष्य रहता है ईश्वर ने सबको एक ही समय दिया है लेकिन इंसान गलतियां कर बैठता है और अकाल मौत हो जाता है यानि मौत भी दो प्रकार से होती है एक अकाल मौत दूसरा समयानुसार मौत, मौत तो जीवन का सत्य है लेकिन लोग जानकर भी अनजान बन जाते हैं, मैं एक बार इसी तरह काल के चक्र में फंसकर 2002 में अस्पताल में प्रभु राम की कृपा से बाहर निकला हूँ मुझे फरवरी 2002 में पटना से मुंबई आने के क्रम में काल ने पकड़ लिया था

मैं ईश्वर को ही अपना सबकुछ मानता हूं घर परिवार आपका कुछ भी अपना नहीं है जिसे आप अपना मानते हैं वहीं आपके मरने पर जला देते हैं रोते हैं चिल्लाते हैं और फिर कुछ दिनों बाद भूलकर फिर माया के दलदल में धंसते चले जाते हैं मेरी मौत तो बहुत ही पहले तय थी आप 2002 का अस्पताल में पड़ा मौत और जीवन की जंग से लड़ रहा था देखें जब मैं टाइफाइड में कभी 104-105 डिग्री ऋसे निचे जा ही नहीं रहा था करीब 1महीने हो गए डॉ ने लगभग सभी दवाई चलाई लेकिन कोई सूट नहीं कर रहा था उस उस समय एक ही सहारा मेरे माता-पिता थे जो खारघर से आते जाते थे जब एक महीने से ऊपर हो गया और उस समय न कुछ खा पा रहा था सिर्फ पानी चढ़ रहा था कोई भी दवा शुट नहीं कर रहा था बर्फ की सिल्ली से कुछ बाहर से बड़े बड़े डाक्टर को बुलाया गया अंत मेंजब डॉक्टर ने जबाव दे दिया डॉक्टर ने आठ मे हार मान ली क्योंकि उस समय जो वार्ड में शिफ्ट किया था वहां सब पटापट मर रहे थे सारे घर से आ गए थे डॉक्टर बोल दिया 2दिन के अंदर आपका लड़का चला जाएगा मैं ,चल नहीं पा रहा था उस समय आपकी स्थिति बड़ी विचित्र रहती उस समय मेरी नई शादी हुई थी और मेरी एक बच्ची हुई थी मैं सबका रोते रोते बुरा हाल था मैं बेहोश की अवस्था में था एक ही जिच अपने अंदर ध्यान किया था वो थे गुरु गोबिंदसिंहजी का ध्यान अचानक पैर हाथ सुन हो गए और एक का काली सी परछाई दिखाई देती है और आंख बंद हो रहा था यानि यमराज मेरी प्राण लेने के लिए कमरे में आया तो जरूर था लेकिन गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज घोड़े पर सवार होकर आए थे और यमराज को भगा दिया आप इसे कुछ भी माने मैं तो मानता हूं एक अद्भुत सा प्रकाश मेरे खड़े से टकराती है और कुछ समय बाद कुछ ताकत सा आ गया डाक्टर ने निर्णय लिया अतः में एक दवाई चलाकर देखता हूं जो हाई एंटीबायोटिक था मोनोसेफ इंजेक्शन नस में पानी चढ़ने का ट्युब लगा था और उसी से दिया गया और धिरे धिरे सब दवा सुट करने लगा ओर कुछ दिनों बाद ठीक हुआ सपने में गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज ने कहा कि अगर तुम इस दुनिया से चला जाता तो तुम्हारे माता पिता का मेरे ऊपर से विश्वास उठ जाता ,मेरे टिचर डा शमशेर सिंह फिजिक्स पढ़ाते भक्त कुछ अच्छी बातें भी करते थे जैसे उन्होंने बताया कि एक राजा ने गुरु नानक देव को मारना चाहा पानी आग जब कुछ कर नहीं पाया तब पत्थर ही पत्थर उनके शरीर पर रख दिया और गुरु नानक देव जी पत्थर के ऊपर लेटे हुए थे और उसने क्षमा मांगी गुरु नानक देव जी ने उनसे कहा लंगर चला एक बार गुरु नानक देव जी मरे हुए हाथी को जिंदा कर देते हैं और फिर राजा के कहने पर उसे पुनः मौत दे देते हैं तभी राजा पुछता है अब आप इसे जिंदा क्यों नहीं कर रहे हैं गुरु जी कहते हैं यह प्रकृति का नियम है तो आया है वो जाएगा भी मैंने मालिक से फरियाद लगाई और जिंदा हो गया था।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में अपनी भूमिका का निवर्हन करेंगे पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म के सदस्य

## नाइट ब्लड सर्वे और दवा सेवन के प्रति समुदाय में फैलाएंगे जागरूकता

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने में पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म के सदस्यों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। प्लेटफार्म के सदस्यों ने बैठक कर यह संकल्प लिया है कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में भरपूर सहयोग करेंगे। इसको लेकर सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड के इनई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म का कोर कमिटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान विभिन्न हितधारकों ने पीएसपी सहयोग के लिए अपनी-अपनी भूमिका का निर्धारण किया। बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। सरपंच पति व पूर्व सरपंच चंद्रकिशोर सिंह ने ग्राम कचहरी बैठक और आम सभा के दौरान सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई। इसके अतिरिक्त, भविष्य में प्रचार गाड़ी और आम बैठकों के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने का प्रस्ताव रखा गया। जीविका की सीएम बिन्दू देवी और सोनी कुमारी द्वारा अपनी साप्तातिक मासिक मीटिंग से सामाजिक जागारुकता फैलाने की बात कही गयी। इसमें नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों और ग्रामीण चिकित्सक, विकास मित्र, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकताओं ने अपनी भूमिका का भरपूर निवर्हन करने का आश्वासन दिया। विदित हो कि सारण जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर यह प्लेटफार्म विकसित किया जा रहा है। जिसमें सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के द्वारा तकनीकि सहयोग किया जा रहा है। इस बैठक में सरपंच पति एवं पूर्व सरपंच चंद्रकिशोर सिंह, पंच मुकेश कुमार, सदस्य पंकज सिंह, एनवाइके सदस्य विवेक कुमार, विकास मित्र प्रभावति देवी, ग्रामीण चिकित्सक ध्रुव शर्मा एएनएम आरती कुमारी, आशा मीना देवी, सीता देवी, सेविका लक्ष्मीणा देवी, जीविका से बिंदू देवी, सोनी कुमारी, सीफार के प्रोग्राम एसोसिएट कृष्णा सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जायेगा जागरूक

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर समुदाय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह नुक्कड़ नाटक नेहरू युवा केंद्र के द्वारा किया जायेगा। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। नुक्कड़ नाटक एक प्रभावशाली और सरल तरीका है, जिसके माध्यम से जागरूकता अभियान को आम लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। इस नाटक में पात्रों के माध्यम से फाइलेरिया की पहचान, बचाव और उपचार के तरीकों पर रोशनी डाली जाएगी। साथ ही, यह लोगों को फाइलेरिया की गंभीरता और इसे समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा। नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि विवेक कुमार ने बताया कि इस नाटक के जरिए हम युवाओं और समुदाय के अन्य सदस्यों को न सिर्फ फाइलेरिया के बारे में बताएंगे, बल्कि उन्हें इसके उन्मूलन के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित करेंगे। नेहरू युवा केंद्र का यह प्रयास फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म के सदस्य इस अभियान को अपने सामूहिक प्रयासों से सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मोत्स्व हर्षोउल्लास के साथ मना

प्रात: किरण, संवाददाता



बनियापुर। प्रखंड के सुप्रसिद्ध विद्यालय डीएवी स्कूल में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय आई जी श्री विकास वैभव सहित विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार, सचिव प्रमोद सिंह, प्राचार्य अमन सिंह तथा उपस्थित गणमान्य लोगों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के फोटो पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया।

उक्त मौके पर आई जी श्री विकास वैभव के द्वारा एक संकल्पित नमस्ते बिहार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से निदेशक धनंजय कुमार एवं सचिव प्रमोद सिंह ने किया।

निदेशक धनंजय कुमार ने कहा कि बिहार अपने गौरवशाली इतिहास के लिए सदैव जाना जाता रहा है और इसकी भूमि सदैव महापुरुषों की जननी रही है। वहीं सचिव प्रमोद सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आगे बढ़ने को कहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास वैभव सर ने बच्चों को बिहार के गौरवशाली इतिहास एवं बच्चों को उच्च शिक्षा के बाद उचित राह पर जाने का मार्गदर्शन किया। समारोह में विद्यालय के दो सौ से अधिक छात्र-छात्राएँ एवं दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य अमन सिंह ने किया।

अपने धन्यवाद ज्ञापन में प्राचार्य ने शिवद्यालय निदेशक व सचिव के तरफ से श्री विकास वैभव सर के संकल्प नमस्ते बिहार को साकार करने में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### मिडिल स्कूल पीपरा पूर्वी के परिसर में स्थापित होगी लाईब्रेरी

प्रातः किरण, संवाददाता

आदापुर। दरपा थाना क्षेत्र के मिडिल स्कूल पीपरा पूर्वी के परिसर में लाईब्रेरी की स्थापना जिला परिषद् क्षेत्र-24 के सदस्य दिलीप कुमार के सौजन्य से होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि जिप सदस्य श्री कुमार एवं बीईओ राकेश मिश्र ने मंगलवार को संयुक्त रूप से स्थल के चयन हेतु विद्यालय का दौरा किया। मौके पर शिक्षक बीरेंद्र राम, अरुण कुमार, नीलम कुमारी, इशरत प्रवीण, मो.आजाद अली, मोजीबुर रहमान, अमन आनंद, विकाश आनंद, जयपाल भगत, पंकज कुमार, सुषमा रंजन प्रसाद, दिनेश कुमार यादव, सुजीत कुमार, प्रेम कुमार, ऋताली शर्मा, कुमार निखिल विवेक आदि शिक्षक मौजूद थे।

### चाचा शिशेखर की जीत किसानों की जीत:प्रो सत्यदेव राय

प्रातः किरण, संवाददाता

रसूलपुर।थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष शशि शेखर राय की दुबारा जीत पर उनके गांव बनपुरा में खुशी की लहर है।रक्षा विभाग के पूर्व निदेशक व जाने माने सनातनी ,राष्ट्रवादी धमानुरागी प्रो सत्यदेव राय परासर ने कहा कि उनके चाचा की जीत किसानों की जीत हैं उनको प्रति सेवा भावना की जीत है।नवादा पंचायत वऱ्ल्लॅ अध्यक्ष को भी दूसरी बार निर्विरोध चुने जाने पर नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष पंकज सिंह के गांव नवादा में खुशी की लहर है।ग्रामीणों का कहना है कि किसान व जरूरमंद ग्रामीणों का सेवा करना का परिणाम है जिसके कारण पंकज सिंह के निर्विरोध चुन लिए गये।उधर असहनी गांव में मुखिया अखिलेश यादव की मां कुसुम देवी की दूसरी बार ,रसूलपुर में भी पम्मी सिंह की तीसरी जीत पर उनके उनके गांवों में खुशी है और लोग बधाई दे रहे हैं।

### इसुआपुर में बिजली के करेंट लगने से युवक की हुई मौत



प्रातः किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के सुम्हां गांव के शीतल राम के 40 वर्षीय पुत्र छबीला राम की मौत मंगलवार को बिजली के करेंट लगने से हो गई। स्वजनों ने बताया कि वह खेत में आलू की फसल की पटवनी कर नंगे पांव घर आया तथा घर के अंदर लगे बिजली के बोर्ड में पल्क लगा रहा था कि इसी दौरान वह बिजली के करेंट की चपेट में आ गया और अचेत हो गया। आनन-फानन में स्वजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर लाया गया। जहां जांचोंपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक छबीला राम मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घटना के बाद मृतक की पत्नी देवंती देवी दहाड़ें मारकर रो रही थी तथा बार-बार में बेसुध हो जा रही थी।वहीं उनके दो पुत्रों तथा एक पुत्री का रो-रो के हाल बुरा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

## 4 जुलाई 2024 को संपन्न नगर निगम बोर्ड की बैठक की पूरी कार्यवाही विभागीय दिशा निर्देश में मान्य:गरिमा

■ तत्कालीन नगर आयुक्त शंभू कुमार ने विभाग को पत्र लिख कर बैठक को अमान्य बताते हुए मांगा था मार्गदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया। बीते 4 जुलाई 2024 को संपन्न नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक के कार्यवाही की मान्यता पर तत्कालीन नगर आयुक्त शंभू कुमार द्वारा उठाए गए सवाल को नगर विकास एवम आवास विभाग ने खारिज कर दिया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने इसको लेकर विभागीय पत्र की प्रति जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा (64)(1)(ए), 64(2) और 27(बी)(6)आदि के संदर्भ से संबंधित विहित प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया है।इसकी जानकारी देते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने श्री परमानंद पांडेय द्वारा जारी संबंधित दिशा निर्देश में बताया गया है कि मुख्य पार्षद (महापौर) द्वारा सत्यापित पार्षदगण के वांछित संख्या वाले हस्ताक्षर के आलोक में सम्पन्न नगर निगम बोर्ड अथवा किसी भी कमेटी की नियमानुकूल और मान्य होगी। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि इस सच्चाई से तत्कालीन नगर आयुक्त श्री शंभू कुमार तब भी अवगत थे। लेकिन तब उनकी मनसा नगर निगम के विकास कार्यों में केवल अड़ंगा लगाने वाली थी। इसी तरह उनका पूरा कार्यकाल नियम प्रावधानों के विपरीत करोड़ों की विकास राशि और योजनाओं को अपने लुट खसोट मचाने में बीत गया था।

# बालिकाओं के अनैतिक व्यापार के विरुद्ध जन जागरुकता के उद्देश्य से शार्ट फिल्म अंधेरे में एक किरण की शूटिंग पूरी

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।। डालसा सारण द्वारा सारण पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से प्रस्तुत जग रोशनी बिहार इंटरटेनमेंट कृत बालिकाओं के अनैतिक व्यापार पर आधारित शार्ट फिल्म ह्यअंधेरे में एक किरणह्न की शूटिंग सम्पन्न हो गयी और अब पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया। रविवार को सीपीएस में श्री पुनीत कुमार गर्ग, प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा सारण द्वारा नारियल फोड़ कर वो क्लैप देकर दूसरे दो दिवसीय शूटिंग शेड्यूल का शुभारंभ किया गया। मौके पर श्री धर्मेन्द्र कुमार पांडेय सचिव डालसा सारण, आनन्द बिहारी प्रसाद, पूर्व अपर सचिव सामान्य प्रशासन, बिहार सरकार, सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ हरेन्द्र सिंह, निमार्ता बिपिन बिहारी श्रीवास्तव, निर्देशक डॉ० अमित रंजन, लायन विकास कुमार सिंह, अभिलाषा ज्योति फाऊन्डेशन, पटना की अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव, रंगकर्मी कंचन बाला फिल्म के तकनीशियन और कलाकार मौजूद रहे। गौरतलब हो कि इसके पहले शूटिंग शेड्यूल का शुभारंभ नारियल फोड़ कर और क्लैप देकर एसपी डॉ० कुमार आशीष ने किया था।

बताते चलें कि अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 11 अक्टूबर को भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में आयोजित आवाज दो कार्यक्रम में डालसा, सारण पुलिस और जिला प्रशासन की अनु प्रेरणा से सीपीएस और इप्टा के कलाकारों द्वारा ह्लअंधेरे में रोशनी की एक किरणह्व नाटक लेखक निर्देशक डॉ० अमित रंजन का आशातीत सफल मंचन किया गया था। इसी नाटक की पृष्ठभूमि पर शार्ट फिल्म का निर्माण किया गया है। इसका कंसेप्ट खुद प्रधान जिला जज का है एसपी, डीएम और सचिव के मार्गदर्शन में शार्ट फिल्म की कथा पटकथा संवाद और निर्देशन डॉ० अमित रंजन ने, गीत संगीत कंचन बाला, बैकग्राउंड स्कोर टुन्नू तनहा, नृत्य मो० आरिफ, ड्रेस एवं मेकअप तथा मुख्य सह निर्देशन रंजीत भोजपुरिया, सह निर्देशन आशीष कुमार सिंह और आयुषी परासर का है। शार्ट फिल्म का निर्माण वरिष्ठ रंगकर्मी फिल्मकार बिपिन बिहारी श्रीवास्तव द्वारा किया गया है। मुख्य कलाकारों में अर्चिता माधव, संभव संदर्भ, प्रिया श्रीवास्तव, राजमणि, श्रेया सिंह, सागर कुमार, पत्रकार पंकज कुमार, डॉ० के० एम० दूबे, श्रेया श्रीवास्तव, आयुषी परासर, शैलेन्द्र कुमार शाही, कंचन बाला, मो० नसिरुद्दीन, श्रेयसी, यशी, गुंजन, दिव्याश, श्रुति, भाव्या, प्रियंका, कीर्ति, शुभम राज आदि 40 से ज्यादा कलाकारों ने काम किया है। फिल्म का प्रिमियर बहुत जल्द होगा और इसे हर विद्यालय, पंचायतों में जन जागरुकता के लिए प्रदर्शित किया जाएगा।

## वीटीआर की सूरत हुई बदसूरत, पर्यटक स्थलों पर लगा गंदगी का अंबार

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। वीटीआर अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती है।यहां की वादियां और स्वच्छ हवा मन मस्तिष्क को तरोताजा रखती है।लेकिन इनदिनों पर्यटकों की आवक बढ़ गई है जिससे पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है।

पर्यटक अपनी निजी गाड़ियों से वाल्मीकिनगर पहुंचते हैं।इन पर्यटको में स्कूली बच्चों की संख्या ज्यादा होती है।ये बच्चे बसों द्वारा वाल्मीकिनगर पहुंचते हैं।1910 ईसवी चौक स्थित आईबी परिसर,हॉस्पिटल के समीप क्लब ग्राउण्ड, बेलवा घाट,गंडक बराज कंट्रोलरूप के समीप पार्क के आसपास समेत अन्य दूसरे पर्यटक स्थलों पर गंदगी से सूरते हाल खराब है।बतादें की सबसे ज्यादा उन जगहों पर गंदगी का ढेर ज्यादा लगा है जहां स्कूली बच्चों की बसे लगती है।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू हो चुकी है। 15 फरवरी 2025 तक किसानों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जायेगी। 15 जून 2025 तक सीएमआर जमा करने की अवधि निर्धारित है। सारण जिला में धान अधिप्राप्ति हेतु विगत वर्ष के लक्ष्य के आधार पर 113248 एमटी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक 298 किसानों से 2690.40 एमटी धान की अधिप्राप्ति की गई है। इस वर्ष सामान्य धान के लिए 2300 प्रति क्विंटल तथा ग्रेड ए धान के लिये 2320 प्रति क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित है। प्रति रैयत किसान से अधिकतम 250 क्विंटल तथा प्रति गैर रैयत किसान से अधिकतम 100 क्विंटल धान क्रय किया जा सकता है। इस वर्ष अभी तक सारण जिला के 247 पैक्स/नगर पैक्स तथा 11 व्यापार मंडल धान अधिप्राप्ति हेतु चयनित किये गए हैं।

धान अधिप्राप्ति के तहत सीएमआर के लिये 31 राइस मिलों का निबंधन किया गया है। आज जिलाधिकारी अमन समीर ने धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक किया। जिलाधिकारी ने अधिप्राप्ति की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने का निदेश दिया।

सभी पैक्स, मिलर एवं बीसीओ को पूरी तरह से एक्टिवेट करते हुए अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला के लिए प्रतिदिन 1700 एमटी धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। इसे सभी प्रखंडों में समानुपातिक तरीके से बाँट कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रतिदिन के लिये निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी बीसीओ कार्रवाई करेंगे अन्यथा उनसे भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सम्पूर्ण अधिप्राप्ति प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें अन्यथा दोषी पाये जाने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।जो पैक्स अध्यक्ष/प्रबंधक अधिप्राप्ति कार्य में सहयोग नहीं देंगे उनके विरूद्ध भी नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

जिलाधिकारी ने सभी किसान सलाहकारों का भी अधिप्राप्ति कार्य में सक्रिय सहयोग सुनिश्चित कराने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## बगहा में भीषण चोरी ,14 लाख नगदी समेत गहनों की चोरी की हुई वारदात

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार रात जयप्रकाश मिश्रा के घर चोरों ने भीषण चोरी का अंजाम दिया, करीब 14 लाख से अधिक गाने और नगद लाखों की चोरी को घर में रखे करीब 11 लाख रुपए के गहने और 3.5 लाख रुपए नकद पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। दरअसल, परिवार के सभी सदस्य शादी में शामिल होने गए थे और घर में ताला लगा हुआ था। बतादे कि नगर थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हुई है, लेकिन अब तक कोई खुलासा नहीं हुआ है। प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि जब वे मंगलवार सुबह शादी से लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर देखा तो दो कमरों से गहने और नकदी गायब थे। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि यह चोरी रात करीब 11:00 बजे से सुबह 3:00 बजे के बीच हुई है। उनका कहना है कि घटना को अंजाम देने वाला कोई जानकार व्यक्ति हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले में अपराधियों को पकड़ नहीं पाई है। सिद्धार्थ नगर पुलिस ने दावा किया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। बतादें की अब तक जो भी चोरी हुई है सभी एक ही पैटर्न पर हुई है। चोरों के द्वारा सिर्फ अलमीरा को तोड़ा गया है जिसमें गहने और पैसे की चोरी की गई है।

# संगठन पर्व कार्यशाला एवं भाजपा का संगठनात्मक बैठक संपन्न

■ हर हाल में 15 दिसंबर के पहले सभी बुथ अध्यक्षों का चयन एवं गठन पूरा करना है : गुप्ता

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी सारण जिला की आवश्यक बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन जिला के मुख्य कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि एवं सारण जिला संगठन पर्व हेतु प्रभारी भाजपा बिहार प्रदेश के मंत्री संजय गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी की समीक्षा बैठक की जिसमें जिले में चल रहे प्राथमिक सदस्यों एवं सक्रिय सदस्यों की संख्या की समीक्षा की एवं उन्होंने मंडल अध्यक्ष प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता हेतु दिए गए रसीद को यथाशीघ्र जिले में जमा करने का आग्रह किया उन्होंने कार्यशाला एवं संघठात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर हाल में 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधि का चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए पहले सभी बुथ अध्यक्षों का चयन एवं गठन कर लेना आवश्यक है 60% से ज्यादा बूथ के गठन के बाद ही मंडल अध्यक्षों का चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी तथा जिन मंडलों बुथो का गठन कर लिया गया है वहां चुनावी प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी जाएगी बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्यता में भारतीय जनता पार्टी छपरा सारण ने अपने लक्ष्य को लगभग पूरा कर लिया है जिन मंडल अध्यक्षों के पास प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता के रसीद है।

वह यथाशीघ्र जिले में जमा कर दें ताकि उसका प्रकाशन किया जा सके तथा सक्रिय सदस्यता की जांच भी करनी है जांच के बाद उसका प्रकाशन किया जाएगा जिले में सक्रिय सदस्यता की जांच पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद महामंत्री विवेक कुमार सिंह एवं शत्रुघ्न भगत अधिकृत हैं सभी कार्यों में तेजी आए इसके लिए आवश्यक है की रसीद सही समय पर जिले में जमा हो जाए ताकि आगे का प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके बैठक का संचालन जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने किया तथा सदस्यता अभियान का वृत्त महामंत्री शत्रुघन भक्त एवं धर्मेंद्र कुमार साह ने रखा बैठक में मुख्य रूप से विधायक डॉ सीएन गुप्ता, पूर्व विधायक अनुशासन समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू, पूर्व विधायक ज्ञानचंद माझी, किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी ब्रजेश कुमार रमन, पूर्व प्रत्याशी डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक सदस्यता प्रभारी निरंजन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह, जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह,जिला मंत्री रंजन यादव, धीरज सिंह, सहित जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विशेष

# सारण में धूमधाम से डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा । डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता और एक प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्व थे। उनकी जयंती राजकीय समारोह के रूप में मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' जब कोई दूसरी ओर पक्ष विपक्ष के लोगों द्वारा भी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती बड़े ही अदबो एहतराम से मनाया गया '

और उनकी देशभक्ति,संघर्ष और उनकी नीतियों को याद किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद का योगदान न केवल भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण था, बल्कि उनका जीवन भारतीय समाज के लिए एक आदर्श है।

बता दें कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को सारण प्रमंडल अंतर्गत सिवान जिले के जीरादेई गाँव में हुआ था। उनका परिवार साधारण था, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उनकी शिक्षा का प्रारंभ स्थानीय स्कूल से हुआ, फिर उन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से संस्कृत और राजनीति शास्त्र में उच्च शिक्षा प्राप्त की।

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी की शुरूआत महात्मा गांधी के साथ हुई। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने 1916 में असहयोग आंदोलन में भाग लिया और बाद में 1930 के नमक सत्याग्रह और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी महात्मा गांधी का समर्थन किया। उनका योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में त्यंत महत्वपूर्ण था।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उनका कार्यकाल 1950 से 1962 तक रहा, और वे आज भी देश के एकमात्र राष्ट्रपति हैं जिन्होंने दो बार लगातार राष्ट्रपति पद की शपथ ली। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने देश के संविधान को सशक्त करने, लोकतंत्र को मजबूती देने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपने कार्यकाल में भारत के संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में भारत ने एक मजबूत लोकतांत्रिक संस्थान की दिशा में कदम बढ़ाए। उन्होंने राष्ट्रपति पद के अपने कर्तव्यों को हमेशा निष्पक्षता और ईमानदारी से निभाया और किसी भी राजनीतिक दबाव के बिना देशहित में निर्णय लिया।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व सरल और महान था। वे हमेशा विनम्र और प्रौढ़ बने रहते थे। उनका जीवन एक आदर्श जीवन था, जिसमें आत्मनिर्भरता, तपस्या, और संघर्ष की कहानी छिपी हुई थी। उन्होंने हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग का पालन किया। गांधीजी के प्रति उनकी श्रद्धा और विश्वास गहरी थी, और वे उनके आदर्शों पर चलते थे।

उनकी साधारणता ही उनकी महानता का प्रतीक थी। वे बड़े से बड़े मुद्दों को भी सरल शब्दों में समझाने की क्षमता रखते थे। उनका व्यवहार हमेशा सुलझा हुआ और सबके साथ समान था। राष्ट्रपति पद के अलावा, वे एक अच्छे शिक्षक, लेखक, और समाज सुधारक भी थे। उनकी पुस्तकें और विचार आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद न केवल एक महान नेता थे, बल्कि एक समर्पित शिक्षक और लेखक भी थे। उनका शिक्षा के प्रति गहरा प्रेम था और वे हमेशा युवाओं को प्रेरित करते थे कि वे अपनी शिक्षा को गंभीरता से लें। उन्होंने भारतीय समाज में शिक्षा के महत्व को समझा और हमेशा इस दिशा में काम किया।

उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं, जिनमें उनके विचार और अनुभव व्यक्त होते हैं। उनकी लेखनी में भारतीय संस्कृति, समाज और राजनीति के बारे में गहरी समझ थी। उन्होंने अपनी आत्मकथा भी लिखी, जो आज भी पढ़ी जाती है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनती है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद का विशेष ध्यान भारतीय किसानों और ग्रामीणों की स्थिति को सुधारने पर था। वे मानते थे कि यदि भारत को सही दिशा में आगे बढ़ाना है, तो ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने भारतीय किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाओं का समर्थन किया और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई पहल कीं।

उनके समय में, भारत में हरित क्रांति और कृषि के क्षेत्र में सुधार की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उनका मानना था कि यदि भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में विकास होगा, तो देश का समग्र विकास संभव होगा।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय संस्कृति, धर्म और सभ्यता के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक सशक्त हिंदू विचारक थे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक धरोहर को भी बचाए रखने का कार्य किया। उनका जीवन और कार्य भारतीय समाज के विविध पहलुओं को जोड़ते थे, और वे हमेशा सामूहिकता और एकता का समर्थन करते थे।

# दानापुर मंडल के स्टेशनों पर रेलवे ने चलाया सघन टिकट चेकिंग अभियान

## रेलवे ने बिना टिकट 5858 यात्रियों से पेनाल्टी 2751120 रू. वसूला

प्रातः किरण संवाददाता



दानापुर। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में को मंडल के मेजर स्टेशनों पर एवं ट्रेनों में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्टेशनों से गुजरने वाली सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों में विशेष टिकट चेकिंग दस्ते तैनात कर गहनता से सघन टिकट जांच की गई।

स्टेशनो/ट्रेनो मे जांच के दौरान 5858 बिना टिकट / अनियमित टिकट वाले पाये गये जिनसे पेनाल्टी के तौर पर 2751120/- रुपये राजस्व अर्जित किया गया । दस्ता के रूप मे कार्य करते हुए बक्सर-1 दस्ता ने सर्वाधिक 438 बिना टिकट/अनियमित टिकटधारियों से जुमार्ने के रूप मे 217860 रुपये वसूल किया। इसी प्रकार व्यक्तिगत रूप मे श्री अमितेश कुमार, उप मुख्य टिकट निरीक्षक/पटना जंक्शन, श्री अभिषेक कुमार, वरीय टिकट परीक्षक/दानापुर एवं संतोष कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक/दानापुर ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 125, 124 एवं 106 अनाधिकृत यात्रियों से क्रमशः रुपये 56650, 49730 एवं 30890 जुमार्ना के रूप मे वसूल किए। इस टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप स्टेशन के टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गयी और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए। इस टिकट जांच अभियान में वाणिज्य के अधिकारी एवं कर्मी सहित आरपीएफ एवं जीआरपी कर्मी भी शामिल रहे।

इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेगा । यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। यह दंडनीय है। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।

सघन टिकट जाँच जारी दानापुर मंडल के स्टेशनों पर दिनांक 02.12.2024 को चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 02.12.2024, सोमवार को मंडल के मेजर स्टेशनों पर एवं ट्रेनों में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्टेशनों से गुजरने वाली सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों में विशेष टिकट चेकिंग दस्ते तैनात कर गहनता से सघन टिकट जांच की गई।

स्टेशनो/ट्रेनो मे जांच के दौरान 5858 बिना टिकट / अनियमित टिकट वाले पाये गये जिनसे पेनाल्टी के तौर पर 2751120/- रुपये राजस्व अर्जित किया गया । दस्ता के रूप मे कार्य करते हुए बक्सर-1 दस्ता ने सर्वाधिक 438 बिना टिकट/ अनियमित टिकटधारियों से जुमार्ने के रूप मे 217860 रुपये वसूल किया। इसी प्रकार व्यक्तिगत रूप मे श्री अमितेश कुमार, उप मुख्य टिकट निरीक्षक/पटना जंक्शन, श्री अभिषेक कुमार, वरीय टिकट परीक्षक/दानापुर एवं संतोष कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक/दानापुर ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 125, 124 एवं 106 अनाधिकृत यात्रियों से क्रमशः रुपये 56650, 49730 एवं 30890 जुमार्ना के रूप मे वसूल किए। इस टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप स्टेशन के टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गयी और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए। इस टिकट जांच अभियान में वाणिज्य के अधिकारी एवं कर्मी सहित आरपीएफ एवं जीआरपी कर्मी भी शामिल रहे।

इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेगा । यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें। यह दंडनीय है। सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।

# लघु सिचाई विभाग द्वारा निर्मित कोल्हना टालआहर सिचाई योजना का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

गया। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल- जीवन- हरियाली योजना का लाभ गया जिले के हर क्षेत्रो में अब दिखने लगा है। हर तरफ अब किसान खुश दिख रहे हैं। किसानों को सिंचाई के लिये अब पानी की समस्या दूर हो गयी है। जल जीवन हरियाली अंतर्गत गया जिले में बड़े पैमाने पर विभिन्न अवयवों में कार्य किया जा रहे हैं।जिसका परिणाम है कि पहले के तुलना में अब जल संकट काफी कम हुए हैं साथ ही सिंचाई के साधन भी किसानों को बढ़ रहे हैं। जिससे किसान विभिन्न आहर पोखर तालाब से अपने खेत को सिंचित कर रहे हैं। जल जीवन हरियाली के तहत वर्षा जल का संचयन भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है ताकि वर्षा का पानी बर्बाद नहीं हो सके। वर्ष का पानी को आहार पोखर तालाब के माध्यम से सिंचित,स्टोर,एकत्रित रख सके और सालों भर इस पानी से किसान अपनी जरूरत के हिसाब से खेती में प्रयोग कर सके। इसी कड़ी में आज जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम गया से सुदूरबरती क्षेत्र वजीरगंज प्रखंड क्षेत्र के घुरियावा पंचायत में लघु सिचाई विभाग द्वारा निर्मित कोल्हना टालआहर सिचाई योजना को देखा गया है। यह आहर सिचाई योजना की कुल लंबाई 5.68 किलोमीटर में बना है। इस योजना अंतर्गत कुल 4 आहर बनाये गए हैं। इसके साथ ही पोखर भी साथ साथ निर्माण करवाया गया है जिसका लंबाई 180 मीटर एव 180 मीटर चैड़ाई है। पोखर लगभग 9 एकड़ में फैला हुआ है। इस निर्मित जलायस में 366384.55 घन मीटर पानी का जल संचयन क्षमता बढ़ी है। इस आहर पोखर में एरु ग्राम के पहाड़ से मांगुरा नाला पइन के माध्यम से इस जलाशय में पानी एकत्रित होते हैं। इस क्षेत्र में पहले वर्षा जल जो बर्बाद होते थे। उन वर्षा जल को संरक्षित रखने का एक उत्कृष्ट प्रबंधन केंद्र बना है। इस सिंचाई योजना से दर्जनों गांव लाभान्वित हुए हैं जिसमें मुख्य रूप से कोल्हना, करौना, मुंडीपुर, घुरियावा, ईश्वरपुर, रघुनाथपुर, बैलों शामिल है। इस सिचाई योजना से 600 हेक्टर से अधिक भूमि का सिचाई साधन बढ़े हैं। डीएम ने स्थानीय किसानों से आज बात चीत एव उनसे राय जाना तो ग्रामीणों में काफी उत्साह से बताया कि यह क्षेत्र पहाड़ों से घिरा रहने के कारण यहां पहले वर्षा जल बर्बाद हो जाते थे।

# प्रयास द्वारा महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

प्रातः किरण संवाददाता

गया।अंतराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन अभियान एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन गया के टिकारी प्रखंड अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र शांतिनगर ,खनेटू में एक चौपाल के माध्यम से किया गया है। चौपाल में सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, घरेलू हिंसा,यौन उत्पीड़न तथा लैंगिक भेदभाव एवं सरकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को जानकारी दी गयी है।

महिला एवं बाल विकास निगम गया के ज़िला प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा के लिए इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। वन स्टॉप सेंटर और 181 हेल्पलाइन जो महिलाओं के लिए त्वरित, दीर्घकालीन सहायता और सुरक्षा सेवाओं हेतु कार्य करती है पर चर्चा की गई एवं इनके द्वारा हरी झंडी दिखाकर एक रैली निकाली गयी हैप्रयास जेएसी संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह रोकने के उपाय और इसके दुष्परिणामों को समझाया गया है। इसके साथ हीं सम्बंधित कानून अंतर्गत सजा के बारे में बताया गया कि बाल विवाह में शामिल लोगो को 2 वर्ष की कठोर कारावास और 1 लाख तक जुमार्ना या दोनों से जूझना पड़ता है।उपस्थित सभी को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलवाया गया है।पुलिस के 112 एवं चाइल्डलाइन के 1098 नंबरों से भी अवगत कराया गया है।जिला मिशन समन्वयक डीएच ईडब्लु मिशन शक्ति सुशांत आनंद ने शी पोर्टल के बारे में बताया कि यह एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो महिलाओं के लिए विभिन्न सेवाओं और संसाधनों को प्रदान करता है। यह पोर्टल महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, और सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान करता है। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा महिलाओं के मुद्दों को हल करने और उनके सशक्तिकरण के लिए जिला स्तर पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी गई है।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कंचन माला ,महिला सुपरवाइजर संगीता रानी के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता के साथ सैकड़ो महिलाएं एवं लड़कियां उपस्थित रहीं ।

# बिहार सरकार मंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर विष्णु चरण देकर शुभकामनाएं दी

प्रातः किरण संवाददाता

गया।बिहार के राजस्व भूमि सुधार मंत्री एवं बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के जन्मदिन के शुभ अवसर भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा विष्णु चरण चिन्ह और बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा यह विशेष दिन आपके जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सफलता लेकर आए, ऐसी हमारी मंगल कामना हैआपने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, सेवा और दूरदर्शिता से न केवल बिहार की जनता का विश्वास जीता है, बल्कि प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राजस्व और भूमि सुधार जैसे अहम विभाग की जिम्मेदारी को आप जिस कुशलता और समर्पण से निभा रहे हैं, वह राज्य को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हो रहा है। आपका कर्मठ और सकारात्मक दृष्टिकोण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।आपका जीवन जनसेवा के लिए समर्पित रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में आपने संगठन को सशक्त बनाने और समाज के हर वर्ग को एकजुट करने का जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। आपकी नेतृत्व क्षमता और संवेदनशीलता पार्टी और समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक रही है। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और सुदृढ़ नेतृत्व प्रदान करें। आप इसी प्रकार समाज और राज्य के हित में कार्य करते रहें और बिहार को विकास के नए पथ पर अग्रसर करें।

आपके उज्ज्वल भविष्य और सुखद जीवन की कामना के साथ, एक बार पुनः जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं! जन्मदिन और बधाई शुभकामना देने वालों मे धीरज गुप्ता,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह सुनील बंबईया दीपक पांडे महेशयादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता विजयप्रसाद उर्फ काला नाग आदि।

# 98.1 प्रतिशत एडवाइजर्स ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के मोबाइल ऐप का उपयोग कर प्राप्त किया कमीशन



पटना । आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइजर्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइजर्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है। कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइजर्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइजर्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है। यह मोबाइल ऐप एजेंट्स के लिए चलते-फिरते कार्यालय की तरह काम करता है, जिससे वे प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नए व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। आईप्रू एज रीयल-टाइम केवाईसी ऑथेंटिकेशन की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी ओसीआर टेक्नोलॉजी ग्राहकों को पेपरलेस खरीदारी का अनुभव देती है। यह छोटे शहरों और गांवों में काम करने वाले एजेंट्स के लिए बहुत उपयोगी है।वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में, कंपनी ने अपने एजेंसी चैनल से रिटेल वेटेज प्रीमियम में साल-दर-साल 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो ऐप द्वारा प्रदान की गई सुविधा को दशार्ता है।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, श्री दिनेश टाक ने कहा, हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है। इसके अलावा, आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एडवाइजर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। इन पहलों ने हमें देश का सबसे एडवाइजर-फ्रेंडली लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर बनने में मदद की है।हमने तकनीकी समाधान भी लागू किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में सेविंग्स बिजनेस सेगमेंट की लगभग 50 प्रतिशत पॉलिसी दिन जारी की गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### आदर्श कन्या मध्य विद्यालय में डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जंयती मनाई गई

प्रातः किरण संवाददाता

गया।संविधान सभा के अध्यक्ष राष्ट्र के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जयंती पर कोंच प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ रमन कुमार, आदर्श कन्या मध्य विद्यालय कोंच डीहगया के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ राजेन्द्र प्रसाद के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रभारी श्रवण शाणिडल्य एवं शिक्षक गण उपिस्थति थे।

### कुर्था पुलिस ने तीन वारंटी को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

कुर्था (अरवल) अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो में छापेमारी अभियान चलाकर एक वारंटी व दो एनबीब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। इस बाबत कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अरवल एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे छापामारी अभियान के तहत चमंडी गांव से एनबीब्ल्यू वारंटी राम लखन सिंह उर्फ नन्हक सिंह व मदन सिंह को गिरफ्तार किया गया जबकि कुर्था थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी संतोष कुमार उर्फ गुड्डू को कुर्था थाना कांड संख्या 110 / 2021 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा पीएसआई चंद्रदेव महतो समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में दी गई कानून की जानकारी

अरवल। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार एवं सचिव रंजीत कुमार के निर्देश पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय अरवल के प्रांगण में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित बच्चियों को नालसा के हेल्पलाइन से संबंधित एवं छात्राओं से संबंधित कानून की जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता डॉ राजेश चंद्रा ने उपस्थित छात्राओं को अपने हक के लिए आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप लड़कियों को डरने की जरूरत नहीं है। आप अपने हर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं, मदद के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार आपके लिए सदैव तैयार है। हर तरह की सहायता के लिए आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन कर सकते हैं।

वन स्टॉप सेंटर द्वारा बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

# महिला हिंसा,यौन उत्पीड़न उन्मूलन के लिए जागरूक किया जा रहा है: आरती कुमारी




प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के नेतृत्व में बाल विवाह उन्मूलन व महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा के तहत सभी प्रखंड स्तर पर जिला परियोजना प्रबंधक महिला एवं बाल विकास निगम,वन स्टॉप सेंटर, पंचायत, आंगनबाड़ी सेंटर, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन तथा कुछ एन जी ओ के माध्यम से इस अभियान को विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करके इस अभियान को पुर्ण रुप से सफल करके गया जिला के साथ साथ पुरे भारतवर्ष को बाल विवाह मुक्त और महिला हिंसा मुक्त भारत देश का निर्माण करना है।

वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी ने बताया कि जिला समाहरणालय में स्थित वन स्टॉप सेंटर, गया में 50-100 की संख्या में प्रतिदिन आने वाले आम जनता की काउंसलिंग के साथ साथ बाल विवाह उन्मूलन और महिला हिंसा उन्मूलन और के लिए जागरूक किया जा रहा है।

आज वन स्टॉप सेंटर के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

जिसमें बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न आदि से संबंधित मामले पर प्रकाश डाला गया और नारेबाजी के साथ आम जनता को जागरूक किया गया है।

इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी,केस वर्कर अर्चना सिन्हा,जी एन एम रीता कुमारी, समाहरणालय के कर्मीगण तथा आम जनता उपस्थित थे।

# जिला कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति जताया आभार



प्रातः किरण संवाददाता

गया।अखिल भारतीय कॉग्रेस कमिटी के निदेशार्नुसार, बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के लोकप्रिय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा अनुमोदित गया जिला कॉग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों ने इनके प्रति आभार प्रकट किया है।गया जिला कॉग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा, बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, रामाश्रय सिंह,युगल किशोर सिंह, दामोदर गोस्वामी, विद्या शर्मा, जगदीश प्रसाद यादव, देविका सरयार मिश्र,अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव,टिंकू गिरी, नवीन कुमार, अमरजीत कुमार, सय्यार,विपिन बिहारी सिन्हा, श्रीकांत शर्मा, आदि ने कहा कि बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के लोकप्रिय, जनप्रिय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने बिहार के सभी जिलों में जिला कमिटी की बेहतर टीम गठित कर पार्टी को सम्पूर्ण बिहार में सशक्त और धारदार बनाने का जो काम शौपा है, उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ जिलों के पदाधिकारियों को करना है। नेताओ ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व ममें पार्टी प्रदेश में अपने पुरानी गौरव को फिर से प्राप्त करने हेतु दिन-रात प्रयत्नशील है नेताओ ने कहा कि गया जिला कॉग्रेस कमिटी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला के सभी 270प्रखंडों, 332 ग्राम पंचायतों एवं 3245 बूथों पर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

# पंजाब में होने वाले सेस्टोबॉल चैंपियनशिप में खिलाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया:एसपी

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। राष्ट्रीय स्तर पर सेस्टो बॉल चैंपियनशिप 5 दिसंबर से लेकर 8 दिसंबर तक होने वाली है जो कि स्थान पंजाब में सुमन सिंह उधम वाला स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर अरवल पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील एवं समाजसेवी विक्रम सिंह एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।वहीं पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को बताया कि यह खेल बहुत ही लोक प्रियए खेल हैं खेल से बच्चों का भविष्य नहीं तनय ही मन भी स्वस्त रहता हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा खिलाड़ियों को स्वागत किया गया । धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे जिले के लिए खुशी की बात है की हमारे जिले के खिलाड़ी देश और विदेश में अरवल जिला का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं मैं उन खिलाड़ियों को जितना बधाई दूंगा उतना ही मेरे लिए कम होगा। वहीं समाजसेवी विक्रम सिंह ने बच्चों को बताया कि हमारे छोटी से जिला में पूरे बिहार को लीड कर रहा पंजाब में सिस्टो बॉल खेलने जा रहे हैं हमारे लिए नहीं हमारे पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है कि एक छोटी सी जिला पूरे बिहार का लीड कर रहा है ।

# नगर निगम सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवांत लाभ का भुगतान कर रहा है कैंप मोड में




प्रातः किरण संवाददाता

गया। नगर निगम में स्थापना संबंधित एक मुख्य समस्या थी सभी सेवा निवृत कर्मियों के सेवांत लाभ के भुगतान की। बकाया सेवांत लाभ के भुगतान से संबंधित शिकायत लेकर आए दिन निगम के कर्मी नगर आयुक्त से मुलाकात करते थे। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि 15 दिसंबर तक पिछले तीन साल 2020 से 2022 तक के सभी लंबित सेवा भुगतानों की स्वीकृति हो जानी चाहिए। 2022 तक लंबित भुगतान के स्वीकृति के पश्चात 2023 एवं 2024 का भुगतान किया जाना है। इसपर उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया गया कि कैंप मोड में लेखा शाखा एवं स्थापना शाखा के साथ समीक्षा करते हुए लंबित भुगतानों को निष्पादन कराएंगे।

आज सोमवार को गया नगर निगम के वर्ष 2020 तक के सभी सेवानिवृत कर्मियों के सेवांत लाभ का भुगतान उनके खाता में करने की स्वीकृति नगर आयुक्त द्वारा दी गई है। वर्ष 21 एवं 22 में सेवानिवृत हुए कर्मियों को दो सप्ताह के अंदर उनके सेवांत लाभ का भुगतान कर दिया जाएगा। उसके पश्चात 2023 एवं 2024 के कर्मियों के सेवांत लाभ का भुगतान किया जायेगा।

# देशरत्न व भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती मनाई गई

प्रातः किरण संवाददाता




गया। गया जिला कॉग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कॉग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में देशरत्न भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई है।

डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण के पाश्चात्य उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह ने किया है।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संविधान सभा के अध्यक्ष, देशरत्न , भारतरत्न देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को अपनी मातृभूमि बिहार और खास कर गया से उनका काफी लगाव था।

आज हम गया जिला के कॉग्रेसजन अपने आप को गौरवांवित होते हैं कि गया जिला कॉग्रेस कमिटी कार्यालय का नामकरण 1934 में राजेंद्र बाबू के नाम से राजेंद्र आश्रम रखा गया था।

गया शहर के ब्रांड एंबेसडर टावर चौक में राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा है और इसका भी नाम राजेंद्र टावर है।

इस जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, प्रदीप शर्मा, दामोदर गोस्वामी, शिव नाथ प्रसाद, राम प्रमोद सिंह, शशि कांत सिन्हा अर्जुन प्रसाद, परशुराम कुमार, शिव कुमार चौरसिया, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, आदि ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद का सरल स्वभाव, सादगी, विद्वता की चर्चा आज भी देश से विश्व स्तर तक होती है।

राजेंद्र बाबू भारतीय संविधान के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाने का काम किया था।

# अपहरण के मामले में चार दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे पांच उमेश प्रसाद ने जम्होर थाना कांड संख्या -101/95 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए चार अभियुक्तों को हत्या के इरादे से अपहरण के आरोप में दोषी ठहराया है। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त रामवचन पाल, अनील सिंह, राजेश पासवान और मुनारिक राम को भादंवि धारा 364 ए दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 10 दिसम्बर 2024 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक गुप्तेश्वर सिंह ने 24 अप्रैल 1995 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि महथु में ईट-भट्ठा था। उसका देखभाल लड़का उमेश कुमार करता था एक आदमी आकर बोलता है कि ओबरा थाना के छोटा बाबू बुला रहे हैं। हम अपने लड़के के साथ सरसोली ग्राम पहुंचे तो एक जीप पिछे से आई और अभियुक्तगणों ने दोड़कर हमलोग को पकड़ लिया हाथ पिछे से बांध कर कहा कि आपसे पैसा मांगे थे सो क्यों नहीं दिया, मारपीट करते हुए एक कागज पर लिखकर लिया कि अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर पचास हजार रुपए नहीं दिया तो उमेश कुमार के मौत के जिम्मेदार गुप्तेश्वर सिंह होंगे, गुप्तेश्वर सिंह ने जिसकी लिखित जानकारी ओबरा थाना के दरोगा अरबिंद कुमार को दिया। अधिवक्ता ने आगे बताया कि आज सभी अभियुक्तों को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है,अभियुक्तों पर आरोप गठन 20 अप्रैल 1997 को हुई थी। इस वाद के एक अभियुक्त कपुर धोबी देवरिया का मृत्यु हो गई है और एक अभियुक्त रामवचन सिंह का वाद पृथक चल रहा है।

# प्रथम राष्ट्रपति भारत को एक सशक्त और संगठित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



प्रातः किरण संवाददाता

गया।देश के प्रथम राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा जी ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख सेनानी थे, बल्कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश की लोकतांत्रिक नींव को मजबूती प्रदान की। उनकी सादगी, कर्मठता और राष्ट्रप्रेम आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन सरलता, सेवा और समर्पण का प्रतीक था।

उन्होंने अपने पूरे जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित किया है। उनकी नेतृत्व क्षमता और दूरदृष्टि ने भारत को एक सशक्त और संगठित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने यह भी कहा कि आज के युवाओं को डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों से प्रेरणा ले। श्रद्धा सुमन श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष भाजपा वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह हीरा यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता विजय प्रसाद ऊर्फ काला नाग आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डाक अधीक्षक की बेटी पूनम कुमारी पहले प्रयास में बनी जज

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।डाक प्रमंडल अधीक्षक कि प्रथम बेटी पूनम कुमारी ने जज बनकर शहर के साथ अपने परिवार और पिता का नाम रौशन कर एक मिसाल पेश किया है ।पूनम कुमारी की प्राथमिक शिक्षा शिक्षा आरा के केंद्रीय विद्यालय में हुई है पटना वोमेंस कौलेज से ऑनर्स के डिग्री प्राप्त कर दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी, एलएलएम की डिग्री हासिल की है और पहली प्रयास मे ही सफलता हासिल की है पूनम कुमारी ने इस सफलता पर ईश्वर की असीम कृपा है।

कुमारी ने कहा कि बचपन से ही शोक था गजस्टेड आफिसर बनु,डाक अधीक्षक ने बचपन से हमारा सहयोग किए हैं,हमने कोई कोचिंग नही किया,हमने सेल्फ डिपेंडेंट होकर तयारी कि हू पूनम कुमारी इस सफलता पर बताती है कि मोटिवेशन जरूरी है खुद से जितना पढ़ेंगे ज्ञान जायदा बढ़ेगी सेल्फ स्टडी कर बिना कोचिंग के पूनम ने और सफलता हासिल की है। वही डाक अधीक्षक ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा हमारे गाईडेंस मे रहा है।सभी बच्चों को मेने बारह तक अपने नजर में रखा हू।अभी दिल्ली से पी एच डी कर रही है।शुरू से ही जज बनने का शोक था। लक्ष्य हासिल करना मे कोई दिक्कत नहीं।वही पुनम कुमारी की मां ने कही पढाई बहुत करती थी।

## संक्षिप्त खबरें

### पोक्सो स्पेशल कोर्ट ने सुनाया फैसला

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मीकांत मिश्रा ने हसपुरा थाना कांड संख्या -137/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त दिनेश ठाकुर हसपुरा को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को भादंवि धारा 354ए और 08 पोक्सो एक्ट में तीन -तीन साल की सजा सुनाई है और तीन -तीन हजार रुपए जुमार्ना लगाया है, दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने 01/07/20 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें अभियुक्त पर आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उसके घर में घुसकर नाबालिग लड़कीयों से छेड़छाड़ किया था।

### दिघवारा के सात पंचायतों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ पैक्स चुनाव,मतगणना होगा आज

प्रात: किरण संवाददाता

दिघवारा नगर।प्रखंड क्षेत्र के सात पैक्स में मंगलवार को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ।चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासन की सख्ती के आगे किसी की एक नहीं चली और प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत को वोटरों ने बक्से में कैद कर दिया।प्रखंड के बरुआ,झौवा और कुरैया पंचायतों में चुनाव नहीं हुए वहीं अकिलपुर, हराजी, मानूपुर,आमी, बस्तीजलाल, त्रिलोकचक और शीतलपुर पंचायतों में वोटरों में खासा उत्साह देखा गया।निष्पक्ष,भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव करवाने को लेकर बीडीओ श्री अमरनाथ,सीओ मिट्ठू प्रसाद और थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार समेत कई अन्य पदाधिकारी काफी मुस्तैद दिखे।बूथों के पास पुलिस के जवानों ने वोटरों को छोड़ अन्य किसी को फटकने नहीं दिया।इससे पूर्व मंगलवार की सुबह से ही बूथों पर वोटरों का पहुंचना शुरू हो गया था।धूप खिलने के बाद बूथों पर भीड़ बढ़नी शुरू हुई और हर उम्र के वोटर बूथों की ओर जाते देखे गए।बुजुर्ग व दिव्यांग वोटरों को बूथों तक पहुंचाने के लिए अपनों के कंधे का सहारा मिला जिससे वोट डालने के बाद ऐसे वोटरों को काफी उत्साहित देखा गया।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर 15 दिव्यांगजनों को दिया गया मदद

बेतिया(घनश्याम)। जिला बुनियाद केंद्र बैरिया में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 15 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल, 2 ट्राई साइकिल, 1 व्हील चेयर, 3 वैशाखी का वितरण किया गया। मो0 इस्राफिल, रेनू कुमारी, रेखा देवी, सोनी देवी, बृजेश कुमार आदि बैट्री चालित ट्राई साइकिल पाकर काफी खुश थे। उन्होंने इस बैट्री चालित ट्राई साइकिल का उपयोग अपने रोजगार तथा शिक्षा के क्षेत्र में करने के लिए बताया।इस अवसर पर बच्चों के बीच लेखन, गायन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बालगृह एव फकीरान सिस्टर्स सोसाइटी, बेतिया तथा स्थानीय बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# पर्यटन विभाग के मंच पर स्कूली बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मोहा मन

## शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए पंडाल में उमड़ी दर्शकों की भीड़

प्रात: किरण संवाददात




छपरा कार्यालय।हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में पर्यटन विभाग के मुख्य मंच से मंगलवार को दिवाकालीन कार्यक्रम के तरह सारण जिला के शिक्षा विभाग की ओर से सांस्कृतिक सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थापना शाखा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धनंजय कुमार पासवान एवं समग्र शिक्षा अभियान की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियंका रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिले के पांच सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। मंच से तीन नन्हा कलाकारों ने भी अपनी लाजवाब प्रस्तुति से दर्शकों को दांतों तले अंगुली दबाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,मस्तीचक की नृत्य शिक्षिका आदित्या ने भावपूर्ण कथक नृत्य से कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। उसके बाद राजकीय कृत रघुवीर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,, महदलीचक के संगीत शिक्षक मनोज कुमार सुमन के पुत्र देवांश सुमन ने अद्भुत तबला वादन किया।कार्यक्रम की अगली कड़ी में राजकीयकृत रघुवीर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने झूमर नृत्य की प्रस्तुति की।इसके बाद लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण विद्यालय,छपरा की छात्राओं ने नशामुक्ति पर आधारित नृत्य एवं बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओं अभियान पर आधारित नाटक की प्रस्तुति से दर्शक के दिल पर अमिट छाप छोड़ी।।वही छपरा के ब्रजकिशोर किडेन गार्डन स्कूल के बच्चियों ने दुर्गा स्तुति एवं देशभक्ति गीत पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की।इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय,सोनपुर की छात्राओं ने बाल विवाह अभिशाप पर आधारित नाटक के अलावे नृत्य की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के दौरान आरबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बारवे, परसौना की संगीत शिक्षिका राखी कुमारी की सुपुत्री वैष्णवी कुमारी एवं जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय,परसौना के संगीत शिक्षक रिशु रौशन ने अपनी गायिकी से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।इस मौके पर शिक्षा विभाग के मीडिया समन्वयक डॉ.अजय कुमार एवं मीडिया सहायक विवेक कुमार श्रीवास्तव के साथ रणधीर कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने सभी विद्यालय के छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। पूरे कार्यक्रम का संयोजन आरबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बारवें,परसौना,परसा के वरिष्ठ शिक्षक मानवेंद्र कुमार सिंह ने किया। जबकि संचालन जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय,परसौना के संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक देवानंद ठाकुर,राजेश चंद्र मिश्रा,मनोज कुमार सुमन,हरिशंकर वर्मा,सुरजीत सिंह,राकेश कुमार,अजय कुमार राम,अमित रंजन,आदर्श अमन,सुजीत कुमार,नृत्य शिक्षक बक्शी विकास,संगीत शिक्षिका मीना सिंह,रीना कुमारी,ज्योत्सना,राखी कुमारी,नृत्य शिक्षिका आदित्या आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# 11 पंचायतों में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण हुआ संपन्न



प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज।सदर क्षेत्र के निर्विरोध घोषित 7 पंचायतों के बाद मंगलवार को 11 पंचायतों में पैक्स चुनाव की वोटिंग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों पर प्रशासनिक व्यवस्था में तैनात कर्मी और पुलिस बल के जवान मुस्तैदी से तैनात रहे।

दिन के तीन बजे तक मतदान का प्रतिशत 44 प्रतिशत रहा।

सदर बीडीओ विनोद आनंद ने बताया कि देर शाम तक मतदान का प्रतिशत 50 के पार होने की संभावना है, हालांकि रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। गिनती कल प्रखंड मुख्यालय स्थित आर सेंटी भवन में की जाएगी।

गौरतलब हो कि सदर के कुल 21 पंचायतों में से 11 पंचायतों में पैक्स का मतदान हुआ, जिनमें तेनुआ, पूर्वी तेलपा, शेरपुर, विष्णुपुरा, भैरोपुर निजामत, चिरांद, जलालपुर, डूमरी, मुसेपुर, रायपुर बिंदगावा और बड़हरा महाजी पंचायतें शामिल हैं। वहीं, जिन 7 पंचायतों में प्रत्याशी निर्विरोध घोषित किए गए, उनमें नैनी, मौना, करिंगा, बदलू टोला, खलपुरा बाला, महराजगंज और कोटवापट्टी रामपुर जैसी पंचायतें शामिल हैं।

## सुपौल-सरायगढ़-निर्मली-झंझारपुर-सकरी-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते सहरसा से आनंद विहार के लिए मध्य गरीब रथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर । यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सुपौल-सरायगढ़-निर्मली- झंझारपुर-सकरी-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते सहरसा और आनंद विहार के मध्य 05577/05578 स्पेशल गरीबरथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे ।


गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-आनंद विहार गरीबरथ स्पेशल दिनांक 04.12.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर) सहरसा से 20.00 बजे प्रस्थान कर 20.20 बजे गढ़बरूआरी, 21.45 बजे सुपौल, 21.15 बजे सरायगढ़, 22.00 बजे निर्मली, 22.13 बजे घोघरडीहा, 22.35 बजे झंझारपुर, 23.00 बजे सकरी, 23.35 बजे दरभंगा रूकते हुए अगले दिन 00.45 बजे जनकपुर रोड, 01.30 बजे सीतामढ़ी, 20.10 बजे बैरगनिया, 03.15 रक्सौल, 04.20 बजे नरकटियागंज, 05.00 बजे बगहा रूकते हुए तीसरे दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी संख्या 05578 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल दिनांक 06.12.2024 से 02.01.2025 तक तक सप्ताह में पांच दिन (शनिवार एवं सोमवार को छोड़कर)

आनंद विहार से 05.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे नरकटियागंज, 01.10 रक्सौल, 02.00 बजे बैरगनिया, 02.40 बजे सीतामढ़ी, 03.15 बजे जनकपुर रोड, 04.50 बजे दरभंगा, 06.00 बजे सकरी, 06.25 बजे झंझारपुर, 06.45 बजे घोघरडीहा, 08.03 बजे निर्मली, 08.30 बजे सरायगढ़, 09.30 बजे सुपौल, 09.45 बजे गढ़बरूआरी रूकते हुए 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी ।

## गायिका सिमरन श्रुति के सुरों से सजा सोनपुर मेला का मुख्य मंच

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।बिहार की सुप्रसिद्ध युवा गायिका सिमरन श्रुति ने हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में पर्यटन विभाग के मुख्य मंच से दिवाकालीन कार्यक्रम के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुगम संगीत की प्रस्तुति कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। गायिका सिमरन श्रुति ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत पंडित महेंद्र मिश्र की पूर्वी हंसी हंसी बोलेली ललिता विशाखा गीत से की। उसके बाद इन्होंने कृष्ण भजन झूला लगे कदम की डाली,झूले कृष्ण मुरारी की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में गायिका सिमरन ने बिहार गीत धन्य धन्य हमरो बिहार,मोरे सखिया धन्य धन्य भारत देश गाकर खूब तालियां बटोरी।

गायिका सिमरन ने होली गीत बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में होली खेले और अंत में डम डम डम बाजेला बाजेला डम डम डमरुआ भोला के की प्रस्तुति कर दर्शकों को खूब झूमाया। इनके साथ की बोर्ड पर राजन कुमार,ढोलक पर भोला कुमार, तबला पर राजन कुमार और इफेक्ट पर अरविंद कुमार ने शानदार तरीके से संगत कर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम देखने के लिए दर्शकों की भीड़ पंडाल में जमी रही।

### दिव्यांगजन दिवस से संबंधित कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र और छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण



मधेपुरा । मंगलवार को जिला बुनियाद केन्द्र, मधेपुरा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस से संबंधित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, महोदय , मधेपुरा श्री तरनजोत सिंह द्वारा इस अवसर पर आयोजित दिव्यांग छात्र/छात्राओं के बीच चित्रकला, बैलून गैम एवं गायन विधाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया गया एवं 20 (बीस) दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराते हुए हरी झंडी दिखा कर विदा किया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा 63 (तिरेसठ) दिव्यांगजन एवं असहाय व्यक्तियों के बीच ऊनी कम्बल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर निदेशक, डी. आर. डी. ए., मधेपुरा, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मधेपुरा, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मधेपुरा, सहायक निदेशक बाल संरक्षण ईकाई, मधेपुरा, सिविल सर्जन मधेपुरा के प्रतिनिधि डॉ. सचिन कुमार, प्रख्यात समाज सेवी श्रीमति डॉ. शांति यादव, डी. पी. एम. बुनियाद केन्द्र, मधेपुरा के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मधेपुरा एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मधेपुरा तथा बुनियाद केन्द्र, मधेपुरा के सभी कर्मी मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम के मंच का संचालन श्री पृथ्वीराज यदुवंशी द्वारा किया गया।

## बीएनएमयू में छात्र संघ चुनाव की सभी अटकाले हुई साफ 6 साल बाद अब मार्च में होगा छात्र संघ का चुनाव

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा । मधेपुरा में छात्र और छात्र नेताओं के लिए एक अच्छी खबर है। बीएनएमयू में छात्र संघ चुनाव का रास्ता साफ हो गया। 6 साल बाद अब मार्च 2025 में छात्र संघ का चुनाव होगा। जहां विश्विद्यालय प्रसासन तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा छात्रसंघ चुनाव- 2024 के निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि विश्वविद्यालय के स्थापना के 32 वर्ष बीत जाने के बाद यह दूसरा छात्र संघ चुनाव होगा। इससे पहले 2018 में विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव करवाया गया था। विश्वविद्यालय अंतर्गत अंगिभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के साथ स्नातकोत्तर विभागों के विभिन्न संकायों की इकाइयों में होने वाले छात्र संघ चुनाव 2024 की जानकारी देते हुए कुलसचिव प्रो. विपिन कुमार राय ने बताया कि यह चुनाव वर्षों से लंबित था। छात्रों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय के हित में छात्र कल्याण पदाधिकारी सह मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा छात्र संघ चुनाव की तिथि जारी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर 2024 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा और 10 जनवरी 2025 को मतदाता सूची से संबंधित आपत्ति दर्ज होगी साथ हीं 31 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिसके बाद 17 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक नामांकन प्रपत्र भरा जायेगा। वहीं 26 फरवरी 2025 को नामांकन की समीक्षा की जायेगी एवं 27 फरवरी 2025 को प्रत्याशी की सूची का प्रकाशन किया जायेगा। तथा 03 मार्च 2025 को प्रत्याशी से संबंधित आपत्ति / शिकायत प्रक्रिया की निवारण होगी और 04 मार्च 2025 को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गयी है। प्रत्याशियों के अंतिम सूची का प्रकाशन 5 मार्च को किया जायेगा। वहीं 12 मार्च को मतदान और मतगणना की समीक्षा पूर्ण की जायेगी। कुलसाचिव श्री रॉय ने बताया कि महाविद्यालय की प्रारूप मतदाता सूचियाँ महाविद्यालयों के सूचना पट्ट पर प्रकाशित होगी एवं संकायों की प्रारूप मतदाता सूचियाँ सम्बद्ध संकायाध्यक्ष के द्वारा विश्वविद्यालय सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जाएगी। नामांकन प्रपत्र महाविद्यालयों / संकायों के निर्वचन पदाधिकारी के कार्यालय से हस्तगत किया जा सकता है। प्रत्याशी मतदाता सूची सम्बद्ध महाविद्यालय चुनाव कार्यालय / संकायाध्यक्ष चुनाव कार्यालय से निर्धारित मूल्य पर प्राप्त कर सकते हैं।विश्वविद्यालय निर्वाचन कार्यालय / महाविद्यालय निर्वाचन कार्यालय प्रत्येक कार्य दिवस पर 10 बजे पूर्वाहन से 04 बजे अपराहन्‍ तक कार्यरत रहेगा।

### राजद कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष का मनाया धूमधाम से जन्मदिन

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। राजद जिलाध्यक्ष जयकांत यादव का जन्मदिवस सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के घैलाढ़, जागीर, परमानपुर, औराही एवं भतरंधा चौक पर काफी हर्ष के साथ मनाया गया। राजद नेताओं ने इस दिवस को सदभावना दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने कही केक काटकर तो कहीं गरीब बच्चों के बीच कॉपी कलम की वितरण कर खुशियां बांटी। वही राजद कार्यकताओं अंकुश यादव सहित कई कार्यकताओं ने कहा कि जिला अध्यक्ष जयकांत यादव गरीबों, दलितों, अकिलियतों के सच्चे मसीहा हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के पिछड़े तबकों को आगे लाने में बिताया। उनका सामाजिक व राजनीतिक जीवन बहुत ही बेहतर रहा। मधेपुरा में कई सम्मानित पद पर रहकर उन्होंने राजद को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। समाज के दबे-कुचले गरीबों के लिए लगातार सेवा करते आ रहे हैं। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के बीच कॉपी कलम का वितरण किया ।

## राजेंद्र कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मना राजेंद्र जयंती समारोह

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। राजेंद्र कॉलेज, छपरा में परंपरागत गौरव गरिमा के साथ महाविद्यालय के कुलदेवता देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की 140 जयंती परंपरागत गौरव गरिमा के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर (डॉक्टर) परमेंद्र कुमार बाजपेई, माननीय कुलपति जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा ने की।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर पंकज कुमार पूर्व अध्यक्ष राजनीति शास्त्र विभाग इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रयागराज पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश लोकसभा आयोग एवं प्रोफेसर डॉक्टर रत्नेश्वर मिश्रा पूर्व अध्यक्ष इतिहास विभाग ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा व अध्यक्ष मिथिला इतिहास संस्थान दरभंगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास वैभव (भारतीय पुलिस सेवा) विशेष सचिव गृह विभाग बिहार सरकार तथा सम्मानित अतिथि प्रोफेसर (डॉक्टर) नारायण दास, कुलसचिव जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम अभ्यागतों द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थिति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सभी सभागार में पहुंचें जहाँ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात शहर के संगीत साधक राजेश मिश्रा एवं महाविद्यालय की छात्राओं स्नेहा, श्रेया, रूपम एवं शिवानी के द्वारा राजेन्द्र वंदना, कुलगीत और स्वागतगान प्रस्तुत किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया साथ ही डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शैक्षिक, सामाजिक, राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत प्रेरणादायक है।

तत्पश्चात मुख्यवक्ता प्रो. रत्नेश्वर मिश्र मैं अपने वक्तव्य में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को एक श्रद्धावन, विनयशील एवं योग्य व्यक्ति के रूप में निरूपित किया तथा उन्हें अनेक विषयों के ज्ञाता तथा सफल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष के रूप उनके व्यक्तित्व को अत्यंत आदरणीय बताया। इसी क्रम में दूसरे मुख्य वक्ता प्रोफेसर पंकज कुमार ने उनके शैक्षणिक सामाजिक राजनीतिक विभिन्न पहलुओं पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला और उनके कार्यों को महान बताया। इसी क्रम में उन्होंने उन्हें सच्चे गांधीवादी कांग्रेस के संकट मोचन राजनीतिक स्वच्छता संपन्न एवं मानवतावाद्धि धर्म के समर्थन के रूप में आदर्श व्यक्ति बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित विकास वैभव आईजी बिहार सरकार ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के आदर्श व्यक्तित्व के उदाहरण प्रस्तुत किया।

## पैक्स चुनाव में संप्रदायिक रंग डालने के मंसूबे को पुलिस ने किया विफल




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के उदाकिशुनगंज के नगर परिषद रहटा फनहन पैक्स के मदरसा मतदान केंद्र संख्या तीन क ख ग पर मंगलवार को एक प्रत्याशी विशेष के पक्ष में मतदान कराने को लेकर लोगों का आक्रोश भड़क गया। लोग आपस में उलझ गए। मामला संप्रदायिक रंग लेने लगा। वही सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बड़ी सूझबूझ के साथ बिगरते माहौल को नियंत्रित किया। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। उदाकिशुनगंज नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद मिंकी कुमारी के पति जानसन दास पर माहौल बिगाड़ने का आरोप है। आरोप है कि उप मुख्य पार्षद पति अपने साथी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने उक्त मतदान केंद्र पर पहुंचे थे। लोगों का यह भी आरोप है कि उप मुख्य पार्षद पति वहां के वोटर भी नहीं है।जहा संप्रदायिक रूप देकर उनके द्वारा माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। उसके बाद दूसरे पक्ष के लोग उग्र हो गए। दोनों पक्ष की ओर विवाद बढ़ने लगा। माहौल काफी गंभीर हो गया। स्थिति तनावपूर्ण बन गई। लोगों की बड़ी भीड़ जमा हो गए। स्थिति को भांपकर उप मुख्य पार्षद पति वहां से भाग निकले। इस बीच लोगों ने उप मुख्य पार्षद पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बड़ी सूझबूझ के साथ स्थिति को संभाला। जहा मतदान में किसी तरह का व्यवधान नहीं पहुंचा।

## मशरक निरंकारी भवन मे हुआ आदर्श विवाह, साक्षी बने हजारो सतसंगी

प्रात: किरण संवाददाता



मशरक। मशरक बड़हिया टोला स्थित निरंकारी सत्संग भवन परिसर मे भव्य सत्संग समारोह में दो निरंकारी परिवारो के बीच आदर्श विवाह हुआ। इस विवाह के साक्षी बने हजारो निरंकारी सतसंगी द्वारा पुष्प की वर्षा कर वर वधु को आशिष दिया गया और इसे ब्रह्म विवाह बताया गया।वही बिना दहेज की शादी करने का संकल्प लेकर निरंकारियो द्वारा समाज को आदर्श विवाह करने का संदेश दिया गया। और ऐसे विवाह के बाद प्रेम के साथ टीकाऊ संबंध होने की बात कही गयी। भव्य सत्संग समारोह में पानापुर के सतजोड़ा आशा खैरा गांव के त्रिलोकी शर्मा के पुत्र धुरेन्द्र शर्मा और मशरक सियरभुक्का गांव के मैनेजर शर्मा की पुत्री अंजली शर्मा परिणय सुत्र मे बंधे। इस अवसर पर आयोजित सत्संग मे गुरूगद्दी पर विराजमान पटना के जोनल इंचार्ज नवल किशोर जी ने प्रेम प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन का उद्देश्य यही है कि प्रेम से पूरे सामाज और देश को एकजुट करे। कई प्रसंगो के माध्यम से निरंकारी मिशन के उद्देश्यो को बताया गया। मशरक के मुखी शिवनारायण सिंह ने कहा कि पहले आप, पहले आप मे ही परमात्मा से मिलन मे देरी होती है और अहंकार आने पर परमात्मा दूर हो जाते है। वही पानापुर के रामचंद्र राय, गरखा के शंकर राय, बसंतपुर की उर्मिला जी सहित दर्जनो लोगो ने अपने विचार दिए। मौके पर सेवादल संचालक अजय कुमार, बसंत राय, डॉ सचिन, संत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### चौसा में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ मतगणना 11 पैक्स अध्यक्ष को दिया गया प्रमाण पत्र

मधेपुरा। जिले के चौसा प्रखण्ड में चौथे चरण के पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पद के लिए चुनाव को लेकर सोमवार को देर शाम शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना संपन्न हो गई।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ब्रजेश कुमार दीपक ने बताया कि 11 पैक्स अध्यक्ष एवं 9 सदस्य पद के चुनाव को लेकर मतगणना सुबह 8 से ही शुरू हो गई थी। करी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुई मतगणना में जीत हासिल किए विभिन्न पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अभ्यर्थियों का नाम घोषित कर किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। चौसा पूर्वी पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुशांत प्रियदर्शी, अरजपुर पूर्वी पंचायत में महेंद्र मंडल, अरजपुर पश्चमी पंचायत में नूतन कुमारी, लौआलगान पूर्वी पंचायत में सुनील साह, लौआलगान पश्चिमी पंचायत में रंजीत कुमार सिंह, पैना पंचायत में मो फरियाद, मोरसंडा पंचायत में अमरज्योति आदि को दिया गया ।

# पौधे सीधे किए जाते हैं, पेड़ नहीं: डॉ बीकेएस संजय

- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सेवा सोसाइटी ने सम्मानित
- दिव्यांगों को अनुकूल वातावरण की अत्यंत आवश्यकता: पद्म डॉ. संजय

प्रात: किरण संवाददाता




पटना/ देहरादून । अन्तर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर संजय ऑथोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेंटर और सेवा सोसाइटी के सहयोग से दिव्यांगता के ऊपर एक संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं निःशुल्क ऑथोपीडिक परामर्श शिविर का आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पद्म श्री डॉ. आर. के. जैन, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग, उत्तराखण्ड, विशिष्ट अतिथि पद्म कल्याण सिंह रावत, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. एन. जैना, आयुवेर्दाचार्य डॉ. महेन्द्र राणा, वरिष्ठ ऑथोपीडिक सर्जन डॉ. जे. पी. नवानी, समाजसेवी श्री देवेन्द्र पाल सिंह मोन्टी, पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय, ऑथोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय, डॉ. सुजाता संजय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेंटर एवं सेवा सोसाइटी के सहयोग से दक्ष दिव्यांग खिलाड़ियों, नीरजा गोयल, राजेन्द्र सिंह तनवर, राजेश वर्मा, विशाल गोयल, मन्नू सिंह, मनोज परमार, धनवीर सिंह भण्डारी, अमित कुमार, नवीन कुमार एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाऐं, एन.आई. वी.एच., मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन, इनर व्हील क्लब, लायंस क्लब, चशायर होम, बजाज लर्निंग, सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसायटी मसूरी इत्यादि को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया।

पद्म श्री डॉ. संजय ने कहा कि दिव्यांगता जितने ज्यादा समय रहती है उसका प्रभाव आनुपातिक रूप से बढ़ता रहता है। सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों और समाज को किसी भी प्रकार की दिव्यांगता को रोकने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी कारण से हुई विकृति और दिव्यांगता को जल्द से जल्द ठीक किया जाना चाहिए। इसलिए हम लोग हमेशा रोगी को विकृति और रोगी के परिवार के सदस्यों को सलाह देते हैं कि यदि सर्जरी की आवश्यकता है, तो इसे जल्द से जल्द किया जाना चाहिए क्योंकि पौधे सीधे किए जाते हैं, पेड़ नहीं। डॉ. गौरव संजय ने अतिथियों का स्वागत किया, उनका आभार व्यक्त किया और अपने संबोधन में बताया कि कई दशकों पहले सी.पी., पोलियो, ऑथोपीडिक दिव्यांगता के मुख्य कारण थे पर आज सड़क दुर्घटनाएं दिव्यांगता के मुख्य कारण बन गई है। भारत 27 मार्च 2014 से पोलियो मुक्त है। जिससे कोई नये मामले तो सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन पोलियो के लाखों पुराने मामले हैं और इसी तरह से सी.पी. के रोगी राष्ट्र के लिए बड़ी सामाजिक और अन्य समस्याऐं पैदा कर रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म श्री डॉ. आर. के. जैन ने कहा कि आनुवांशिक दिव्यांगता को कम नहीं किया जा सकता पर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली विकलांगता को तो कम किया जा सकता है। पूर्व आई.ए.एस. डॉ. आनंद एस. खुल्लर ने कहा कि सर्जरी के माध्यम से डॉ. संजय और उनका संस्थान अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मेरा सभी से अनुरोध है कि दिव्यांग व्यक्तियों को भी समान रूप से देखें और उनको समान अवसर प्रदान करें।

# हैदराबाद के खिलाफ तीन अंक बटोरकर फॉर्म बरकरार रखना चाहेगी एफसी गोवा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद एफसी अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में अपनी दो पिछली हार का सिलसिला तोड़ना चाहेगी, जब वो बुधवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मैनोलो मार्कुएज की एफसी गोवा से भिड़ेगी।

मार्कुएज ने 2021-22 में हैदराबाद एफसी को आईएसएल कप जिताया था और फिर गोवा में गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए गौर्स के साथ जुड़ गए। एफसी गोवा नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है।

एफसी गोवा ने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया था जबकि हैदराबाद एफसी को आइलैंडर्स के हाथों 0-1 से हारी थी।

इस सीजन में हैदराबाद एफसी अपने घरेलू स्टेडियम में खेले सभी तीनों मैचों में हारी है। हैदराबाद ने अब तक सेट पीस से तीन गोल खाए हैं, जो सभी टीमों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इसके उलट, एफसी गोवा ने अब तक कॉर्नर से एक भी गोल नहीं खाया है।

गोवा ने इस सीजन में प्रति मैच 161.1 फॉरवर्ड पास किए हैं जो हैदराबाद एफसी के 141.9 पासों से लगभग 19 अधिक है।




अब तक उनके 17 गोलों से पता चलता है कि वे ऐसा करने में भी सफल रहे हैं।

गोवा ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो मैच क्लीन शीट रखते हुए जीते हैं। अगर वे कल जीतते हैं, तो यह लीग में हैदराबाद के खिलाफ उनकी सबसे लंबी जीत का सिलसिला होगा।

हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो को उम्मीद है कि एफसी गोवा के खिलाफ उनकी टीम अपने आक्रामक प्रदर्शन में सुधार करके माकूल परिणाम हासिल करेगी।

उन्होंने कहा, मैं आंकड़ों का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि लेकिन आंकड़े बताते हैं कि मोहम्मडन और केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेलते समय विपक्षी बॉक्स में हमारी एंट्री बहुत अधिक थी। यह दर्शाता है कि हमें गेंद को विपक्षी बॉक्स में अधिक से अधिक रखना होगा। हमारे पास रचनात्मक और तेज-तर्रार खिलाड़ी हैं, जो मौके बना सकते हैं और टारगेट पर शॉट ले सकते हैं; कल यही लक्ष्य होगा।

एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने गौर्स को आगाह किया कि वो हालिया जीतों से उत्साहित न हों, बल्कि एक समय में एक मैच पर ध्यान दें, ताकि जीतने की संभावनाएं अधिकतम हो सकें।

उन्होंने कहा, जब आप लगातार जीतते हैं, तो लोग आपको सर्वश्रेष्ठ कहते हैं, और जब आप लगातार हारते हैं, तो 'घर जाओ, अपने देश वापस जाओ' के नारे लगते हैं। यही फुटबॉल है, हम जीतने पर बहक नहीं सकते और हारने पर निराश नहीं हो सकते। हम लगातार नौ अंक लेकर अच्छी स्थिति में हैं। यह बेहद प्रतिस्पर्धी लीग है, लेकिन हमें आगे बढ़ते रहना है, एकाग्रता के साथ तैयारी करनी है।

बता दें कि ये दोनों टीमें आईएसएल में 10 बार भिड़ी हैं, जिनमें एफसी गोवा और हैदराबाद एफसी क्रमशः पांच और तीन बार जीती हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

### आईपीएल 2025 नीलामी में किया नजरअंदाज

# अब छह दिनों में उर्विल पटेल ने दूसरी बार ठोका तेज तर्रार शतक

**हैदराबाद (एजेंसी)।** गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने मंगलवार को एमराल्ड हाई स्कूल ग्राउंड पर उत्तराखंड के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महज छह दिनों में अपना दूसरा टी20 शतक जड़ा। पटेल ने 36 गेंदों में शतक जड़कर गुजरात को महज 13.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिलाई। पटेल के शतक ने उन्हें टी20 क्रिकेट के इतिहास में 40 से कम गेंदों में दो शतक जड़ने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। यह उपलब्धि पिछले हफ्ते त्रिपुरा के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए उनके रिकॉर्ड-तोड़ 28 गेंदों के शतक के तुरंत बाद आई है।



183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पटेल ने जबरदस्त हमला किया और महज 41 गेंदों पर 115 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 8 चौके और 11 गगनचुंबी छक्के शामिल थे जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। उनके आक्रामक खेल ने गुजरात को 41 गेंदें शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल करने में मदद की।

इससे पहले के मैच में पटेल ने 156 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंदों पर नाबाद 113 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में 12 छक्के और सात चौके शामिल थे, जिससे गुजरात ने मात्र 10.2 ओवर में जीत हासिल कर ली। 28 गेंदों में उनका शतक टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक था, और उस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 322.86 था, जो एस्टोनिया के साहिल चौहान के बाद दूसरे स्थान पर है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में 27 गेंदों पर शतक बनाया था।

पटेल का तेजी से रन बनाने का शौक नया नहीं है। अपने पहले 28 गेंदों के टी20 शतक से ठीक एक साल पहले उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ सिर्फ 41 गेंदों में भारतीय क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज लिस्ट ए शतक बनाया था। 26 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल 2023 सीजन के लिए गुजरात टाइटन्स टीम का हिस्सा थे, जिन्हें 20 लाख रुपए में खरीदा गया था। हालांकि अपने धमाकेदार प्रदर्शन के बावजूद, पटेल को आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले फ्रैंचाइजी ने रिलीज कर दिया था। उन्होंने आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में 30 लाख रुपए के बेस प्राइस के साथ प्रवेश किया लेकिन अनसोल्ड रहे।

# दुल्हन बनेंगी पीवी सिंधू

## बैडमिंटन के लिए बहन की शादी तक में नहीं पहुँच पाई थी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की शान बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू इसी महीने 22 तारीख को शादी करने जा रही है। ओलम्पिक खेलों में महिला एकल बैडमिंटन का रजत पदक जीतने वाली वे पहली खिलाड़ी हैं। वह अपनी गेम के प्रति इतनी समर्पित थी कि 17 साल की उम्र में एक बैडिमिंटन टूर्नामेंट के कारण उन्होंने अपनी बहन की शादी तक मिस कर दी थी। सिंधु तब सैयद मोदी इंटरनेशनल इंडिया ग्रां प्री गोल्ड में खेल रही थी। उन्होंने उसी दिन टियर थ्री इवेंट के अपने पहले फाइनल में जगह बनाई थी। सिंधु ने मैच जीतने के बाद कहा था कि हां, मैं उसकी (बहन पी. दिव्या) शादी में शामिल नहीं हो पाऊंगी। अब मैं फाइनल में पहुंच गई हूं, इसलिए मैं खुद को रोक नहीं पा रही हूं। की शनिवार को हैदराबाद में शादी हो रही है। मैं टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करूंगी और उसे तोहफे के तौर पर दूंगी।



**वालीबॉल खेल चुके हैं सिंधू के माता पिता** - सिंधू का जन्म 5 जुलाई 1995 में पेशेवर वॉलीबॉल के खिलाड़ी पी.वी रमण और पी. विजया के घर हुआ। उनके माता-पिता भले ही वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, लेकिन सिंधू ने बैडमिंटन के खेल में रूचि देना पसंद किया। जब वह 8 साल की थी तो उन्होंने 2001 के ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियन बने पुलेला गोपीचंद से प्रभावित होकर बैडमिंटन को अपना करियर चुना।

**2010 में शुरू किया अपना अंतरराष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन करियर** - 2010 में सिंधू ने जूनियर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने करियर की शुरूआत की। उसने कवार्टर फाइनल में पहुंच कर अपनी पहचान और भी मजबूत कर ली। इसके साथ ही सिंधू ने सीनियर टीम में अपनी जगह बना ली। ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिंधू का पहला कदम था। 2013 में सिंधू ने मलेशिया ओपन का खिताब जीता और वो सुर्खियों में आ गई। उसी साल विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। साल के अंत में मकाउ ओपन का खिताब जीता।

**2016 ओलंपिक में किया भारत का नाम रोशन** - रियो ओलंपिक में सिंधू फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं। सारी उम्मीदें सिंधू से थीं। सिंधू ने फैंस को निराश होने का कोई मौका नहीं दिया। फाइनल में स्पेन की दिग्गज कैरोलीना मारिन से कड़े मुकाबले के बाद हार तो मिली लेकिन वो रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। वो ओलंपिक रजत पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी भी बनी थी। पूरे देश में उनका सम्मान हुआ और उम्मीदें अब भी जारी हैं।



**कामयाबी के पीछे है कोच का बड़ा हाथ** - 2001 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले पुलेला गोपीचंद की सफलता को देखकर सिंधू इतना प्रेरित हुई कि आठ साल की उम्र में ही उन्होंने बैंडमिंटन में अपनी रूचि दिखाई। गोपीचंद की वजह से सिंधु ने वॉलीबॉल की बैचमिंटन को चुना। गोपीचंद की बैडमिंटन अकादमी में दाखिल होने के बाद से सिंधू ने अपनी प्रतिभा के दम पर जलवा बिखेरना शुरू कर दिया था।

# ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन पैर की चोट के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फ़ाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूँ। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है।



दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया। उन्होंने सितंबर में हांगकांग ओपन में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और चीन के लेई लांक्सी को हराकर 27 वर्षों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले डेनिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, मैं हांग्जो में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। पांच बार टूर्नामेंट जीतने के बाद और दौरे पर यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक होने के कारण इसे छोड़ना कठिन हो गया है। हालाँकि मेरी पहली प्राथमिकता प्रतिस्पर्धा से पहले 100 प्रतिशत स्वस्थ होना है।

# महिलाओं के पहले दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती



दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया।

महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष जीके महनतेश ने कहा, 'टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।

यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा, 'पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी। भारतीय टीम नेपाल या श्रीलंका में उनके खिलाफ खेलने के लिए जाएगी। पूरे टूर्नामेंट का खर्च हमारा क्रिकेट बोर्ड उठाएगा। हम इन दोनों देशों में से किसी एक में पाकिस्तानी टीम के रहने का पूरा खर्च वहन करेंगे।% सीएबीआई न ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड से और न ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त है।

# एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट से पहले चोटिल हुए स्टीव स्मिथ

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को भारत के खिलाफ एडिलेड ओवल में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। वह मार्नस लाबुशेन से थ्रोडाउन ले रहे थे, तभी उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ देर के लिए उन्होंने बल्लेबाजी करना बंद कर दिया और मार्नस लाबुशेन से बात करते समय काफी दर्द में दिखे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम का एक मेडिकल स्टाफ उनके अंगूठे की जांच के लिए नेट्स में आया और स्मिथ ने अंगूठे की स्थिति का पता लगाने के लिए उसे सावधानी से हिलाया। हालांकि उन्हें ज्यादा तकलीफ नहीं हुई, लेकिन वह उसी समय नेट्स से चले गए। थोड़ी देर बाद स्मिथ वापस आ गए और दूसरे नेट्स में बल्लेबाजी करने लगे, ऐसा लग रहा है कि उन्हें कोई दीर्घकालिक चोट नहीं लगी है, जिससे एडिलेड में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है।

पर्थ में पहले टेस्ट में स्मिथ ने पहली पारी में गोल्डन हुए जबकि दूसरी पारी में 17 रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 295 रनों से हार गई। अगर ऑस्ट्रेलिया को वापसी करने का कोई गंभीर मौका चाहिए तो उसे अपने प्रमुख बल्लेबाज को फॉर्म में रखना होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (2023-25) चक्र के 13 टेस्ट में स्मिथ ने 26 पारियों में सिर्फ 755 रन बनाए हैं, जिसमें 32.82 का औसत है, जिसमें सिर्फ एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है।

### भारत आस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट

# जायसवाल की नजरें सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने पर, ब्रैडमैन की बराबरी करना चाहेंगे कोहली

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए तैयार है। जहां टीम इंडिया जीत दर्ज करते हुए सीरीज में पकड़ मजबूत करना चाहेगी। वहीं भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली महान



सचिन तेंदुलकर और डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलने की कोशिश करेंगे।

22 वर्षीय युवा जायसवाल रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में हैं। साल के अधिकांश समय घरेलू परिस्थितियों में दबदबा बनाए रखने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने पहले टेस्ट के दौरान पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों पर विजय प्राप्त की। इस साल अब तक जयसवाल ने 58.18 की औसत और 72.52 की स्ट्राइक रेट से 1,280 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक और 7 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है।

यह युवा खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष के दौरान किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने के सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने से 282 रन दूर है। 2010 में सचिन ने 14 टेस्ट और 23 पारियों में 78.10 की औसत से 1,562 रन बनाए जिसमें सात शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 था। एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक टेस्ट रन पाकिस्तान के बल्लेबाजी दिग्गज मोहम्मद यूसुफ के नाम हैं जिन्होंने 2006 में 11 मैचों और 19 पारियों में 99.33 की औसत से 1,788 रन बनाए थे। उन्होंने 202 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 9 शतक और तीन अर्द्धशतक बनाए।

दूसरी ओर विराट कोहली ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक शतक दूर हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घर में 10 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं, विराट का एक और शतक उन्हें ब्रैडमैन की बराबरी पर ले आएगे जिन्होंने अपने पूरे करियर में प्रतिद्वंदि इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 शतक बनाए हैं।

- **दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम** - पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर
- **भारतीय टीम** -रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।
- **रिजर्व**- मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, यश दयाल।

# बुमराह एंड कंपनी का सामना करने के लिए तैयार हैं ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज : एलेक्स कैरी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम एकजुट है और उन्हें विश्वास है कि छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि क्रिकेट मैच में उनके बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय आक्रमण का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे।

बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की 295 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज इस मैच में नहीं चल पाए थे जिससे गेंदबाजों पर भी दबाव बढ़ा। कैरी ने कहा, 'वह (बुमराह) निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे बल्लेबाज भी विश्वस्तरीय हैं और हमेशा समाधान निकालने के तरीके ढूंढते हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने उसकी गेंदबाजी का आकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके




पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने जवाबी हमला किया था। कैरी ने कहा, 'हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका ढूंढ लेंगे। भारत पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरा था और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का असंभव लक्ष्य मिलने के बाद जोश हेजलवुड ने मीडिया को अपने बल्लेबाजों से यह पूछने के लिए कहा था कि उन्होंने दूसरी पारी के लिए क्या रणनीति बनाई है। इसके बाद बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच दरार की अफवाहें फैल गई। कैरी ने हालांकि इस तरह की अफवाहों को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का तनाव है।

उन्होंने कहा, 'अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और (एक क्रिकेटर के रूप में) आप शतक बनाने के लिए वहां जाते हैं और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि आप कई बार निराश होते हैं। कैरी ने कहा, 'लेकिन हमारी टीम एकजुट है। हम सभी को बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है और हम सभी बड़े स्कोर बनाने के लिए उत्सुक हैं और मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी ऐसा करने में सफल रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मिस्ट्री हंटर में रनविजय ने देश में डायनासौर की अज्ञात विरासत का खुलासा किया

**मुंबई, एजेंसी।** इस सप्ताह मिस्ट्री हंटर में दर्शकों को भारत के प्रागैतैहासिक काल में जाने का मौका मिल रहा है। डिस्कवरी+ और डिस्कवरी चैनल पर प्रसारित हो रहे इस एपिसोड में इतिहास, विज्ञान और खोज की मदद से इतिहास के वो रहस्य उजागर हो रहे हैं, जब भारतीय उपमहाद्वीप में विशालकाय जीव घूमा करते थे। यह सफर बालासिनोर, गुजरात से शुरू होता है, जहाँ पर पाए गए प्रागैतिहासिक काल के जीवाश्म, डायनासौर के अंडे, और विशाल राजासौरस नर्मदेंसिस भारत के समृद्ध इतिहास की ओर इशारा करते हैं। यह रहस्य तब और ज्यादा रोमांचक हो जाता है, जब रनविजय अरब सागर की गहराईयों में उतरकर शिवा क्रेटर की रिम तलाशते हैं, जो एस्टेरॉयड के हमलों से जुड़ी मानी जाती है, जिन्होंने धरती से डायनासौर का अस्तित्व समाप्त कर दिया था। रनविजय सिंह ने कहा, ''भारत के प्रागैतिहासिक काल की खोज करके मुझे अपने देश के इतिहास के बारे में एक अद्वितीय बात जानने का अवसर मिला। जीवाश्म स्थलों से गुजरते हुए पैलियोंटोलॉजिस्ट्स और विशेषज्ञों की मदद से इस विशालकाय जीव के विलुप्त होने की कहानियों का खुलासा करना बहुत रोचक था। यह देखकर आश्चर्य होता है कि हमारे चारों ओर के इतिहास में कितना कुछ छिपा है। मैं दर्शकों के साथ इन दिलचस्प रहस्यों की खोज करने के लिए उत्सुक हूँ।''

### मानव विज ने कश्मीर के बारे में बताते हुए कहा, 'स्थानीय लोगों के बिना 'तनाव 2' को बनाना संभव नहीं था

**मुंबई, एजेंसी।** 'तनाव 2' अपनी शानदार, एक्शन से भरपूर कहानी के साथ दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिये तैयार है। इस सीरीज में साहस, धोखा, महत्वाकांक्षा, प्यार और बदले जैसे विषयों को ताना-बाना देखने को मिलेगा। जब कबीर और स्पेशल टास्क ग्रुप (एसटीजी) मिलकर बदले की आग में जल रहे अल-दमिश्क के जानलेवा खतरे का सामना करते हैं, तब कश्मीर का भाग्य उन पर निर्भर करता है। लेकिन इस शो में सिर्फ बेहतरीन ड्रामा नहीं, बल्कि कश्मीर की खूबसूरत वादियाँ भी दिखाई पड़ती हैं। इसका कलाकारों पर भी बड़ा असर हुआ है, खासकर मानव विज पर, जोकि इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आकर्षक इलाके में अपनी शूटिंग के वक्त को याद करते हुए, मानव ने बताया कि पूरी शूटिंग के दौरान कश्मीर की मनमोहक सुंदरता ने कैसे प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, ''हर दिन किस्मत के जागने का एहसास होता था और खासकर पहलगाम मेरी पसंदीदा जगह बन गया। उसकी खूबसूरती बेजोड़ है, जिसने मेरे दिल पर गहरी छाप छोड़ी है।''इसके आगे, उन्होंने स्थानीय लोगों के प्यार और मेहमानी की तारीफ की। अपनी शूटिंग के अनुभव को यादगार बनाने में इन लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा, ''स्थानीय लोग बहुत मददगार और स्वागत करने वाले थे। उनके सहयोग के बिना यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट संभव न होता। उनकी उदारता और उत्साह को मैं सलाम करता हूँ।''प्राकृतिक सुंदरता और मेहमानी के अलावा मानव को स्थानीय संस्कृति भी भा गई, खासकर कश्मीर के स्वादिष्ट पकवान।

### नोएडा में लिव इन में रह रही 19 साल की लड़की की मिली लाश, पार्टनर का नहीं चल रहा कोई पता

**नोएडा , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक 19 साल की छात्रा की लाश मिली है। छात्रा नोएडा में ही बीबीए की पढ़ाई कर रही थी। वह उत्तर प्रदेश के बलिया की रहने वाली थी। वहीं इस घटना के बाद मृतका का लिव इन पार्टनर फरार चल रहा है। वह कहां है, इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने बताया कि नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के देवला गांव में मृतका लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से उसका दोस्त (लिव इन पार्टनर) फरार है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सूरजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि देवला गांव में संतोष नामक युवक बलिया की रहने वाली कुमारी अंजलि (19) के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

# सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए: फारूक अब्दुल्ला

### मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए

**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र को देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए और मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''(संभल जैसी घटनाएं) रोकने की जरूरत है। मैं केंद्र सरकार से कहूंगा कि वह (ऐसी हरकतें) रोके, क्योंकि वे (भारत के) मुसलमानों को समुद्र में नहीं फेंक सकते। वे 24 करोड़ मुसलमानों को कहां फेंकेंगे? मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करें, यही हमारा संविधान कहता है। अगर वे संविधान के साथ छेड़छाड़ करेंगे तो भारत कैसे बचेगा।''

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा



कि कोई भी कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, ''कश्मीरी पंडितों को वापस आने से कौन रोक रहा है? हर राजनीतिक दल ने कहा है कि उन्हें वापस आना चाहिए। यह उनका फैसला है कि वे कब वापस आना चाहते हैं। हमारे दिल उनके लिए खुले हैं। जब मैं मुख्यमंत्री था और स्थिति खराब थी, तब भी हमने उन्हें वापस लाने की कोशिश की थी।''

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग पर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम सरकार से इसकी समीक्षा करने को कहेंगे। आरक्षण वंचित वर्गों के लिए है ताकि वे बराबरी के स्तर पर आ सकें।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार ने आरक्षण को युक्तिसंगत बनाने की मांगों पर विचार करने के लिए कैबिनेट की उप-समिति का गठन किया है। केंद्र शासित प्रदेश में आरक्षण की सीमा 70 प्रतिशत तक पहुंच गयी है।

आतंकियों के साथ कथित संबंधों के चलते पिछले सप्ताह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा दो सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किए जाने के बारे में अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार ''हर चीज पर नजर रखेगी और यह पता लगाएगी कि दोनों कर्मचारियों को क्यों बर्खास्त किया गया।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने इजरायल-लेबनान के बीच हुए संघर्ष विराम का स्वागत किया, लेकिन गाजा, सीरिया और ईरान पर हमलों को भी रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यह (संघर्ष विराम) एक बहुत अच्छा कदम है, लेकिन इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से गाजा, सीरिया और ईरान में किए जा रहे हमलों को रोकना जरूरी है, जो आज भी जारी हैं। यह खतरनाक है। तुरंत संघर्ष विराम होना चाहिए।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''आपने (संयुक्त राष्ट्र) सुरक्षा परिषद में बहस देखी होगी। यदि सुरक्षा परिषद के अस्तित्व का कोई उद्देश्य है, तो उसे इजराइल को दिए गए निर्देशों पर काम करना चाहिए। उन्हें संघर्ष विराम लागू करना चाहिए और मानवीय सहायता की अनुमति देनी चाहिए।'' हाल में 'उमराह' यात्रा से लौटे अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने न केवल कश्मीर के लिए बल्कि पूरे मुस्लिम जगत के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, ''आज हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, अल्लाह हमें उनसे मुक्ति दिलाए। अल्लाह हमें सही रास्ते पर ले जाए।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का 14वां दीक्षांत समारोह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में भव्य आयोजन

**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने विजयवाड़ा कैंपस में 14वां वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया। यह खास अवसर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक गर्व का पल बना। इस साल 4,706 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिसमें 166 पीएच.डी. स्कॉलर, 604 पोस्टग्रेजुएट और 3,936 अंडरग्रेजुएट छात्र शामिल थे। मेधावी छात्रों को 42 गोल्ड मेडल और 37 सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। यह आयोजन शैक्षणिक यात्रा के समापन और नए अवसरों की शुरुआत का प्रतीक था। समारोह के मुख्य अतिथि, राम नाथ कोविंद जी, जो भारत के 14वें पूर्व राष्ट्रपति हैं, की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने अपने विचारशील संबोधन में शिक्षा, ईमानदारी और नवाचार की शक्ति को रेखांकित करते हुए छात्रों को निरंतर सीखने और अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति श्री अब्दुल नज़ीर जी, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर श्रीमती सविता कोविंद भी उपस्थित रहीं। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के माननीय चांसलर इंजीनियर कोनेरु सत्यनारायण ने समारोह की अध्यक्षता की और स्नातक छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा,आज आपका शैक्षणिक सफर खत्म नहीं हो रहा, बल्कि यह आपके उस सफर की शुरुआत है, जिसमें आप आने वाले कल की दुनिया के निर्माता बनेंगे। हमारी यूनिवर्सिटी में हम सिर्फ कुशल पेशेवर नहीं, बल्कि ऐसे दूरदर्शी व्यक्तित्व तैयार करते हैं जो चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता रखते हैं।

## नए गुरुग्राम में धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण, एई-जेई पर होगी कार्रवाई; निगमायुक्त ने दिया आदेश

**गुरुग्राम एजेंसी।** नगर निगम गुरुग्राम के जोन-3 और जोन-4 में अवैध निर्माणों के नाम पर खेल चल रहा है। इनफोर्समेंट टीम के जेई-एई अवैध निर्माण करने वालों से मिलीभगत कर इसे बढ़ावा दे रहे हैं। सोमवार को समाधान शिविर में एक शिकायत के बाद इसका खुलासा हुआ। गांव झाड़सा से अवैध निर्माण की एक शिकायत की सुनवाई के दौरान निगमायुक्त ने सहायक अभियंता (एई) एनफोर्समेंट कृष्ण कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए है।

वहीं फोन नहीं उठाने वाले जेई मिलन यादव के खिलाफ भी कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के आदेश दिए। बता दें कि नए गुरुग्राम में धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसको लेकर निगम में रोजाना सैंकड़ों शिकायतें दर्ज हो रही है, लेकिन आरोप है कि इनफोर्समेंट टीम के जेई-एई की मिलीभगत के कारण इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। सोमवार को समाधान शिविर में पहुंचे शिकायतकर्ता राहुल कुमार ने बताया कि उनके पड़ोसी द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है, जिस बारे में वह 10 सितंबर से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई




कार्रवाई नहीं की गई।

इस पर निगमायुक्त ने तुरंत ही टेलीफोन से सहायक अभियंता से बात की और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इससे पहले भी अधिकारी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लग चुके हैं। एक अन्य शिकायत की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि उनके क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता मिलन यादव फोन नहीं उठाते। इस पर निगमायुक्त ने अपने सामने ही फोन करने के लिए महिलाओं से कहा, जिस पर बार-बार फोन करने के बावजूद भी कनिष्ठ अभियंता द्वारा फोन नहीं उठाया।

## छत्तीसगढ़ में अब जनता सीधे चुनेगी मेयर, निकाय चुनाव में ओबीसी कोटे के प्रारूप पर भी फैसला

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में अब जनता सीधे महापौर का चुनाव करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को एक्स पर अपने पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में पर्यटन के मसले पर भी बड़ा फैसला हुआ है। कैबिनेट ने सूबे में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसको उद्योग का दर्जा देने से जुड़े प्रस्ताव पर मुहर लगाई है।

पीटीआई के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार ने सोमवार को नगर निगमों के महापौर और अन्य नगर निकायों के अध्यक्षों के पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को बहाल करने का फैसला लिया। इस फैसले ने पिछली भूपेश बघेल के नेतृत्व



वाली कांग्रेस सरकार के फैसले को पलट दिया है। तत्कालीन बघेल सरकार के फैसले के अनुसार, जनता पार्षदों को चुनती थी। इसके बाद पार्षद अपने बीच से महापौर और अध्यक्षों का चुनाव करते थे। इस प्रणाली का इस्तेमाल राज्य में 2019 में हुए नगर निकाय चुनावों में किया गया था।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान पिछली प्रणाली को बहाल करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा- छत्तीसगढ़ की आवाम अब सीधे मेयर का चुनाव करेगी। सूबे में अब मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। कैबिनेट ने इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने पोस्ट में कहा- 1999 से मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव डायरेक्ट होता था लेकिन 2019 में कांग्रेस सरकार ने अप्रत्यक्ष प्रणाली को अपनाया था। अब कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश 2024 और छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 (प्रत्यक्ष चुनाव और आरक्षण से संबंधित प्रावधान) की विभिन्न धाराओं में संशोधन के संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूरी दी है।

## बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ वैश्विक स्तर पर विरोध तेज, कनाडा में सड़कों पर प्रदर्शन

**टोरंटो, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और पुजारियों की गिरफ्तारी के विरोध की लहर अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैल रही है। इस्कॉन (अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी) ने बताया कि रविवार को दुनिया के 1000 से अधिक मंदिरों में बांग्लादेश में शांति और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।

कनाडा में बसे बांग्लादेशी हिंदुओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। बांग्लादेश प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े चिन्मय दास प्रभु को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया। इसके बाद तीन अन्य हिंदू पुजारियों को भी हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन पुजारियों को दवाएं उपलब्ध कराने तक पर रोक लगा दी गई है।

बांग्लादेश सरकार ने इस्कॉन के 63 ब्रह्मचारियों को वैध भारतीय वीजा और




दस्तावेज होने के बावजूद भारत में प्रवेश करने से रोक दिया। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बांग्लादेशी सीमा पुलिस ने खुफिया विभाग के निर्देशों का हवाला देकर इन्हें रोका।

बेनापोल इमिग्रेशन चेक पोस्ट के प्रभारी इम्तियाज मोहम्मद अहसानुल कादर ने बताया कि इन ब्रह्मचारियों की यात्रा संदिग्ध लगने के कारण उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। इनमें से अधिकांश इस्कॉन के अनुयायी बताए जा रहे हैं। इस घटनाक्रम ने दुनिया भर में धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। कनाडा समेत अन्य देशों में हिंदू समुदाय इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं और बांग्लादेश सरकार से इन घटनाओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

## अमेरिका में भारतीय मूल के फोटोग्राफर पर नस्लीय हमला

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट पर शटल बस में भारतीय मूल के अमेरिकी फोटोग्राफर परवेज तौफीक और उनके परिवार पर नस्लीय हमला किया गया। एक महिला ने तौफीक के परिवार पर नस्लीय टिप्पणी करते हुए कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है... भारतीय पागल हैं। महिला की इस हरकत पर यूनाइटेड एयरलाइन्स ने उसे नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले की शुरुआत तब हुई जब महिला ने तौफीक के बेटे पर नस्लीय टिप्पणी करना शुरू कर दिया। तौफीक ने जैसे ही इसका वीडियो बनाना शुरू किया तो महिला ने मिडिल फिंगर दिखाते हुए चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला ने कहा- तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हें रूल्स की कोई इज्जत नहीं है, तुम्हें लगता है कि तुम हर किसी को धक्का दे सकते हो। तुम लोग पागल हो।

खुद को ही पीड़ित बताने लगी महिला



मामला बिगड़ता देख जब सिक्योरिटी गार्ड्स को बुलाया गया तो महिला खुद को ही पीड़ित बताने लगी। महिला ने कहा- वह (एयरलाइन कर्मचारी) इस बात की परवाह नहीं करती कि मैं नस्लवादी हूं, तुम मेरे लिए नस्लवादी हो, मैं अमेरिकन हूं। तौफीक ने कहा- हम भी अमेरिकन ही हैं। जवाब में महिला कहा- तुम अमेरिकी नहीं हो। ओरिजिनली नहीं। तुम भारत से हो। हालांकि, दूसरे पैसेंजर्स फोटोग्राफर का सपोर्ट किया। तौफीक ने घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- इस वक्त मेरा खून खौल रहा है। मैं इस पर यकीन भी नहीं कर सकता।

## इजराइल में मस्जिदों से स्पीकर हटाए जाएंगे, पुलिस को स्पीकर जब्त करने का आदेश ,विरोधी बोले- इस फैसले से दंगे फैल सकते हैं

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल में मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक लगा दी गई है। रक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने पुलिस को मस्जिदों में लगे स्पीकर जब्त करने और शोर करने पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, पूर्वी यरुशलम और कई दूसरे इलाकों में मस्जिदों से आने वाले तेज शोर की शिकायत की गई है।

स्पीकर बैन की मांग करने वालों का कहना है कि इसकी तेज आवाज से सुबह की नींद में खलल पड़ता है। बेन ग्विर ने पुलिस कमांडरों से कहा- वह जल्द एक बिल पेश करेंगे जो शोर मचाने वाली मस्जिदों पर जुर्माना बढ़ाया जाएगा। इस फैसले के खिलाफ इजराइल में ही विरोध की आवाज उठने लगी है। कुछ शहरों के मेयर ने कहा- हम बेन ग्विर के इस कदम को मुस्लिमों के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई के तौर पर देखते हैं, इससे दंगे फैल सकते हैं। बेन ग्विर पर पुलिस का राजनीतिकरण करने का आरोप अब्राहम इनिशिएटिव्स ऑर्गनाइजेशन, जो इजराइल में यहूदियों और अरबों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए काम करता है, ने भी इसका विरोध किया। संगठन ने कहा- ये पुलिस का



राजनीतिकरण करने की कोशिश है। जबकि देश में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, बेन ग्विर पुलिस का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के तौर पर कर रहे हैं। वहीं, अरब इस्लामिस्ट पार्टी राअम के अध्यक्ष मंसूर अब्बास ने सरकार से अपील की कि वो बेन ग्विर को कंट्रोल करें। वो मुस्लिमों को भड़काने और जवाब देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बेन ग्विर को स्पीकर हटाने के फैसले पर गर्व बेन ग्विर ने चैनल 12 से कहा कि उन्हें मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के अपने फैसले पर गर्व है। ये स्पीकर इजराइली नागरिकों के लिए खतरा बन गए हैं। उन्होंने कहा- ज्यादातर पश्चिमी देश और यहां तक ??कि कुछ अरब देश भी शोर को कंट्रोल रखते हैं और इस मामले पर कई कानून बनाते हैं। इसे सिर्फ इजराइल में ही नजरअंदाज किया जाता है। प्रार्थना करना एक बुनियादी अधिकार है, लेकिन किसी के जान की कीमत पर नहीं। सऊदी और इंडोनेशिया ने भी घटाई स्पीकर की आवाज दुनिया के अलग-अलग देशों में धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान स्पीकर के इस्तेमाल को लेकर अलग-अलग नियम हैं। नीदरलैंड, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और फ्रांस में अजान के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं होता है। कुछ साल पहले सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस (शासक) मोहम्मद बिन सलमान ने सभी मस्जिदों को अजान या अन्य मौकों पर लाउडस्पीकर धीमा करने के आदेश दिए थे। वहीं, बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी 70 हजार मस्जिदों में लाउडस्पीकर की आवाज घटाई गई थी।

## इमरान खान, उनकी पत्नी और 94 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक अदालत ने इमरान खान की पार्टी के समर्थकों द्वारा पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में किए गए प्रदर्शन से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और 93 अन्य के खिलाफ सोमवार को गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने 24 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन के लिए ''अंतिम आह्वान किया था जिसमें उनकी और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनावों में पीटीआई की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग की गई थी। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था। इस्लामाबाद पुलिस ने इस्लामाबाद स्थित



आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) में 96 संदिग्धों की सूची सौंपी, जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं जैसे इमरान खान, बुशरा बीबी, गंडापुर, पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, नेशनल असेंबली के पूर्व अध्यक्ष असद कैसर, पार्टी अध्यक्ष गौहर खान, नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान और कई अन्य नेताओं के नाम शामिल था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129